3 बस्तर संभाग
भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

6 अभिमत
राष्ट्रहित में भाजपा के विदेशी संपर्क

10 संस्कारधानी
मेसर्स सिंगी कंस्ट्रक्शन के काम पर फट पड़े प्रमुख अभियंता...

11 विदेश-व्यापार
अफगानिस्तान में भीषण भूकंप से इमरजेंसी जैसे हालात...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 25 जून 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 304 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज

### सतह से हवा में मार करने वाली छोटी दूरी की मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और नौसेना ने सतह से हवा में मार करने वाली छोटी दूरी की वर्टिकल लांच मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ और नौसेना तथा उद्योग जगत को बधाई देते हुए कहा है कि इससे नौसेना के युद्धपोतों की हवाई खतरों से निपटने में मारक क्षमता बढ़ेगी। यह परीक्षण शुक्रवार को नौसेना के युद्धपोत द्वारा ओडिशा स्थित चांदीपुर परीक्षण रेंज से किया गया।



### कश्मीर में एनआईए ने की कई जगह छापेमारी

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने कई जगह छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनआईए की टीमों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहयोग से बारामूला, अनंतनाग, बांदीपोरा, सोपोर, पुलवामा और श्रीनगर सहित विभिन्न जिलों में छापेमारी की।

### परमेश्वरन अय्यर होंगे नीति आयोग के नए सीईओ

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत इस महीने के अंत में सरकारी थिंक टैंक छोड़ने के लिए तैयार हैं। वे पिछले 6 साल से नीति आयोग का नेतृत्व कर रहे हैं। अब उनकी जगह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के पूर्व सचिव परमेश्वरन अय्यर लेंगे।



# वैज्ञानिक पद्धति से किया जाए नरवा का विकास : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि नरवा विकास योजना के अंतर्गत नालों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के किए जा रहे कार्यों को वैज्ञानिक पद्धति से किया जाए। नरवा विकास के कार्यों के फलस्वरुप जल स्तर में होने वाले सुधार का आंकलन भी वैज्ञानिक पद्धति से रिमोट सेंसिंग सैटलाइट के जरिए किया जाए। प्रदेश में जिन नालों का उपचार किया गया है, उन्हें दर्शाने वाले नक्शा भी तैयार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री अपने निवास कार्यालय में नरवा विकास योजना के अंतर्गत वन क्षेत्रों में कैंपा मद से विभिन्न नालों के उपचार के किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बघेल ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ का सैटेलाइट नक्शा उपलब्ध है, इसमें जहां-जहां फ्रैक्चर है, वहां पर भू जल संवर्धन संरचनाएं तैयार की जानी चाहिए, जिससे जल का भूमि में अच्छे ढंग से रिसाव हो सकेगा। उन्होंने नरवा उपचार के कार्यों से मिट्टी के क्षरण में आ रही कमी का आंकलन करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बघेल ने बैठक में समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना नरवा, गरवा, घुरूवा और बाड़ी से गांव-गांव में रोजगार सहित आर्थिक गतिविधियों को अच्छी गति मिली है। इनमें खासकर जल संचयन तथा जैव और पर्यावरण सुधार में नरवा विकास योजना एक कारगर माध्यम साबित हो रहा है। राज्य में नरवा विकास के चलते नाला के आसपास के इलाको में भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हो रही है। इसके तहत मैदानी क्षेत्रों से भी अधिक वनांचल में नरवा विकास योजना से भू-जल स्तर में 20 से 30 सेंटीमीटर की वृद्धि के साथ उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। इससे वनांचल में वन्य प्राणियों के रहवास में सुधार सहित निस्तारी तथा सिंचाई आदि सुविधाओं का भी लोगों को भरपूर लाभ मिलने लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरवा विकास के कार्यों से वन क्षेत्रों में भूमिगत जल के स्तर में 20 से 30 सेंटीमीटर और मैदानी क्षेत्रों में 7 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। उन्होंने नालों में भू जल संवर्धन संरचनाओं के निर्माण के दौरान वहां की भूमि की किस्म का विशेष रूप से ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। बघेल ने कहा कि रेतीली जगहों में डाइक वाल काफी उपयोगी हो सकती है। उन्होंने भेंट मुलाकात अभियान के दौरान सूरजपुर जिले के भ्रमण का उल्लेख करते हुए कहा कि सूरजपुर में भूमिगत जल का स्तर काफी नीचे है वहां नरवा विकास के कार्य करने की जरूरत है।

# उद्धव ठाकरे ने बागी विधायकों को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में मचे सियासी बवाल के बीच अब शिवसेना चीफ और सीएम उद्धव ठाकरे ने बागी विधायकों को अल्टीमेटम दे दिया है। ठाकरे की तरफ से बागी विधायकों को 24 घंटे का वक्त दिया गया है। बताया गया है कि उद्धव ठाकरे ने अपने करीबी वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत में साफ तौर पर कहा था कि बागी विधायकों के पास 24 घंटे का वक्त है अगर वह वापस आते हैं तो ठीक वरना उनसे किसी तरह की कोई बात नहीं होगी।

वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत में उद्धव ठाकरे ने ये साफ किया कि अगर तय समय में बागी वापस नहीं आते हैं तो इसके बाद ये लड़ाई आर-पार की होगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम हार मानने वाले नहीं हैं। उन्होंने सभी शाखा प्रमुखों को



अपने-अपने इलाके में बैठक करने को कहा है। बता दें कि इससे पहले उद्धव ठाकरे ये साफ कर चुके हैं कि अगर पार्टी नेता चाहें तो वो इस्तीफा दे सकते हैं और पार्टी का पद भी छोड़ने के लिए तैयार हैं। लेकिन इसके लिए नेताओं को उनके सामने आकर ये बात कहनी होगी।

सियासी संकट के बीच अब शिवसेना ने एक अहम बैठक बुलाई है। शिवसेना मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में खुद उद्धव ठाकरे मौजूद रहेंगे।

### एकनाथ शिंदे ने दिखाई ताकत



बागी नेता एकनाथ शिंदे के साथ शिवसेना के तमाम विधायक जा रहे हैं। सभी बागी गुवाहाटी में एक होटल में मौजूद हैं। शिंदे का दावा है कि उनके साथ 50 से ज्यादा विधायक हैं. जिसमें करीब 40 विधायक शिवसेना से हैं. साथ ही 12 निर्दलीय विधायक भी मौजूद हैं। शिंदे के दावे के बाद सरकार गिरना तो लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन शिवसेना के वजूद पर ही सवाल खड़ा हो गया है। शिंदे ये भी दावा कर रहे हैं कि पूरी पार्टी उनके साथ खड़ी है। ऐसे में इस मुसीबत से उद्धव ठाकरे कैसे पार पाते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

## द्रौपदी मुर्मू ने मोदी की मौजूदगी में किया नामांकन पत्र दायर

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अनेक वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में संसद भवन जाकर नामांकन पत्र दायर किया। मुर्मू ठीक साढे बारह बजे संसद भवन में राज्यसभा महासचिव के कार्यालय पहुंची और चार सेट में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दायर किया। इस मौके पर उनके साथ मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री और अनेक केंद्रीय मंत्री तथा राजग के घटक दलों के नेता भी मौजूद थे। बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस तथा कई अन्य दलों के नेता भी मुर्मू के नामांकन के समय उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री सिंह और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्यों के नाम पहले सेट में प्रस्तावक के तौर पर दर्ज हैं। नामांकन पत्र दायर करने से पहले संसद भवन स्थित पुस्तकालय भवन में पहुंची श्रीमती मुर्मू के साथ अन्य नेताओं ने नामांकन पत्र से संबंधित दस्तावेजी औपचारिकताओं को पूरा किया।



## सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगे में मोदी को एसआईटी की क्लीन चिट को जायज ठहराया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में प्रधानमंत्री (गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री) नरेंद्र मोदी को विशेष जांच दल (एसआईटी) की ओर से दी गई 'क्लीन चिट' को शुक्रवार को सही ठहराया। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ ने क्लीन चिट बरकरार रखने का फैसला फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति खानविलकर की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ दंगे में गुलबर्ग सोसायटी में मारे गए कांग्रेस के पूर्व सांसद ईशान जाफरी की पत्नी जाकिया जाफरी की उस याचिका को खारिज कर दी, जिसमें एसआईटी द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद दिसंबर 2021 को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जाकिया जाफरी ने गुजरात उच्च न्यायालय के 2017 के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें एसआईटी की क्लोजर रिपोर्ट को संबंधित मजिस्ट्रेट द्वारा स्वीकार करने के फैसले पर मुहर लगाई गई थी। उच्च न्यायालय ने भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी को क्लीन चिट को चुनौती देने वाली जाकिया की याचिका खारिज कर दी थी।






**अग्निपथ योजना सेना को बर्बाद कर देगी**

# मोदी की तानाशाही का युवक भुगत रहे हैं खामियाजा : राहुल गांधी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रवैया तानाशाही है और वह सिर्फ मित्रों की बात पर ध्यान देते हैं और देश के वीर सैनिकों को नजरअंदाज करते हैं। गांधी ने ट्वीट किया कि एक तरफ़ देश के परमवीर हैं और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री का घमंड और तानाशाही। क्या 'नए भारत' में सिर्फ 'मित्रों' की सुनवाई होगी, देश के वीरों की नहीं। इसके साथ ही उन्होंने परमवीर चक्र विजेता बाना सिंह के बयान वाली एक खबर पोस्ट की है जिसमें कहा गया है कि मोदी को अग्निपथ योजना सेना को बर्बाद कर देगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी अग्निपथ को लेकर ट्वीट करते हुए कहा कि दिल्ली की तख़्त से बिना सोचे समझे देते है फ़रमान– देश और युवकों को भुगतना पड़ता है इसका अंजाम। रमेश ने ट्वीट के साथ एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें कहा गया है कि दो साल में सेना में शामिल होने के लिए 50 हज़ार युवाओं की मेहनत पर पानी भर गया है। उन्होंने जो परीक्षा पास की है उसका अब कोई अर्थ नहीं रह गया और सारी परीक्षाएं अग्निपथ के कारण रद्द कर दी गई है।

### युवाओं के साथ धोखा कर रही है मोदी सरकार : कांग्रेस



कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार अग्निपथ योजना के तहत न सिर्फ देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है बल्कि देश के युवाओं साथ भी धोखा किया जा रहा है। राजस्थान सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट कर्नल मानवेंद्र सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है और इससे करीब 50 हजार उन युवाओं के साथ धोखा हुआ है जो सेना में भर्ती के लिए विभिन्न परीक्षाएं पास कर चुके है और उन्हें अब सिर्फ मेरिट सूची में नाम आने का इन्तज़ार थस। उनकी सारी परीक्षाएं इस योजना के कारण रद्द कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि अग्निपथ के कारण अब दो तरह के सैनिक सेना में होंगे। इन सैनिकों में एक वे सैनिक हैं जिन्हें पूरा वेतन, भत्ता और अन्य सारी सुविधाएं मिलेंगी और दूसरे वे जिनको चार साल की नौकरी पर रखा जाएया। इससे सैनिकों में निराशा पैदा होगी। लेफ्टिनेंट कर्नल सिंह ने कहा कि कि इस योजना से दो तरह के सैनिक होंगे और जिस सेना में दो तरह के सैनिक होते हैं वह सेना कभी सफल नहीं होती है। यह व्यवस्था किसी भी सेना के लिए सफलता की निशानी नहीं है और जहां ऐसी स्थिति रहती है वहां लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ उतरा संयुक्त किसान मोर्चा, आज देश के कई हिस्सों में होगा प्रदर्शन

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देशभर में अग्निपथ योजना को लेकर विरोध जारी है। इस बीच केंद्र सरकार की ओर से लाई गई अग्निपथ स्कीम के विरोध में अब संयुक्त किसान मोर्चा भी आ गया है। अग्निपथ योजना के खिलाफ अब संयुक्त किसान मोर्चा ने आज सड़कों पर उतरने का एलान किया है। देश के कई हिस्सों में इस योजना के विरोध में किसान संगठनों से जुड़े लोग आज प्रदर्शन करेंगे।

पहले छात्रों ने बवाल किया और कई जगह पर हिंसा हुई, फिर राजनीतिक दलों ने इसके विरोध में अपनी आवाज उठाई और अब किसान संगठनों से जुड़े लोगों ने अग्निपथ योजना के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। किसानों से जुड़ा संयुक्त किसान मोर्चा आज देशभर में प्रदर्शन करेगा। ये वहीं संगठन है जिसकी अगुवाई में कृषि संशोधन कानून का विरोध शुरू हुआ था।



**संयुक्त किसान मोर्चा का प्रदर्शन-** किसान नेता राकेश टिकैत ने 20 जून को कहा था कि देशभर के जिला और तहसील मुख्यालयों पर अग्निपथ योजना के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा प्रदर्शन करेगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने इस विरोध को कामयाब बनाने के लिए युवाओं, राजनीतिक दलों और आम लोगों से इस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है। भाकियू ने पहले 30 जून को अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

**अग्निपथ योजना पर विपक्ष एकजुट-** उधर, अग्निपथ योजना के खिलाफ विपक्ष भी एकजुट है। दो दिन पहले पटना में महागठबंधन सड़कों पर उतरा था और सरकार से इसे वापस लेने की मांग की थी। वहीं कांग्रेस भी इस मुद्दे को छोड़ने के मूड में फिलहाल नहीं है। जंतर मंतर पर लगातार धरने का दौर चल रहा है। और अब छत्तीसगगढ़ कांग्रेस भी विरोध के लिए कमर कस चुकी है।

## मेरठ में अग्निपथ योजना का विरोध, जिला मुख्यालय पर निकाला जुलूस, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

गुड्डू प्रधान ने कहा कि 2014 के बाद से लगातार केंद्र सरकार ने हिन्दुस्तान की पुश्तैनी मजबूत दिवारों को खोखला करने का काम किया है। केंद्र सरकार ने अपनी नाकाम योजनाओ के तीर से संपूर्ण देश को प्रभावित किया है और इनकी हर असफल योजना से सैंकड़ों भारतीयों को अपने प्राणों की आहूति तक देनी पड़ी है। भारत की आधारशिला कृषि पर तुगलकी फरमान जारी कर किसानों को आंदोलित किया। जिसमें 800 से अधिक किसानों की बलि लेकर काले कृषि कानून वापस लिए गए। उन्होंने कहा कि सरकार ने हिन्दुस्तान के युवाओ से किए गए वायदे हर साल दो करोड़ रोजगार देंगे को कलंकित करते हुए अजीबो-गरीब संविदा कानून, अग्निपथ/अग्निवीर लागू कर दिया। गुड्डू प्रधान ने कहा कि देशवासियों को यह समझना होगा कि देश के तमाम संस्थानों को ये सरकार बेच चुकी है और इस सरकार की नियत अब रक्षा मंत्रालय को प्राइवेट लिमिटेड करने की है। वहीं धीरे-धीरे सेना को भी संविदा कर्मचारी बनाने का षडयंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने वायदे के अनुसार आठ साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर 16 करोड़ युवाओं को रोजगार देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश के युवाओं की बहुत गहरी आस्था थी, जिस कारण सरकार के तमाम गलत निर्णय नजर अंदाज कर दिए गए थे। लेकिन जब से अग्निवीर के नाम से केवल संविदा कर्मचारी बनाने का तुगलकी फरमान जारी किया है तो युवाओं में भारी आक्रोश है। इसके विरोध में युवा सड़क पर भी उतर आए। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ हुए छल से आज देश का युवा भविष्य को लेकर गंभीर कशमकश में है।

# एशिया पैसेफिक ट्रांजिट हब बनेगा जेवर एयरपोर्ट

एजेंसी ◄ ग्रेटर नोएडा
www.dailypioneer.com



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) एशिया पैसेफिक ट्रांजिट हब बनेगा। इसके लिए किसी बड़ी एयरलाइंस से समझौता होगा। हब बनने से उसकी सभी फ्लाइट यहां से आकर गुजरेंगी। इससे यात्रियों को अन्य देशों के लिए सीधी सेवा मिल सकेगी। साथ ही यहां पर अधिक फ्लाइट आने-जाने से एयरपोर्ट के विकास में भी मदद मिलेगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) ने यह सुझाव विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटनरेशनल एयरपोर्ट प्रालि (वाईआईएपीएल) को दिया है। बता दें कि फ्रैंकफर्ट, ज्यूरिख, दुबई, दोहा जैसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट हब हैं जहां लंबी दूरी के विमान ब्रेक लेकर रुकते हैं। इस दौरान जहां जहाज में तेल वगैरह भरवाया जाता है वहीं पैसेंजर एयरपोर्ट टर्मिनल पर ले-ओवर टाइम का आनंद लेते हैं। इसी तरह के हब के तौर पर यूपी सरकार जेवर एयरपोर्ट को तैयार करने की तैयारी कर रही है। अभी अपने देश में किसी एयरलाइंस का ट्रांजिट हब नहीं है। अब जेवर एयरपोर्ट में एशिया पैसेफिक ट्रांजिट हब विकसित करने की योजना है। नियाल के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने वाईआईएपीएल से इस एयरपोर्ट को ट्रांजिट हब बनाने का सुझाव दिया है। इसके लिए किसी बड़ी एयरलाइंस से समझौता होता है। समझौता करने वाली एयरलाइंस अन्य एयरलाइंस को अपने साथ जोड़ती है। हब बनने के बाद उसकी सभी फ्लाइट यहां से होकर गुजरेंगी। मान लीजिए किसी बड़ी विदेशी एयरलाइंस इसके लिए आगे आती है तो उसकी सभी फ्लाइट यहां आएंगी। इससे यात्रियों को भी फायदा मिलेगा। उन्हें सीधी सेवा मिलने लगेगी।

**रोजगार के अवसर अधिक बनेंगे-** जेवर एयरोपोर्ट देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। यह ट्रांजिट हब के लिए मुफीद भी रहेगा। ट्रांजिट हब बनने से एयरपोर्ट में फ्लाइट का आना-जाना अधिक हो जाएगा। जब फ्लाइट अधिक आएंगी तो रोजगार के अवसर अधिक बनेंगे। व्यापार भी बढ़ेगा।

# जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाली का काम तेजी पर

वार्ता ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के 280 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन और पहाड़ों से गिरे पत्थर को हटाने का काम राज्य में 30 जून से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर युद्ध स्तर पर चल रहा है। अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था भगवती नगर के यात्री निवास से 29 जून को जम्मू के लिए रवाना होगा। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पंथ्याल के पास रामबन-बनिहाल मार्ग पर मंगलवार-बुधवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और पत्थरबाजी के कारण बंद कर दिया गया था, जबकि उधमपुर जिले में समरोली के पास सड़क का एक हिस्सा बड़े आकार के पत्थर गिरने के कराण बह गया था। एक अधिकारी ने कहा, मौसम में सुधार के कारण सड़क पर यातायात को बहाल करने के लिए राजमार्ग पर बहाली का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। राजमार्ग से भूस्खलन और पत्थरों को हटाने और यातायात को बहाल करने के कार्य में आदमी और मशीनरी दोनों 24 घंटे लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामबन के बनिहाल और उधमपुर जिले के राजमार्गो पर हल्के मोटर वाहन और ट्रक सहित अन्य सैकड़ों वाहन खड़े हैं। अधिकारी ने कहा कि सड़क साफ हो जाने के बाद पहली प्राथमिकता फंसे हुए वाहन को निकालने की होगी । फिलहाल राजमार्ग पर फंसे हुए यात्रियों को खाना और जरूरी दवाई दी जा रही है। आवश्यक वस्तुओं को कश्मीर ले जा रहे लगभग छह सौ ट्रक, जो पंथ्याल के पास राजमार्ग पर फंसे हुए थे, उन्हें निकाला जा चुका है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ करीब 1400 वाहन फंसे हुए हैं। गौरतलब है कि सिर्फ एक ही सड़क है, जो सभी मौसमों में कश्मीर को देश पूरे देश से जोड़ता है। रामबन के उपायुक्त मसरत-उल-इस्लाम ने यूनीवार्ता को बताया कि रामबन और बनिहाल के बीच का मार्ग यातायात के लिए है। उपायुक्त ने कहा कि सड़क से कीचड़ और भूस्खलन को साफ कर यातायात को बहाल करने के लिए श्रमिक और मशीनरी को लगाया गया है।

# केजरीवाल सरकार के फैसले से व्यापारी और ट्रांसपोटर्स नाखुश, दिल्ली में भारी वाहनों पर रोक का किया विरोध

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राजधानी दिल्ली में मध्यम और भारी माल वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के दिल्ली सरकार के फैसले पर व्यापारियों और ट्रांसपोर्ट संगठनों ने नाखुशी जताई है। इनका कहना है कि सरकार के इस कदम से राजधानी में कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। दरअसल, 1 अक्टूबर से 28 फरवरी तक राजधानी दिल्ली में मध्यम और भारी माल वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का उद्देश्य वाहनों के प्रदूषण पर अंकुश लगाना था। हालांकि, कच्ची सब्जियां, फल, अनाज, दूध और आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों



को शहर में प्रवेश करने की अनुमति होगी। एक अधिकारी के अनुसार, सर्दियों के महीनों में वाहनों के प्रदूषण से वायु की गुणवत्ता में गिरावट आती है। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने रोक को वापस लेने की मांग की और दिल्ली सरकार से प्रदूषण की समस्या को हल करने के लिए किसी और तरीके पर विचार करने को कहा। उन्होंने कहा कि विभिन्न आवश्यक वस्तुएं जो सैकड़ों टन में होती हैं, उन्हें केवल भारी मोटर वाहनों द्वारा किया जा सकता है, हल्के वाहनों द्वारा नहीं। भारी मशीनरी और निर्माण सामग्री भी विभिन्न राज्यों से लाई जाती है और यह हल्के मोटर वाहन द्वारा नहीं किया जा सकता है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने इस मुद्दे पर भविष्य की कार्रवाई तय करने के लिए 29 जून को दिल्ली के प्रमुख व्यापारिक संघों की एक बैठक बुलाई है। अरविंद केजरीवाल सरकार के फैसले की निंदा करते हुए CAIT के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इस कदम से दिल्ली में व्यापार काफी हद तक बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के व्यापारी पीड़ित हैं और मनमाने और अप्रिय आदेश का विरोध करेंगे।

# आयुष्मान में बड़े फर्जीवाड़ा का खुलासा, 139 अस्पतालों ने की सरकारी धन की लूटपाट

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

केंद्र की आयुष्मान योजना को यूपी के कुछ अस्पतालों ने धंधे का साधन बना लिया है। कहीं बिना ऑपरेशन किए ही पैसे वसूल लिए गए तो कहीं बिना जरूरत के ही मरीज को भर्ती कर लिया। किसी ने तीन दिन में छुट्टी के बाद भी 10 दिन मरीज को एडमिट दर्शाकर भुगतान ले लिया। फर्जीवाड़ा करने वाले 139 अस्पतालों को आयुष्मान योजना से बाहर किया गया है। इनमें से बहुतों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

केंद्र सरकार ने गरीब तबके के लोगों को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति दिलाने को आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी। इसके तहत पांच लाख रुपये तक के इलाज का खर्च सरकार उठाती है। इसी तर्ज पर प्रदेश में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना भी चल रही है। मगर कुछ अस्पतालों ने इन योजनाओं को कमाई का जरिया बना लिया है। मगर योजना की कड़ी निगरानी के चलते यह तमाम फर्जीवाड़ा सामने आ रहा है। बीते ढाई साल में फर्जीवाड़ा करने वाले 139 अस्पतालों पर गाज गिरी है।

### डॉक्टरों की डिग्रियों का भी दुरुपयोग

बरेली के एक अस्पताल पर इसलिए कार्रवाई की गई क्योंकि वहां मरीज का ऑपरेशन ऐसे डॉक्टर से करा दिया गया, जो उसे करने योग्य ही नहीं था। वहां दो डॉक्टरों ने अस्पताल पर उनकी डिग्री फर्जी ढंग से प्रयोग करने का आरोप भी लगाया। शिकायत के बाद कुछ अस्पताल खुद भी योजना से अलग हो गए।

### कोविड के मरीजों का इलाज न करना पड़ा महंगा

कई अस्पतालों को कोविड-19 के मरीजों का इलाज न करना भी महंगा पड़ा। आयुष्मान योजना के संचालन का काम देख रही सांचीज ने शामली स्थित हॉस्पीटल सहित कई अन्य ऐसे अस्पतालों को सूची से बाहर कर दिया है, जिन्होंने कोरोना पीड़ितों का इलाज करने से इंकार कर दिया। इसके अलावा कई अस्पतालों द्वारा इलाज के लिए मरीज से पैसे मांगे जाने की शिकायतें भी सही पाई गईं।

# 5 नवनिर्वाचित सदस्यों ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली



वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उप राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। आज शपथ लेने वाले सदस्यों में आन्ध्र प्रदेश से निर्वाचित निरंजन रेड्डी सिरगापुर और आर कृष्णैया, तेलंगाना से निर्वाचित दामोदर राव दिवाकोंडा और बी पी रेड्डी एवं ओड़िशा से निर्वाचित निरंजन बिशी शामिल हैं। कृष्णैया, दिवाकोंडा और बी पी रेड्डी ने तेलुगु में, सिरगापुर ने अंग्रेजी में और बिशी ने उड़िया में शपथ ली। राज्यसभा सदस्य सुभाष चंद्र सिंह के इस्तीफा देने के कारण खाली हुई सीट पर उप चुनाव के बाद बिशी राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। इस मौके पर उप सभापति हरिवंश, संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, राज्यसभा के महासचिव और राज्यसभा सचिवालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# कोरोना वैक्सीन न लगती तो देश में बीते साल 42 लाख और लोगों की होती मौत, स्टडी में दावा

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कोरोना वैक्सीन ने 2021 में भारत में 42 लाख से अधिक संभावित मौतों को रोकने का काम किया। द लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में यह दावा किया गया है। यह महामारी के दौरान देश में हुई मौतों की दर के अनुमान पर आधारित है। रिसर्च में पाया गया कि कोविड-19 टीकों से महामारी के दौरान दुनिया भर में 20 मिलियन संभावित मौतें कम हुईं।

शोधकर्ताओं ने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम के पहले साल में संभावित 31.4 मिलियन मौतों में से 19.8 मिलियन को दुनिया भर में रोका गया। 185 देशों में हुई मौतों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है। यह भी अनुमान है कि अगर 2021 के अंत तक प्रत्येक देश में 40 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण



हुआ होता तो 5,99,300 लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

**8 दिसंबर 2020-8 दिसंबर 2021 के बीच का अनुमान-** इस अध्ययन में 8 दिसंबर, 2020 और 8 दिसंबर, 2021 के बीच रोकी गई मौतों की संख्या का अनुमान लगाया है। जो कि पहले वर्ष को कवर करता है, जिस दौरान टीके लगाने शुरू हुए थे। स्टडी के प्रमुख लेखक ओलिवर वाटसन ने कहा कि भारत के लिए हमारा अनुमान है कि इस अवधि में टीकाकरण से 42,10,000 मौतों को रोका गया। यह हमारा केंद्रीय अनुमान है, जिसमें अनिश्चितता 36,65,000-43,70,000 के बीच है।

### टीकाकरण अभियान ने लाखों लोगों की बचाई जान

वाटसन ने कहा कि इस मॉडलिंग अध्ययन से पता चलता है कि भारत में टीकाकरण अभियान ने लाखों लोगों की जान बचाई है। यह वैक्सीनेशन के अहम प्रभाव को दर्शाता है। विशेष रूप से भारत में जो डेल्टा वैरिएंट की मार झेलने वाला पहला देश था। यह संख्या इस अनुमान पर आधारित है कि महामारी के दौरान देश में 51,60,000 (48,24,000-56,29,000) मौतें हुई होंगी, जो कि अब तक दर्ज की गई 5,24,941 मौतों के आधिकारिक आंकड़े का 10 गुना है।

# पत्थर का जवाब अब पत्थर से देते नहीं दिखेगी यूपी पुलिस उपद्रवियों से निपटने के लिए हर जिले में बनी स्पेशल टीम

एजेंसी ◄ गोरखपुर
www.dailypioneer.com

पत्थरबाजों और उपद्रवियों से निपटने के लिए यूपी के हर जिले में 20 से 40 पुलिसकर्मियों की एक स्पेशल टीम बनाई गई है। सब कुछ प्लॉन के मुताबिक चला तो अब किसी भी ऐसी घटना में पुलिस पत्थर का जवाब, पत्थर से देते नज़र नहीं आएगी। इस टीम को एंटी राइट फूल बॉडी प्रोटेक्टर एक्स्रूटमेंट से लैस कर दिया गया है। इस एक्रूटमेंट को पहनने के बाद टीम में शामिल पुलिसकर्मी पत्थरों से बचाव करते हुए पत्थरबाजों का आसानी से मुकाबला करेंगे। शुक्रवार को इस टीम को तैनात भी किया गया था। दरअसल, पत्थरबाजी की घटना होने पर पुलिसवालों को बचने के लिए न सिर्फ खुद छिपना पड़ता है बल्कि कई बार पुलिस भी पत्थरबाजों पर उनकी की तरह पत्थरबाजी से जवाब देती है और जब तस्वीर सामने आती है तो यह तय नहीं हो



पाता कि असल में पत्थरबाजी की शुरुआत किधर से हुई थी क्योंकि दोनों तरफ से लोग पत्थर फेंकते हुए कैमरों में कैद होते हैं। अब पुलिस को पत्थर के जवाब में पत्थर न फेंकना पड़े इसके लिए गोरखपुर जोन के 11 जिलों में स्पेशल टीम की यह व्यवस्था शुक्रवार की जुमे की नमाज से ही लागू कर दी गई। हर जिले में 20 से 40 युवा पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई है जो इस एक्स्रूटमेंट से लैस होकर अलर्ट थे। यह टीम शुक्रवार को जुमे की नमाज को सकुशल निपटाने के लिए तैनात भी रही और पैदल मार्च भी की। जिससे जुमे की नमाज गोरखपुर सहित जोन के अन्य इलाकों में शांति पूर्वक बीता। इस टीम के बाडी प्रोटेक्टर की बनावट इस तरह है कि उपद्रवी केवल इस टीम की तैनाती देखकर ही सहम जाएंगे।

**अभी तक पत्थरबाजी में एक जगह थम जाती थी पुलिस-** अभी तक पत्थरबाजी होने पर पुलिस एक जगह रूक जाती थी। एक जगह से ही वह पत्थरबाजों पर खुद पत्थर चलाती थी और किसी चीज की आंड़ लेकर आंसू गैस के गोले छोड़ती थी या जवाबी कार्रवाई करती थी। क्योंकि पुलिसकर्मी का शरीर पत्थर से पुरी तरह सुरक्षित नहीं रहता था उसके शरीर का आधा हिस्सा प्रोटेक्ट नहीं रहता था। गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि जोन के हर जिले में पुलिसकर्मियों की एक स्पेशल टीम बनाई गई है। जिसमें 20 से 40 पुलिसवाले शामिल हैं। जिन्हें फूल बॉडी प्रोटेक्टर एक्रूटमेंट दिया गया है। यह एक्रूटमेंट पुलिस हेड क्वाटर की तरफ से दिया गया है।

# निमंत्रण देकर बारात में नहीं ले जाने पर टूट गया दिल, दोस्त ने दूल्हे को मानहानि के लिए भेजा 50 लाख रुपये का नोटिस

एजेंसी ◄ हरिद्वार
www.dailypioneer.com

निमंत्रण देने के बावजूद बारात में नहीं ले जाने पर एक युवक ने अपने दूल्हे दोस्त पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपये का मानहानि का नोटिस भेज दिया है। बताया जा रहा है कि युवक इस कदर मानसिक तनाव में आ गया था कि आत्महत्या करने की सोचने लगा था। हरिद्वार के वकील अरुण भदौरिया ने बताया कि हरिद्वार के बहादराबाद निवासी रवि नामक युवक ने अन्य लोगों के साथ-साथ अपने दोस्त चंद्रशेखर को विवाह का न्यौता दिया था और बारात में भी चलने के लिए कहा था, लेकिन दूल्हा रवि अपने दोस्त को छोड़कर कथित रूप से समय से पहले ही बारात लेकर चला गया और जब चंद्रशेखर समय पर बारात में जाने के लिए पंहुचा तो देखा कि वहां कोई नहीं था। उसने आस-पास में पूछा तो पता चला कि बारात तो जा चुकी



थी। वकील ने बताया कि इस बात को चंद्रशेखर ने अपना अपमान समझा और वह इस कदर मानसिक तनाव में आ गया कि आत्महत्या करने की सोचने लगा और दूल्हे पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपये के मानहानि का कानूनी नोटिस भेज दिया। चंद्रशेखर के वकील के अनुसार, चंद्रशेखर ने जब अपने दोस्त रवि को फोन किया तो उसने कहा की वह तो बारात लेकर निकल गए हैं और आप लोगों को अब बारात में आने की कोई जरूरत नहीं है। आप लोग अपने घर जाओ। वकील भदौरिया का कहना है कि चंद्रशेखर बहुत ज्यादा मानसिक तनाव में आ गया था और वह इस अपमान को सहन नहीं कर पर रहा था। उन्होंने बताया कि इस अपमान को लेकर न्याय दिलाने का भरोसा देकर उन्होंने चंद्रशेखर को आत्महत्या करने से रोका। चंद्रशेखर ने अपने दोस्त दूल्हे को फोन करके मानहानि का नोटिस भेजने की बात बताई। मगर इसके बाद भी उसके दोस्त ने जब उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया तो उसने दूल्हे को 50 लाख रुपये का मानहानि का कानूनी नोटिस भेजते हुए तीन दिन में सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगने पर कानूनी कारवाई करने की चेतावनी दी है।

# गडकरी ने नये कार आकलन कार्यक्रम की अधिसूचना को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत- एनसीएपी (नये कार आकलन कार्यक्रम) शुरू करने संबंधी जीएसआर अधिसूचना के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। इसके तहत देश में वाहन को क्रैश टेस्ट (टक्कर परीक्षण) में उनके प्रदर्शन के आधार पर स्टार रेटिंग दी जाएगी। गडकरी ने शुक्रवार को इस संबंध में सिलसिलेवार ट्वीट कर बताया कि भारत- एनसीएपी सुरक्षित वाहनों के निर्माण के लिए भारत में ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हुए एक उपभोक्ता- केंद्रित मंच के रूप में काम करेगा, जिससे ग्राहक स्टार-रेटिंग के आधार पर सुरक्षित कारों का चयन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि क्रैश टेस्ट के आधार पर भारतीय कारों की स्टार रेटिंग न केवल वाहनों में संरचनात्मक और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, बल्कि भारतीय ऑटोमोबिल की निर्यात- पात्रता को बढ़ाने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

- भुपेश सरकार की विफलताओं व स्थानीय समस्याओं को लेकर दिया धरना

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम छोटेंडोंगर में भारतीय जनता पार्टी छोटेंडोंगर शक्तिकेंद्र के द्वारा स्थानीय समस्याओं व भूपेश सरकार की वादाखिलाफ़ी को लेकर बाज़ार स्थल के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद भाजपा ज़िलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने कहा की खेती किसानी के समय आज सोसायटी में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है किसान परेशान है और सरकार दिल्ली दरबार में हॉजरी लगाने में मस्त है पूरे प्रदेश में अराजकता व भय का माहौल निर्मित है आम जन की सुनवाई नहीं हो रही विकास के सारे कार्य ठप्प पड़े है और चल रहा है तो सिर्फ़ और सिर्फ़ ट्रांसफ़र उद्योग वही सभा को भाजपा जिलामहामंत्री संजय नंदी ने सम्बोधित करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को लबरी सरकार कहते हुये कहा की सत्ता में आने से पूर्व कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से 36 वादे किए थे जो आज तक एक वादे भी ज़मीनी स्तर पर साकार होते नहीं दिखे सिर्फ़ और सिर्फ़ झूठे वादे ही साबित हुये प्रदेश की जनता इस सरकार से अपने आपको ठगा महसूस कर रही है किसानो से उनके फ़सल का एक एक दाना ख़रीदने की बात करने वाली भूपेश सरकार आज गिरदावरी कर उनकी मेहनत की गाड़ी कमाई में सेंध लगाकर उन्हें आर्थिक चोट पहुँचाने का काम कर रही है। धरना को भाजपा नेता जागेश्वर सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य प्रताप मंडावी, पूर्व भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष सुदीप झा, पूर्व महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष संध्या पवार ने भी सम्बोधित करते हुये भूपेश सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया कहा कि छोटेंडोंगर से लेकर पूरे प्रदेश में समस्याओं का अंबार लगा है और सरकार के कान में जूँ तक नहीं रेंग रहा सरकार अपने घमंड में चूर है। आने वाले 2023 के चुनाव में जनता इस जनविरोधी भूपेश सरकार को सत्ता से बेदख़ल कर पुनः प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने कटिबद्ध है। सभा का सफल संचालन भाजपा ज़िलाउपाध्यक्ष सागर साहू ने व आभार भाजपा नेता बाबू नंदी ने किया।इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष संदीप झा, गजानंद बेलसरिया, अर्जुन पटेल, सरजू उसेंड़ी, दीपक बेलसरिया, भारत फूटान, रसूल कोर्राम, भगेश्वर भोयर, सुखमती सोनवानी, शशिकला मिंज, लता मंडावी, वेदवती पटेल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकरता मौजूद थे।

# सुदूर अंचल के तेंदूपत्ता संग्राहकों को विधायक नाग ने किया नगद भुगतान

- आमाबेड़ा एवं उसेली के संग्राहकों को कुल 3 करोड़ 70 लाख रुपए का विधायक ने किया नगद भुगतान
- संग्राहकों ने विधायक अनूप नाग के अलावा मुख्यमंत्री, वनमंत्री एवं सीएम संसदीय सलाहकार का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजुर
www.dailypioneer.com



शुक्रवार को अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने आमाबेड़ा में तेंदूपत्ता सत्र 2022 के संग्राहकों को पारिश्रमिक के नकद भुगतान स्वयं अपने हाथो से किया। ज्ञात हो विगत वर्ष भी संग्राहको की मांग पर विधायक नाग ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके पारिश्रमिक का नगदीकरण कराया था जिससे क्षेत्र के हजारों संग्राहको को इसका सीधा लाभ मिला था।

आज क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग आमाबेड़ा पहुंचकर स्वयं हितग्राहियों को उनके पारिश्रमिक का नगद भुगतान अपने हाथो से किया उन्होंने आमाबेड़ा एवं उसेली के सैकड़ों तेंदूपत्ता संग्राहकों को कुल 3 करोड़ 70 लाख रुपए के नगद राशि का भुगतान किया जहां आमाबेड़ा के तेंदूपत्ता समिति के संग्राहकों को 2 करोड़ 42 लाख रुपए तो वही उसेली के तेंदूपत्ता समिति के संग्राहकों को 1 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि का नगद भुगतान किया गया।

संग्राहकों ने बताया की नगद राशि पाकर वे बेहद खुश है विधायक अनूप नाग ने कहा की नगद राशि के लिए आमाबेड़ा एवं उसेली सहित पुरे अंतागढ़ विधानसभा के ग्रामीणों को बैंक से राशि लेने में कई तकलीफों का सामना करना पड़ता है इसके चलते उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं वनमंत्री मोहम्मद अकबर से नगदीकरण के लिए निवेदन किया था जहां उन्होंने संग्राहको की कठिनाइयों को समझा और नगदीकरण के लिए विभागीय आदेश पारित करवाया। जिसके परिणाम स्वरूप अब संग्राहकों को नगद राशि दी जा रही है।

विधायक नाग के हाथो से नगद राशि प्राप्त कर हितग्राहियों ने विधायक नाग का आभार तो व्यक्त किया ही साथ ही उन्होंने खुशी से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, सीएम के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी के प्रति भी आभार व्यक्त किया है ग्रामीणों ने कहा हमारा जीवन कोरोनाकाल में बिलकुल अस्त व्यस्त हो गया था परंतु तेंदूपत्ता की रिकॉर्ड कीमत में विक्री और नगद भुगतान से हमारे और हमारे परिजनों के लिए पुनः खुशियों का वरदान लेकर आया है हम सभी हमारे विधायक अनूप नाग के आभारी है।

### ये रहे मौजूद

अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, आमाबेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर मरकाम, रफीक खान, कुलदीप लावत्रे, दिलीप सरकार, भूरू वर्मा, अविनाश गणविरे, जगदेव नेगी, श्रीपद सिंह ठाकुर, लोकेश बघेल, भंजन यादव, पिलाराम यादव, रेणुराम सेठिया, रामसिंह कांगे, रामकुमार हिडको, राजमन सलाम, अशोक सलाम, दिनेश नाग, शशिकुमार राणा, सगनू टेकाम, गंगाराम कोर्राम, देवकी हिडको, परमेश्वरी सर्फे, विजया सर्फे, महेर सर्फे, विशाल नेगी, सगनू टेकाम, ज्ञानू नेताम, रामेश्वर मंडावी, सहदेव गोटा, मनाहुराम गोटा, बिनेश सेनापति, रानू मंडावी, अर्जुन कोरेटी, राजेंद्र नेगी, जोहरू कोर्राम, शामसिंह सर्फे, रामबत्ती समेत सैकड़ों ग्रामीण एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# विजय को मिली जिलाध्यक्ष की कमान

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन, राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़



प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी की अनुसंशा पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने नारायणपुर जिलाध्यक्ष की पद पर नगर पालिका नारायणपुर के युवा पार्षद विजय सलाम को मनोनीत किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय सलाम लगातार संगठन के कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहे है 2014 में हुये संगठन चुनाव में जीत कर जिला उपाध्यक्ष बने थे। उसके बाद से विजय सलाम की गतिविधि हर छोटे बड़े कार्यक्रमों से लेकर कांग्रेस की विचारधारा को हर छात्र युवा तक पहुचाने का कार्य करते आये है।

विजय सलाम ने कहा कि संगठन से जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करुंगा और संगठन व कांग्रेस पार्टी को मजबूत करुंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन,प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, बस्तर सांसद दीपक बैज स्थानीय विधायक चंदन कश्यप, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रजनू नेताम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवनाथ उसेंडी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबती रजनू नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, अमित भद्र और उन सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद जिन्होंने मुझे हमेशा नेतृत्व करने में सहयोग किया।

# सभ्यता और संस्कृति की धरोहर देवगुड़ी का हो रहा कायाकल्प

**नारायणपुर।** जिले के हर गांव में एक देवगुड़ी है, हर गांव के एक विशिष्ट देवी या देवता हैं। गांव के पुजारी यहां हर खास मौके पर अनुष्ठान करते हैं। जिसका संरक्षण करने का बीड़ा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाया है। ग्रामीणों की मांग पर अपने नारायणपुर प्रवास के समय मुख्यमंत्री ने नारायणपुर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में देवगुड़ी बनाने की घोषणा की थी, भेंट मुलाकात



कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भूमिपूजन किया। कलेक्टर ऋतुराज आज अपने सघन दौरा कार्यक्रम के दौरान रेमावण्ड, नयनार, उड़िदगांव के ग्रामीणों की आस्था और सांस्कृतिक धरोहर देवगुड़ी के कायाकल्प कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा की और कहा कि देवगुड़ी आप सभी ग्रामीणों की आस्था और सांस्कृतिक धरोहर है जिसका जीर्णोद्धार आपके सहमति से होगा। उन्होंने कहा कि देवगुड़ी में पेयजल, बिजली, सोलर लाइट, हाई मास्ट लाइट लगाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवेश कुमार ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घनश्याम जांगड़े उपस्थित थे।

# मोटी तनख्वाह लेने वाले शिक्षकों को अंग्रेजी में नाम लिखने नहीं आता

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

मास.. साब... तो मासाअल्लाह हैं - खुद को दिन-महीनों के नामों की स्पेलिंग नहीं मालूम, चले हैं बच्चों को पढ़ाने.. यहां मोटी तनख्वाह लेने वाले शिक्षकों को अंग्रेजी में सप्ताह के नाम तक लिखने नहीं आते। सप्ताह के सातों दिन यहां अंग्रेजी में लिखे हुए हैं, लेकिन ट्यूसडे और थर्सडे की स्पेलिंग सही नहीं लिखी है। ऐसे शिक्षकों के हाथों में कैसे तैयार होगा देश का सुनहरा भविष्य। अब अगर माससाब ही ऐसे होंगे तो शिक्षा की गुणवत्ता की बात करना ही बेमानी है। शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर किए जा रहे विभाग के सारे दावे दंतेवाड़ा जिले में फेल होते नजर आ रहे हैं। गीदम ब्लाक के झोड़ियाबाड़म प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षकों को महीनों के अंग्रेजी नाम की स्पेलिंग तक नहीं आती। दरअसल यहां के शिक्षकों को अंग्रेजी का बेसिक ज्ञान भी नहीं है। शिक्षकों को सप्ताह के दिनों की स्पेलिंग तक की जानकारी नहीं है, और न ही महीनों के नाम की स्पेलिंग का कुछ पता है।




इतना ही नहीं अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नवंबर के बाद कौन सा महीना आता है ये भी नहीं पता। सुनकर आपको आश्चर्य हो रहा होगा लेकिन हकीकत यही है। दंतेवाड़ा में गीदम ब्लाक के झोडियाबाडम प्रायमरी स्कूल में बच्चों को अंग्रेजी की सही शिक्षा नहीं मिल रही है। यहां मोटी तनख्वाह लेने वाले शिक्षकों को अंग्रेजी में सप्ताह के नाम तक लिखने नहीं आते। सप्ताह के सातों दिन यहां अंग्रेजी में लिखे हुए हैं, लेकिन ट्यूसडे और थर्सडे की स्पेलिंग सही नहीं लिखी है। इन दोनों ही जगहों पर अंग्रेजी के अक्षर एस का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इतना ही नहीं अंग्रेजी महीनों के नाम भी यहां गलत अंकित हैं। अक्टूबर, नवंबर के बाद फिर से सितंबर माह लिखी गई है। इस संबंध में जब हमने शिक्षक से बात की तो वे बगलें झांकते नजर आये और सही स्पेलिंग नहीं बता सके। वे बार-बार कैमरा बंद करने की गुजारिश करने लगे। वहीं एक कमरे में महिला शिक्षक बच्चों की अंग्रेजी कापी चेक करती नजर आई। हमने उनसे भी स्पेलिंग के बारे में बातचीत की तो वे भी सही उत्तर नहीं दे सकीं। उन्होने बताया कि सेप्टेंबर महीने में पी का इस्तेमाल कहीं नहीं किया जाता। इधर ये महिला शिक्षक खुद की अंग्रेजी की जानकारी कम होने की बात तो कह रही थीं, लेकिन जहां स्पेलिंग सही लिखी हुई है उसे गलत बताने से नहीं चूक रही थीं। बस्तर जैसे आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर भले ही करोडों खर्च किये जा रहे हों, लेकिन धरातल पर गुणवत्ता आज भी बदतर ही है। जिन शिक्षकों के भरोसे देश का भविष्य गढने के सपने संजाये जा रहे हैं, वे सपने ऐसे शिक्षकों की वजह से दरकते दिख रहे हैं।

# भाजपाइयों ने डॉ श्यामाप्रसाद को अर्पित की श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा गुरुवार शाम महान शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई। जनसंघ के संस्थापक पण्डित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पूण्य तिथि बलिदान दिवस कार्यक्रम बूथ क्रमांक 232 में किया गया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष धरमपाल मिश्रा कार्यक्रम प्रभारी संजीव दास ने कहा कि अखण्ड भारत के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले महान शिक्षाविद प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान देश कभी भी नहीं भूल सकता।कश्मीर में धारा 370 हटाना उनका एक सपना था जो वर्तमान में मोदी सरकार ने पूरा किया। 70 साल का वो बदनुमा दाग देश से हमेशा-हमेशा के लिए मिट गया। बीजेपी के द्वारा देश को दिया गया वादा एक देश एक विधान और एक निशान हकीकत बन गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता के सी मंडल ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान मंडल अध्यक्ष डीपी मिश्रा कार्यक्रम प्रभारी संजु दास आईटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज छालीवाल व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रकाश जैन उपाध्यक्ष दिनानाथ ठाकुर ओबीसी मंडल अध्यक्ष संदीप जयसवाल महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शालिनी कर्मा वरिष्ठ कार्यकर्ता नारायण लिखितकर आर एन त्रिपाठी युवा मोर्चा मंत्री निमाई पाल चंद्रभान साव जोशना स्वाईं राजेश्वरी आदि मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव, बच्चों को मिली सायकल व पुस्तकें

**केशकाल।** सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय डिहीपारा में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के तहत नव प्रवेशी बालक बालिकाओं के लिए आयोजित प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस



कार्यक्रम में 2020-21 एवं 21-22 मे कक्षा नवम में अध्ययन किए कुल 37 बालिकाओं को आगंतुक अतिथियों के कर कमलों से सायकल भेंट किया गया। साथ ही कक्षा प्रथम से दशम तक के भैया बहनों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। वहीं नवप्रवेशी भैया बहनों को तिलक वंदन कर उनका स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में पार्षद भूपेश बेसरा, गीता ध्रुव, संकुल प्राचार्य राकेश विश्वकर्मा, नोडल प्राचार्य गोपाल राम ठाकुर, संस्था के प्राचार्य जे.आर नाग व विद्यालय समिति के पदाधिकारी जसराज तातेड़ उपस्थित रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिलास्तरीय वार्षिक पत्रकार सम्मेलन आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में पत्रकारों के सबसे बड़े संघ छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा का वार्षिक सम्मेलन 22 जून को दंतेवाड़ा के नवीन ऑडिटोरियम में भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ । छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला दंतेवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि छविंद्र कर्मा एवं विशिष्ट अतिथि गण पायल गुप्ता अध्यक्ष नगरपालिका दंतेवाड़ा ,मृणाल राय अध्यक्ष नगर पालिका किरंदुल ,अवधेस सिंह गौतम अध्यक्ष जिला कांग्रेस दंतेवाड़ा ,सुलोचना कर्मा सदस्य जिला पंचायत दंतेवाड़ा ,चेतराम अट्टामी अध्यक्ष जिला भाजपा दंतेवाड़ा ,ओजस्वी भीमा मंडावी अध्यक्ष जिला भाजपा महिला मोर्चा ,ए के सिंह सचिव मेटल माइन वर्कर्स यूनियन किरंदुल ,आशीष यादव सचिव मेटल माइन वर्कर्स यूनियन बचेली एवं जिला पत्रकार सम्मेलन के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ एवं प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं सुकमा तथा बीजापुर के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम माँ दंतेश्वरी के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । प्रथम सत्र में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में दंतेवाड़ा जिले में उत्पन्न विषम परिस्थितियों में भी पत्रकार की सरहानीय भूमिका एवं दंतेवाड़ा जिले के विकास की गाथा में पत्रकारों की भूमिका की सराहना की । श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई के वार्षिक पत्रकार सम्मेलन के द्वितीय सत्र में मौजूद मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा के कलेक्टर दीपक सोनी ,एवं विशिष्ट अतिथि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कार्मिक प्रमुख बी के माधव,एनएमडीसी बचेली परियोजना के कार्मिक प्रमुख धर्मेंद्र आचार्या,आर्सेलर मित्तल कंपनी के कार्मिक प्रमुख डी सतीश ,अनुविभागीय अधिकारी दंडाधिकारी बड़े बचेली अरुण कुमार सोम एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने माँ दंतेश्वरी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर जिला पत्रकार संघ के वार्षिक सम्मेलन की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथिगणों ने अपने संबोधन में दंतेवाड़ा जिले के विकास की गाथा में पत्रकारों को एक अहम कड़ी निरूपित किया। इस दौरान प्रथम एवं द्वितीय सत्र के सभी अतिथियों एवं सदस्यों का प्रतीक चिन्ह एवं बैग से सम्मान किया गया। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला स्तरीय वार्षिक पत्रकार सम्मेलन के तृतीय सत्र में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला दंतेवाड़ा का गठन किया गया।

# फरसगांव पुलिस के हत्थे चढ़े अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर, 1.7 क्विंटल गांजे के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल/फरसगांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के फरसगांव थाना में विगत दिनों निरीक्षक भापेंद्र साहू ने थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया था। पदभार लेते ही अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ताबड़तोड़ कार्यवाही करने के फलस्वरूप फरसगांव पुलिस इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। विगत दिनों फरसगांव पुलिस ने 80 लाख रुपए के नकदी रकम का अवैध रूप से अंतरराज्यीय परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं गुरुवार की शाम पुलिस ने लगभग 1.7 क्विंटल अवैध गांजा का परिवहन कर रहे एक आरोपी को धर दबोचा है। बताया जा रहा है कि जप्त किये गए गांजे की कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**मौका मिलते ही गाड़ी छोड़ कर भाग निकला चालक-** आपको बता दें कि फरसगांव पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नशे से आजादी पखवाड़ा के तहत आसूचना तंत्र तैयार कर सन्देहास्पद वाहनों पर नजर रखी जा रही थी। तभी 23 जून को मुखबीर की सूचना पर थाना फरसगांव क्षेत्रांतगर्त फरसगांव से बोरगांव के मध्य स्थित शिव मंदिर के पास एक गोल्डन रंग की हुण्डई सेन्ट्रो कार सी.जी 10 जेड.डी. 3880 को संदेह के आधार पर नाकेबंदी कर रोका गया। गाड़ी रुकते ही उसका चालक जंगल देख कर भाग निकला, वहीं चालक के साथ वाहन में बैठे सहयात्री को मौके पर हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ में उसने अपना नाम शीशा बोलदास उम्र 42 साल निवासी ग्रांम लबरू तहसील मुन्चिंगपुट का रहने वाला बताया गया। फरार आरोपी का नाम पुछने पर हिरासत में लिये गये व्यक्ति द्वारा बहादुर बताया गया।

### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी भापेंद्र साहू ने बताया कि गवाहों के समक्ष वाहन की विधिवत तलाशी लेने पर डिक्की से 25 पैकेट लगभग 107 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। फिलहाल आरोपी के कब्जे से बरामद उक्त मादक पदार्थ गांजा एवं घटना में प्रयुक्त वाहन हुण्डई की सेन्ट्रो कार को जप्त कर आरोपी को धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक भापेन्द्र साहू, उप.निरी. प्रमोद कतलम, उप.निरी. प्रहलाद यादव, स.उ.नि. किशोर प्रजापति, प्र.आर. सलीम तिग्गा, आर. कृष्णा साहू एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बीटीओए चुनाव मैदान में उतरी बचेली पालिका अध्यक्ष पूजा साव विकास पैनल के लिए कर रही है डोर टू डोर चुनाव प्रचार



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बीटीओए चुनाव को अब महज तीन दिन बचे हैं और समस्त प्रत्याशी अपने अपने पक्ष में वोट कराने में लगे हैं।आपको बता दें कि हर गली-मोहल्ले सहित जहां-जहां बीटीओए सदस्य हैं उन्हें अपनी ओर रिझाने में लगे हैं सभी प्रत्याशियों के लिए यह वक्त जोर आजमाइश और कठिन परीक्षण का समय है बीटीओए चुनाव के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करने के लिए तीन दिन का समय है इन 3 दिनों में जितना प्रचार करना है कर सकते हैं ,और सोमवार को सभी बीटीओए चुनाव के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है इस बीच बचेली पालिका अध्यक्ष पूजा साव किरंदुल पहुंचकर मनोज सिंह व संजीव साव विकास पैनल के समस्त उम्मीदवार के पक्ष में डोर टू डोर चुनाव प्रचार करती दिख रही है और ट्रैक्टर छाप में वोट देने की अपील कर रही है जिसे जनसमर्थन भी मिल रहा।है।बचेली पालिका अध्यक्ष के पहुंचने से बीटीओए के वोटर का समर्थन भी मिल रहा है जन समर्थन जुटाने पूजा साव किरंदुल के बंगाली कैंप,सुकरू कैंप मुख्य बाजार लक्ष्मणपुर कैंप में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मनोज सिंह सचिव पद के उम्मीदवार गुड्डा साव विजयंत सिंह गौतम पप्पूचन लोनारे हराधन साहा दीपक साहू मुहम्मद मुकिम व समस्त सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# समय-सीमा निर्धारित होने के बाद भी निर्माण कार्य की गति धीमी




पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

समय सीमा निर्धारित होने के बावजूद मार्ग उन्नयन सहित पुल पुलिया कार्य कछुए की चाल पर चल रहा है बाबजूद इसके विभागीय अधिकारी उदासीन रवैया बरतते हुए ठेकदार की धीमी काम पर आंख बंद कर बैठे हैं जिसके चलते हजारों राहगीरों को जगह जगह गड्ढा युक्त सड़क पर आवागमन करते परेशानी उठाने को मजबूर है जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परियोजना एडीबी प्रोजेक्ट के तहत पांडुका जतमई घटारानी गायडबरी मडेला मुड़ागांव मार्ग की उन्नयन के साथ विरहत्त पुलिया एक नग मध्यम 2 और पाइप स्लैब बाक्स पुल 107 निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 108 करोड़ की स्वीकृति देते हुए 11 सितंबर 2019 को कार्यदेश जारी किया है तब से लेकर आज तक विभागीय अधिकारी कई दफा मार्ग का मुआयना किए लेकिन कभी भी धीमिकाम पर सखूत रवैया नही दिखाया शायद यही वजह है कि आज भी मार्ग उन्नयन और पुलिया निर्माण कार्य धीमीगति से संचालित हैं जिसका पुरा पुरा खमियाजा आय दिन आवगमन करने वाले सैकड़ों राहगीरों को उठाना पड़ता है क्योंकि सड़क के बीचों बीच पुलिया निर्माण के लिए गड्ढा खोदा गया है और साइड पर अस्थाई रूप से गड्ढा युक्त सड़क बनाया है जहां लोग अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं ग्रामीणों की माने तो झमाझम बारिश के दौरान तो यह सड़क पर आवागमन करना मौत को दावत देने जैसा माना जाता है फिर भी पुल पुलिया काम को बरसात से पहले पूरा नहीं किया जा सका और ना पूरी तरह मार्ग में उन्नयन हुआ बावजूद इसके सड़क उन्नयन और पुलिया निर्माण को लेकर विभाग अधिकारी गंभीर नहीं है ऐसे में इस वर्ष तक यह कार्य का पूर्ण होना नामुमकिन माना जाता है और इसके मद्देनजर राहगीरों को पूरा बरसात परेशानी झेलना पड़ेगा क्योंकि अभी कई पुलिया निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है और ना मार्ग की उन्नयन कार्य पूर्ण हो पाया जबकि लगातार राहगीरों की परेशानी को ध्यान रखते कई जनप्रतिनिधि विभागीय अफसरों को काम मे तेजी लाने के साथ मुस्तैद रहते समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के लिए कहा लेकिन लेकिन जनप्रतिनिधियों की बात भी अधिकारी ठेकेदार पर बेअसर नजर नहीं आ रहीं हैं।

# डीएपी के जगह अन्य उर्वरकों का किया जा सकता है उपयोग, कृषि विभाग ने जारी की विस्तृत गाइड लाइन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिलें में डी.ए.पी की उपलब्धता कम होने के चलते आज कृषि विभाग ने डी.ए.पी की जगह अन्य उर्वरको का उपयोग कैसे किया जा सकता है इस बारे में विस्तृत गाइड लाइन जारी की है। खरीफ की फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए डी.ए.पी. के स्थान पर उन्य उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है। फसलवार उर्वरक अनुशंसा के आधार पर निम्न विकल्प हो सकते हैं। जिसके अनुसार धान एवं मक्का फसल के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एन.पी.के.-40:24:16 (नाईट्रोजन 40, फास्फोरस 24, पोटाश 16) कि.ग्रा. प्रति एकड़ मात्रा आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाएरू- यूरिया - एक बोरी (50कि.ग्रा.), एन.पी.के. (20:20:0:13) - दो बोरी (100कि.ग्रा.) एवं पोटाश (27 कि.ग्रा.) अथवा यूरिया (65 कि.ग्रा.) एवं एन.पी.के. (12:32:16)- दो बोरी (100 कि.ग्रा.) एवं सिंगल सुपर फास्फेट (50 कि.ग्रा.) अथवा यूरिया दो बोरी (100 कि.ग्रा.), सिंगल सुपर फास्फेट - तीन बोरी (150 कि.ग्रा.) एवं पोटाश- 27 कि.ग्रा. का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग कर सकते है।

खरीफ दलहनी फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एन.पी.के. 8:20:8 (नाइट्रोजन 8, फास्फोरस 20, पोटाश 8) कि.ग्रा. प्रति एकड़ मात्रा की आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाएरू- यूरियारू- 18 कि.ग्रा., पोटाश 14 कि.ग्रा. एवं सिंगल सुपर फास्फेट ढाई बोरी (125 कि.ग्रा.) अथवा यूरिया 5 कि.ग्रा. एन.पी.के. (12:32:16) - 1 बोरी (50 कि.ग्रा.) पोटाश - 14 कि.ग्रा., सिंगल सुपर फास्फेट 25 कि.ग्रा. साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग कर सकते है।

खरीफ तिलहनी फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एन.पी.के. (8:20:8) (नाइट्रोजन 8, फास्फोरस 20, पोटाश 8) (सोयाबीन एवं मूंगफली) कि.ग्रा. प्रति एकड़ आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाएरू- यूरिया (17 कि.ग्रा.) पोटाश (13 कि.ग्रा.) एवं सिंगल सुपर फास्फेट (125 कि.ग्रा.) साथ वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें। रामतील अनुशंसित पोषक तत्वों की मात्रा (12:12:8) कि.ग्रा. नत्रजन, स्फूर एवं पोटाश प्रति एकड़। इस पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए यूरिया 26 कि.ग्रा. सिंगल सुपर फास्फेट 25 कि.ग्रा. एवं म्यूरेट ऑफ पोटाश 13 कि.ग्रा. का प्रयोग किया जा सकता है, साथ ही वर्मी कम्पोस्ट 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग कर सकते है।

गन्ना फसल के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एन.पी.के 120:32:24 (नाइट्रोजन 120, फास्फोरस 32, पोटाश 24) कि.ग्रा. प्रति एकड़ मात्रा आपूर्ति के लिए उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाएरू- यूरिया पांच बोरी 5 बोरी (250 कि.ग्रा.), एन.पी.के. (12:32:16)- दो बोरी (100 कि.ग्रा.) एवं पोटाश (14 कि.ग्रा.) अथवा यूरिया (260 कि.ग्रा.) सिंगल सुपर फास्फेट - चार बोरी (200 कि.ग्रा.) एवं पोटाश - 40 कि.ग्रा. अथवा यूरिया (200 कि.ग्रा.) एन.पी.के. (20:20:0:13) - 03 बोरी (150 कि.ग्रा.) एवं पोटाश - 40 कि.ग्रा. का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग कर सकते है।

# दिव्यांग बच्चे को बचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता की हुई सराहना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की बैठक में छत्तीसगढ़ की मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने की शिरकत । नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित केंद्रीय दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की बैठक में छत्तीसगढ़ की समाज कल्याण विभाग की मंत्री अनिला भेंड़िया ने शिरकत की। इस मौके पर बोर्ड के सदस्यों द्वारा बोरवेल में गिरे एक दिव्यांग बच्चे के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे बचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से की गयी पहल की सराहना की गयी। बैठक में मंत्री भेंड़िया ने जिला पुनर्वास केन्द्रों को जिला चिकित्सालय के अनुरूप विकसित करने, कोरोना से प्रभावित दिव्यांगजनों के ऋण माफ करने सहित अन्य मुद्दों की ओर बोर्ड का ध्यान आकर्षित कराया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने की। इस मौके पर विभिन्न राज्यों के मंत्री भी उपस्थित रहे। बोर्ड की बैठक में मंत्री अनिला भेंड़िया ने कहा कि जिला पुनर्वास केंद्र दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत संवेदनशील एवं आवश्यक संस्थान है। इसे जिला चिकित्सालय के अनुरूप विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा यदि केंद्र सरकार सहयोग देती है तो इसके लिए राज्य शासन निशुल्क भूमि और संसाधन उपलब्ध कराएगी।

# ढांक टोल प्लाजा में एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com



ढांक टोल प्लाजा में एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 60 लोगों में चिकित्सा लाभ लिया। नेशनल हाइवे ऑथ्योरिटी ऑफ इंडिया के ढांक टोल प्लाजा भारत सरकार आजादी के 75 वे वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव मनाया गया इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा आजादी के 75 व अमृत महोत्सव के अंतर्गत सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारतीय राष्टसीय राजमार्ग प्राधिकरण को सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से राष्ट्रीय राजमार्गों के सड़क उपयोगकर्ता में अन्य नागरिकों के लिए निशुल्क नेत्र स्वास्थ्य जांच शिविर का एकदिवसीय आयोजन किया जिसमें कुल 60 लोग लाभवन्तित हुए, ढांक टोल मैनेजर शिशुप्रसाद ने बताया कार्यकम की शुरुआत सुबह 11 बजे नेशनल हाइवे धमतरी प्रभारी अभिनव सिंग अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विनोद मिंज पटेवा थाना प्रभारी कुमारी चंद्रकार, पिथौरा थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे की उपस्थिति में हुई, सड़क से गुजरते 60 लोगों ने नेत्र रोग के निःशुल्क चिकित्सा का लाभ अर्जित किया जिसमें निःशुल्क मेडिकल दवाइयां भी मरीजों को दी गयी।

**कार्यक्रम में इसमें मेडिकल स्टाफ**
डॉक्टर अनिल गोरियार नेत्र रोग विशेषज्ञ व अवधेश यादव नेत्र सहायक अधिकारी मुख्य रूप से सेवा हेतु उपस्थित रहे टोल कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री बघेल ने रेल अधिकारी भाटी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया



रायपुर। बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग पर अनूपपुर-शहडोल के बीच चल रहे नान इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के बिलासपुर डिविजन में बैकुंठपुर में पदस्थ क्षेत्रीय प्रबंधक योगेंद्र सिंह भाटी के ट्रेन की चपेट में आने से आकस्मिक निधन हो गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2018 बैच के भारतीय रेलवे सेवा के अधिकारी भाटी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। बघेल ने उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की है।

# दिव्यांगों के लिए नए आवासीय विद्यालय की सौगात जल्द

- कलेक्टर ने किया समस्त निर्माण एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डोमन सिंह ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु जिला मुख्यालय में नवीन रेडक्रॉस भवन निमार्ण एवं दृष्टि बाधित दिव्यांगों के लिए नये आवासीय विद्यालय का निर्माण जल्द ही किया जायेगा। इसके लिए जगह का चिन्हाकन कर प्रारंभिक तैयारी पूरी करने के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को निर्देशित किया गया है। उन्होनें आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में जिले के समस्त निर्माण विभागों के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की है। जिस दौरान उन्होंने दो टूक कहा कि सभी निर्माण एजेंसी अपना कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करे। इस कार्य मे जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में सभी नगरीय निकायों के कम से कम खतरनाक जगहों में स्थित ट्रांसफार्मर एवं बिजली खंभे को हटाने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि खुले ट्रांसफार्मर का नगर के बीचों बीच मे रहना खतरनाक होता है। ऐसे ट्रांसफार्मर को चिन्हांकन कर उन्हें भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र से दूर प्रतिस्थापित करना चाहिए। इसी तरह सभी निर्माण एजेंसियों को अब तक अप्रारंभ हुए कार्यो को शीघ्र ही प्रारंभ करने के निर्देश दिए है। बैठक में डीएमएफ से हुए कार्यो की भी विस्तृत समीक्षा की गयी है। कलेक्टर डोमन सिंह ने विभागीय समन्वय पर जोर देतें हुए एक दूसरे का सहयोग लेकर कार्य करने का आग्रह किया। इससे कार्य मे तेजी आती है। उक्त बैठक में लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, विद्युत, क्रेडा, उद्यानिक, आदिवासी विकास, सीजीएमएससी, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, प्रधानमंत्री सड़क सहित अन्य विभाग के जिला अधिकारी गण भी उपस्थित रहें। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर बजरंग दुबे उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 87.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 87.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 24 जून तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलें में सर्वाधिक 181.1 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 47.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 58.8 मिमी, बलरामपुर में 52.1 मिमी, जशपुर में 49.7 मिमी, कोरिया में 68.8 मिमी, रायपुर में 57.4 मिमी, बलौदाबाजार में 100.0 मिमी, गरियाबंद में 90.4 मिमी, महासमुंद में 74.9 मिमी, धमतरी में 86.2 मिमी, बिलासपुर में 102.8 मिमी, मुंगेली में 130.0 मिमी, रायगढ़ में 84.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 148.8 मिमी, कोरबा में 104.7 मिमी, दुर्ग में 68.3 मिमी, कबीरधाम में 94.2 मिमी, राजनांदगांव में 89.5 मिमी, बालोद में 146.1 मिमी, बेमेतरा में 95.5 मिमी, बस्तर में 86.8 मिमी, कोण्डागांव में 52.5 मिमी, कांकेर में 70.4 मिमी, नारायणपुर में 63.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 79.9 मिमी, सुकमा में 82.1 मिमी और बीजापुर में 94.5 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# संकेत शुक्ला के नेतृत्व में मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा अध्यक्ष संकेत शुक्ला के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय नया बस स्टैंड परिसर में स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया ततपश्चात किसान राइस मिल व्यवसायिक परिषर स्थिति मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में विजय केशरवानी, चितावर जायसवाल, सुरेन्द टिकरिहा, टेसुलाल धुरंधर, नंद कुमार साहू, नीलम सोनी, डोमन वर्मा, संकेत शुक्ला, उमेश बाजपाई,नरेश केशरवानी रोहित साहू मणिकांत मिश्रा धनन्जय साहू आलोक अग्रवाल पुरषोत्तम सोनी अक्षर अग्रवाल पोषण पटेल, पुनीत राम यादव रजनी केशरवानी, थानेश्वर वर्मा एडी आर साहू,नरसिंह वमा, कृष्णा सेन, रीटा केशरवानी, दिनेश बाजपाई, संतोष शर्मा, राहुल सोनी, पवन जायसवाल शिव नरेश मिश्रा सतीश पटेल अंजय श्रीवास, राजू सलूजा, इंदु पंजवानी कीर्ति गोस्वामी अनामिका अग्रवाल केशव जोशी, सत्या कोशले टी के साय, प्रहलाद साय, संतोष शर्मा, संध्या तिवारी, मंजीत कौर कृष्ण कांत द्विवेदी, रितेश यादव, रितेश श्रीवास्तव घनश्याम भारती, सबा खान सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे ।

## पीएम मोदी के आठ वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर किया आयोजन

# मितानीनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नर्सों को शिवरतन शर्मा ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यालय में भाजपा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा क्षेत्र में लगी मितानीनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा नर्स बहनों को शाल एवं श्रीफल देकर विधायक शिवरतन शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष सुलोचना यादव, महामंत्री कौशल्या वर्मा, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष पूनम मारकंडे तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जिला संयोजक लक्ष्मी साहू एवं महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष नीरा देव साहू ने सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी तादाद में पहुंची महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि आप लोगों ने जो विपरीत एवं कठिन परिस्थितियों में विशेषकर कोरोना कॉल में जो सेवा की है उसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम है कोरोना काल में जब लोग कोरोना पीड़ितों से मुलाकात करना तो दूर उनके मोहल्लों में जाने में लोग घबराते थे तब आप लोगों ने उनके घरों में जाकर तथा अस्पतालों में उन्हें टीका लगाकर उनकी जो सेवाएं की है उसका पूरा देश कायल है हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोनावायरस के आने पर तुरंत ही उसके टीके अपने देश में ही अपने वैज्ञानिकों से तैयार करवाएं तथा अनेक देशों को सहृदयता का परिचय देते हुए वहां भी भिजवाए अन्यथा पहले जब पूरे विश्व में टीके लग जाते थे तब हमारे यहां टीका लगने की शुरुआत होती थी इसका ताजा उदाहरण पल्स पोलियो के टीके हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष सुलोचना यादव एवं महामंत्री कौशल्या वर्मा ने ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका लक्ष्मी साहू एवं वरिष्ठ नर्स बहन सरोज बाघमार ने महिलाओं से अपनी बेटियों को पढ़ाने एवं उनका संरक्षण करने पर बल देते हुए कहा कि वीडियो की महत्ता को इसी बात से समझने की आज हमारी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार देश की बेटी द्रौपदी मुर्मू है आप इन्हीं से पढ़ना लीजिए और बेटियों की महत्व को समझाइए बेटियां बेटों से कम नहीं होती बेटियों का लगाओ हमेशा अपने माता-पिता के प्रति रहता है। समारोह का संचालन नीरा देवी साहू ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री महाबल बघेल, मंडल अध्यक्ष मनेंद्र सिंह गुंबर, परस देवांगन, गोपाल देवांगन, प्रमोद निषाद, पवन वर्मा, सुनील यदु, आशीष टोडर, चंद्रकला साय, आयशा खान, मधु सोनी, गायत्री यदु, पार्वती वर्मा, द्रोपदी जाएसवाल,तनुजा, सरोज बाघमार, अंजलि जयसवाल, लीलावती राव, मालती साहू, राधिका साहू, अनीता साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# मितान योजना : आम नागरिकों को मिल रही घर पहुंच सुविधा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आम नागरिकों को कई प्रकार के जरूरी दस्तावेज अब आसान तरीके से घर में ही उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत 1700 से अधिक प्रमाण पत्र लोगों को घर पहुंचाकर दिए गए हैं। इस योजना में प्रथम चरण में जन्म प्रमाण पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जैसी 13 प्रकार के जरूरी दस्तावेज घर पहुंचाकर दिए जा रहे हैं। यह योजना राज्य के सभी नगर निगम क्षेत्रों में संचालित की जा रही है। नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा नागरिकों को सरकारी दस्तावेज बनवाने हेतु घर पहुँच सेवा 'मुख्यमंत्री मितान योजना' की शुरुआत 01 मई 2022 से प्रदेश के समस्त 14 नगर निगमों में प्रारंभ की गई। 'मुख्यमंत्री मितान योजना' द्वारा प्रमाणपत्र, लाइसेंस बनाने हेतु टोल-फ्री नंबर 14545 जारी किया गया है, जो सभी कार्य दिवसों में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित किया जा रहा है, जिसमे नागरिकों द्वारा सम्बंधित शासकीय सेवा प्राप्त करने दस्तावेज संबंधी जानकारी प्रदान करता है। 'मुख्यमंत्री मितान योजना' आमनागरिकों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसकी सुव्यवस्थित संचालन के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मानिटरिंग लगातार की जा रही है। इसमें 13 विभिन्न सेवाएं को आमनागरिको के घर पर पहुंचा कर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत आमनागरिको को अब बार-बार विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है। मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत एक माह में 11000 से अधिक नागरिकों ने कॉल कर सेवा संबंधी जानकारी प्राप्त की और लगभग 4500 से अधिक नागरिकों ने प्रमाणपत्र बनवाने के लिए सफलतापूर्वक अपने आवेदन दर्ज कराए जिनमें 1700 से ज्यादा विभिन्न प्रमाण पत्र मितानों द्वारा आवेदकों के घर पर उपलब्ध कराये जा चुके हैं।

## मुख्यमंत्री भपेश बघेल ने की नरवा विकास योजना के कार्यों की समीक्षा

रायपुर। मुख्यमंत्री भपेश बघेल अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में कैम्पा मद से वन क्षेत्रों में कराए जा रहे नरवा विकास योजना के कार्यों की समीक्षा कर की। वन क्षेत्रों में भू जल संरक्षण एवं सँवर्धन हेतु 8 हजार नरवा को पुनर्जीवित करने का लक्ष्य है।

## निधन

### रामरतन साहू



**भाटापारा।** वरिष्ठ कांग्रेसी व समाजसेवी एवं हथनीपारा वार्ड के पूर्व पार्षद रामरतन साहू (97) का आकस्मिक निधन हो गया। वे छग के ख्याति प्राप्त कवि स्व. संतराम साहू के पिता एवं युवा साहित्यकार एवं शिक्षक पूनमचंद साहू के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा मे नगर के गणमान्य लोगों के साथ भारी संख्या मे समाजिकजनों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जलकार्य विभाग के सलाहकार समिति में सद्स्यों ने दिए सुझाव

■ रिसाली निगम का हो अपना फिल्टर प्लांट, शासन से करेंगे मांग, गैंग बढ़ाने सहमत हुए पार्षद

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



जलकार्य विभाग प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में पार्षद सद्स्यों ने बेहतर जल प्रदाय करने मंथन किया। पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि रिसाली निगम का अपना फिल्टर प्लांट होना चाहिए। वे शासन के समक्ष इस विषय को प्रमुखता से रखेंगे। जलकार्य विभाग सलाहकार समिति के सद्स्यों ने कई विषयों पर मंथन किया। विभाग प्रभारी की उपस्थिति में पार्षदों ने कहा कि आने वाले समय को लेकर कार्य योजना बने, ताकि लोगों को राहत मिल सके। पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि रिसाली निगम क्षेत्र में पेयजल समस्या का पूर्ण रूप से निदान करने के लिए आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। निगम के पास स्वयं का फिल्टर प्लांट होने से कई समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। इसके लिए प्रतिनिधि मंडल मंत्री ताम्रध्वज साहू से जल्द मुलाकात करेंगे। बैठक में पार्षद टिकम साहू, रेखा देवी, सरिता देवांगन, विनय नेताम, गजेन्द्री कोठारी व जलकार्य के सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, गोपाल सिन्हा उपस्थित थे।

### गैंग बढ़ाना होगा

चर्चा के दौरान खुलासा हुआ कि संधारण व मरम्मत कार्य के लिए मेन पावर की कमी है। 40 वार्डो के लिए केवल एक गैंग है। इसी गैंग से हर तरह का कार्य लिया जा रहा है। यही वजह है कि शिकायतों का निराकरण करने में विलंब हो रहा है। जलकार्य विभाग प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने कम से कम 4 अतिरिक्त गैंग रखने विभाग की ओर से प्रस्ताव महापौर परिषद की बैठक में भेजने निर्देश दिए।

### एक नजर व्यवस्था पर

गैंग - 1 (12 सद्स्य)
ओवर हेड टैंक - 8
नल कनेक्शन - 16530
हैंड पंप - 454
पावर पंप - 94
स्टैंड पोस्ट - 108
पानी की खपत प्रतिदिन - 1 करोड़ 30 लाख लीटर

### जल्द होगा सर्वे

जलकार्य विभाग के सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि वे जल्द ही अमृत मिशन योजना-2 के लिए सर्वे कराया जाएगा। इसके तहत वे जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ड के अंतिम छोर तक पहुचेंगे। सर्वे अतिमहत्वपूर्ण है। हर बिन्दु को ध्यान पर रख सर्वे किया जाएगा। ताकि फे स वन कार्य में आई समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।

# ठगढा बांध एवं शंकर नाला पुलिया के निर्माण कार्य का महापौर एवं प्रभारी आयुक्त ने लिया जायजा

■ निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करा लेने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्र में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्य जिसमें ठगड़ा बांध निर्माण कार्य का आज निगम महापौर धीरज बाकलीवाल एवं प्रभारी आयुक्त आशीष देवांगन ने निरीक्षण कर जायजा लिया। ठगडा बांध के बीचो बीच आईलैंड का प्रावधान था जिसमें बोट के माध्यम से आइलैंड में जाने का प्रावधान महापौर एवं प्रभारी आयुक्त के निर्देश पर आठ फीट चौडा एक एप्रोच ब्रिज बनाने का कार्य द्रुत गति से चालू है इस एप्रोच ब्रिज का तल परदर्शी होगा जिससे ब्रिज पर पैदल चलने पर नीचे का जल देखकर लोगो को सुखद् अनुभूति प्राप्त होगी । साथ ही आइलैंड के लैण्डस्केपिंग एवं विद्युत व्यवस्था का सुधार एवं संधारण कार्य सुगम हो जावेगा। निरीक्षण के दौरान ठगडा बांध में बन रहे फुड जोन, पार्किंग स्थल, गार्डनींग स्थल, चौपाटी आदि निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों एवं निर्माण एजेन्सी को महापौर बाकलीवाल एवं प्रभारी आयुक्त देवांगन द्वारा दिये गये। ठगडा बांध के पश्चात् शंकर नगर नाला के संतरा बाडी में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया गया ।

निर्माणाधीन एजेन्सी के ठेकेदार एवं संबंधित सहायक अभियंता को उक्त पुल की ढलाई का कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र करवाने के साथ-साथ नाले के अंदर रखी हुई मिट्टी को तत्काल वहां से निकलवाने के निर्देश दिये गये । ज्ञात हो कि शंकर नगर नाला का निर्माण कार्य लगभग पूर्णतः की ओर अग्रेसर है । निरीक्षण के दौरान पी.डब्लू.डी. प्रभारी अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, पार्षद अमित देवांगन कार्यपालन अभियंता राजेश पांडे, सहायक अभियंता आर.के. जैन, भवन अधिकारी प्रकाश थवानी, जनसंपर्क अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, संबंधित सब इंजिनियर एवं निर्माणाधीन एजेन्सी के ठेकेदार उपस्थित रहे।

## लक्ष्य से 123 प्रतिशत अधिक उपलब्ध कराए गए धान बीज

**दुर्ग।** खरीफ वर्ष 2022 के दौरान बीज निगम को 23665 क्विंटल धान बीज उपलब्ध कराने का लक्ष्य उप संचालक कृषि ने दिया था। इसके विरुद्ध 28992 क्विंटल धान बीज उपलब्ध करा दिया गया है। यह जानकारी प्रबंधक बीज निगम श्री एसके बेहरा ने दी। श्री बेहरा ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्णा की मांग 8000 क्विंटल थी इसके विरुद्ध 15690 क्विंटल धान बीज उपलब्ध करा दिये गये हैं। राजेश्वरी की मांग 965 क्विंटल की थी इसे 1674 क्विंटल उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार स्वर्णा 1 की मांग 2200 क्विंटल थी जिसे 3423 क्विंटल उपलब्ध करा दिया गया है। आज ही 250 क्विंटल स्वर्माण प्राप्त हुआ है जिसे सहकारी समिति करंजा भिलाई, ननकट्ठी, बोरी, बिरेझर, चंदखुरी, कोड़िया एवं अंडा में भंडारित किया गया है। महामाया किस्म के विकल्प के रूप में शीघ्र ही धान किस्म राजेश्वरी समिति में उनके मांग के अनुरूप भंडारित किया जाएगा।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को डौंडीलोहारा पुलिस ने लेह लद्दाख से किया गिरफ्तार

**बालोद।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देते हुए बहलाफुसला कर अपने साथ लेह लद्दाख ले जाकर दुष्कर्म करने वाले एक व्यक्ति को डौंडीलोहारा पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। मामले में विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को धारा 363, 376, पॉस्को एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। आरोपी युवक को पकड़ने में डौंडीलोहारा पुलिस व साइबर सेल की टीम को 12 दिनों तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी इस बीच पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य समस्या का भी सामना करना पड़ा। उप पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर व उप पुलिस अधीक्षक राजेश बागडे के पर्यवेक्षण में थाना डौण्डीलोहारा की टीम आरोपी तिलकराम मानिकपुरी निवासी बुल्लुटोला थाना डौण्डीलोहारा को लेह-लद्दाक (जम्मू-कश्मीर) से गिरफ्तार एवं नाबालिग लड़की को बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर 2021 को थाना डौण्डीलोहारा क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की नाबालिग लड़की अपने परिजनों का बिना बताये कहीं चले जाने पर उसके पिता द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराया गया डौण्डीलोहारा में अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामला दर्ज होने के 9 माह बाद साइबर सेल बालोद से तकनीकी साक्ष्य प्राप्त कर नाबालिग लड़की एवं अज्ञात आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर एक विशेष टीम बना कर लेह-लद्दाक (जम्मू-कश्मीर) रवाना किया गया।

## पौधा रोपण में भागीदारी करने कलेक्टर ने की अपील

**दुर्ग।** जिले में सभी शासकीय कार्यालयों एवं प्रत्येक घर में वन होम वन ट्री कैम्पेन के तहत् वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का आयोजन किया जाएगा। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन होम वन ट्री कैम्पेन के तहत् सभी कार्यालयों, उद्यानों, मैदानों, घरों एवं सार्वजनिक परिसरों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाना है। पौधारोपण करने कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिले के सभी एनजीओ और नागरिकों को भागीदारी करने की अपील की।

# डीईओ के निरीक्षण के दौरान कई शिक्षक नदारद

■ गैरहाजिर शिक्षकों को शो-काज नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा कल विकासखण्ड नवागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला हाथाडांडू, प्राथमिक शाला जूनाडांडू, नवागांव (ब), खैरी, छेरकापुर, खपरी, समेसर, झाल, पूर्व माध्यमिक शाला हाथाडांडू, समेसर, झाल विकासखण्ड बेमेतरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढोलिया तथा प्राथमिक शाला चारभाठा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला हाथाडांडू के अनिल कुमार जांगड़े सहा.शि. एवं श्रीमती सुचित्रा निषाद सहा.शिक्षक निर्धारित विद्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हाथाडांडू में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था उपयुक्त नहीं पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा द्वारा व्यवस्था में सुधार करते हुए गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश प्रधान पाठक को दिए गए। शासकीय प्राथमिक शाला जूनाडांडू के निरीक्षण के दौरान पाठकान के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि टेकराम साहू शिक्षक दो दिवस से बिना सूचना के अनुपस्थित हैं। शासकीय प्राथमिक शाला खैरी में निरीक्षण के दौरान किसी भी कक्षा में अध्यापन कार्य होते नहीं पाया गया इस पर शिक्षक किशोर देवांगन को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कक्षाध्यापन हेतु निर्देशित किया गया। डी.ई.ओ. मिश्रा के द्वारा विद्यालय के बच्चों से उनकी कक्षा के अनुरूप सवाल पूछे गए बच्चों में कक्षानुरूप दक्षता में कमी पाई गई। उपस्थित शिक्षकों को बच्चों में कक्षा के अनुरूप दक्षता को प्राप्त करने हेतु उचित प्रयास किए जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला समेसर में सभी शिक्षक कक्षा में न होकर बाहर प्रांगण में बैठे पाए गए जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। शासकीय प्राथमिक शाला खपरी के शिक्षक जय प्रकाश सिंह बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। शासकीय प्राथमिक शाला झाल एवं पूर्व माध्यमिक शाला झाल में प्रातः 11.15 बजे बच्चों को छुट्टी दे दी गई थी, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित समय तक विद्यालय संचालक हेतु निर्देशित किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढोलिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला चारभाठा बंद पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा द्वारा सभी अनुपस्थित शिक्षकों को, बंद पाए गए विद्यालयों एवं निर्धारित विद्यालयीन समय के पूर्व बंद विद्यालयों के प्रधान पाठकों को, कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कुसुमटोला शाला प्रांगण का जायजा लेने पहुचे मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, व्यवस्था दुरुस्त करने दिए दिशा निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ डौंडी
www.dailypioneer.com

आदिवासी ब्लॉक डौंडी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम कुसुमटोला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला में गुरुवार को हुई झमाझम बारिश से स्कूल प्रांगण में पानी का जमाव कमर भर से अधिक ऊपर हो गया था कि बच्चों को उठाकर एक भवन से दूसरे भवन ले जाना पड़ा। जिसकी खबर प्रमुखता से लगाई गई, जिसके बाद खबर पर संज्ञान लेते हुए क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी मौके पर ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी संग शाला पहुचे।

मंत्री प्रतिनधि पीयूष सोनी ने शाला का जायजा लेने के बाद तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर पहाड़ो से आने वाले बारिश के पानी निकासी की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करवाई गई ,साथ ही साथ शाला प्रभारी को फटकार भी लगाई की ऐसी कोई भी घटना होती है तो पहले अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करे,जिस पर शाला प्रभारी ने कहा दुबारा ऐसी पुनर्विति नही होगी इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# ग्राम अर्जुनी में हुआ राजस्व शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के बेमेतरा तहसील के अन्तर्गत ग्राम अर्जुनी में ग्रामीणों की समस्याओं तथा उनके द्वारा दिए गये आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्रामीण स्तर पर निराकरण करने राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दुर्गेश वर्मा, तहसीलदार रोशन साहू, राजस्व निरीक्षक शिवनाथ साहू हल्का पटवारी बोधि राम निषाद पटवारी कल्याणी ठाकुर एवं पटवारी गुलशन ठाकुर ग्राम अर्जुनी उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों द्वारा प्राप्त 11 आवेदन स्वीकार किए गए जिसमें बच्चों के आय जाति प्रमाण पत्र से संबंधित 67 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। अविवादित नामांतरण के 21 प्रकरणों पर तहसीलदार के द्वारा मौके पर ही आदेश पारित किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किसानों को किसान किताब का वितरण किया गया तथा ग्रामीण स्तर की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों एवं कर्मचारियों को निराकरण करने हेतु निर्देश दिए। शिविर के दौरान ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा और काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ एवं सुखी जीवन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दल्लीराजहरा ज्ञानांजलि भवन में 21 जून अन्तर्राष्ट्रिय योग दिवस के अवसर पर आयोजित राजयोग द्वारा स्वस्थ एवं सुखी जीवन कार्यक्रम आयोजित किया गया , राजयोग पर प्रकाश डालते हुए दल्लीराजहरा की संचालिका ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा बहनजी ने कहा कि राजयोग आत्मा का परमात्मा से संबंध जोड़ने का योग है, मन बुद्धी का योग है, जिसे करने से मानसिक सुख शांति की प्राप्ति होती है और मनोबल बढ़ता है इस दौरान पूर्णिमा बहन जी ने मनः सुख शांति के लिए राजयोग का अभ्यास भी कराया एवं शांति की अनुभूति भी कराई। ब्रह्माकुमारी ज्ञानांजलि भवन में प्रतिदिन सुबह 7-8 एवं शॉम 7-8 राजयोग शिविर रखा गया है जिसका लाभ सभी ले।

# शिव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, धार्मिक स्थानों का रखरखाव हमारी प्राथमिकताः महापौर शशि



पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

वार्ड 16 बीआरपी कालोनी स्थित शिव मंदिर का निर्माण नए सिरे से किया जाएगा। इस कार्य के लिए महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस कार्य के लिए धर्मस्व मद से 5 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। भूमिपूजन अवसर पर महापौर ने कहा कि रिसाली निगम क्षेत्र के नागरिकों को केवल मूलभूत सुविधा उपलब्ध करना ही मुख्य कार्य नहीं है। धार्मिक सामाजिक केन्द्र बिन्दु पर भी फोकस किया जा रहा है। जर्जर मंदिर व अन्य आध्यात्मिक जगहों को आस्था के अनुरूप निर्माण कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

भूमिपूजन अवसर पर निगम के सभापति केशव बंछोर, महापौर परिषद के सद्स्य विलास राव बोरकर, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, परमेश्वर, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद विनय नेताम, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकुंद भाऊ आदि उपस्थित थे।

### मंत्री का मार्गदर्शन

महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधान सभा के रिसाली निगम क्षेत्र में आने वाले सभी समुदाय के धार्मिक स्थलों का स्वरूप बदला है। गौरा-चैरा व जैतखाम से लेकर बड़े धार्मिक स्थलों में कार्य हो रहे है। प्रदेश के गृह, लोकनिर्माण व धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू विशेष रूप से रूचि लेते हुए मार्गदर्शन देते हुए लाखों रूपए स्वीकृत किए है। अन्य क्षेत्रों की तुलना में निगम क्षेत्र में ज्यादा कार्य हुए है।

JANA SMALL FINANCE BANK
(A scheduled commercial bank)

पंजीकृत कार्यालय : दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू–560071. शाखा कार्यालय : कृष्णा कॉम्प्लेक्स, अरबिन्दो नेत्रालय के सामने, मेन रोड, सदर बाजार, रायपुर–492001

सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

जबकि आप निम्नवर्णित कर्जदारों, सह–कर्जदारों, गारंटरों तथा बंधकदाताओं ने जन स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड से अपनी अचल सम्पत्तियों के बंधक के ऐवज में ऋण प्राप्त किए थे। आप सभी के द्वारा चूक के परिणामस्वरूप, आपका ऋण खाता अनार्जक आस्ति के रूप में सूचीबद्ध किया जा चुका है। जबकि जन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड ने प्रतिभूत लेनदार के रूप में अधिनियम के तहत और उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 2 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें कालम नंबर 2 में वर्णित कर्जदारों/सह–कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं से सूचनाओं में वर्णित राशि सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी, परंतु ये सूचनाएं, विभिन्न कारणों से, उन्हें सुपुर्द नहीं की जा सकी थीं।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का नाम | ऋण खाता सं. एवं ऋण राशि | प्रवर्तित की जाने वाली प्रतिभूति का विवरण | एनपीए की तिथि और मांग सूचना की तिथि | ...............तक बकाया राशि रू. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1) श्री संतू ठाकुर पुत्र अंगू राम ठाकुर, 2) श्रीमती राधा ठाकुर पत्नी संतू ठाकुर, 3) श्री जसविंदर सिंह कोहली पुत्र मालिक सिंह कोहली | ऋण खाता सं. 45089430000056 एवं 45089430000310 ऋण राशि रू. 26,39,026/- | अचल सम्पत्ति : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति भूमि खसरा नंबर 383/5 (पुराना खसरा नंबर 383/4) का भाग, कुल क्षेत्रफल परिमाप 6500 वर्ग फीट (604.08 वर्ग मीटर) उसके ऊपर निर्माण सहित, पीएच नंबर 49, आरएनएम दुर्ग–2, मौजा कढ़ीडीह, दुर्ग, तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) चौहद्दी : पूरब : श्री गौड़ की भूमि, पश्चिम : 25 फीट चौड़ी रोड और श्रीमती उषाबाई की भूमि, उत्तर : रोड तथा दक्षिण : विक्रेता की बाकी भूमि | 01–06–2022 एवं 13–06–2022 | दिनांक 09–06–2022 तक रू. 26,82,461.50/– (रूपए छब्बीस लाख बयासी हजार चार सौ इकसठ तथा पैसे पचास मात्र) |

अतएव कालम नंबर 2 में वर्णित कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर एवं बंधकदाता से सभी संबंधित कर्जदार/सह–कर्जदार के नाम के सामने कालम नंबर 6 में दर्शाई गई कुल योग राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जबकि उक्त राशि संबंधित ऋण खाते में कालम नंबर 6 में वर्णित तिथि तक बकाया पाई गई है। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कुल योग राशि उस पर भुगतान की तिथि तक भावी ब्याज और अन्य देय होने वाली राशियों सहित चुकता नहीं की जाती है, तो जन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड कालम नंबर 4 में वर्णित सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन हेतु उपयुक्त कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगा। कृपया नोट करें कि यह प्रकाशन उक्त राशियों के कर्जदारों/सह–कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं के विरूद्ध जन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के पास विधि के अधीन उपलब्ध अधिकारों तथा उपायों को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना जारी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, आपसेयह नोट करने का अनुरोध है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, आप प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूति का निपटान अथवा के संबंध में कोई संव्यवहार प्रतिभूति आस्ति की बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से नहीं कर सकते हैं।

तिथि : 24–06–2022, स्थान : दुर्ग (सी.जी.) हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते जन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

संपादकीय

# राष्ट्रपति उम्मीदवार राजग को उम्मीद

**सत्तारूढ़** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग ने झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार चुना है। सुश्री मुर्मू ने अपने रायरंगपुर आवास पर कहा, 'मुझे आश्चर्य और खुशी है। सुदूर मयूरभंज जिले की आदिवासी महिला होने के नाते मैंने सर्वोच्च पद का उम्मीदवार बनने के बारे में नहीं सोचा था।' हालांकि, राजनीतिक टिप्पणीकारों के लिए यह बड़ा आश्चर्य नहीं है। व्यापक रूप से अनुमान लगाया जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदिवासी समुदाय या अन्य पिछड़े वर्ग-ओबीसी से किसी व्यक्ति को चुन सकते हैं। सभी अन्य बड़े समूहों-मुसलमानों, दलितों, सिखों व महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिल चुका है। सुश्री मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार चुन कर भाजपा नीत राजग ने न केवल आदिवासी सांसदों व विधायकों के समर्थन की उम्मीद की है, बल्कि उनके गृह राज्य ओडिशा से भी समर्थन की उम्मीद है। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद का राष्ट्रपति को चुनने वाले मतदाता मंडल में 2.8 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व है। मुर्मू ने कहा, 'मुझे ओडिशा विधानसभा के सभी विधायकों व सभी सांसदों का समर्थन मिलने की आशा है। मैं धरती की पुत्री हूं। मुझे एक उड़िया होने के नाते सभी सदस्यों से समर्थन मांगने का अधिकार है।' उनके विश्वास का मजबूत आधार है। ओडिशा के मुख्यमंत्री व बीजद नेता नवीन पटनायक उनकी उम्मीदवारी के पूरी तरह पक्ष में हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 'देश के सर्वोच्च पद के लिए राजग उम्मीदवार घोषित होने पर श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को मुबारकवाद। मुझे खुशी है कि सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मेरे साथ इस पर चर्चा की। यह ओडिशा की जनता के लिए गर्व का क्षण है।' इससे मुर्मू व राजग को सहायता मिलेगी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से उनको मिला समर्थन समान रूप से महत्वपूर्ण है। नीतीश कुमार ने कहा, 'हमें द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने से प्रसन्नता है। वे आदिवासी महिला हैं और यह बहुत खुशी की बात है कि एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद के लिए चुना गया है।' वैसे भाजपा का सर्वोच्च नेतृत्व बहुत सक्रिय तथा सतर्क है जो महाराष्ट्र में मचे राजनीतिक तूफान से स्पष्ट है। यह विपक्ष के लिए बुरी खबर है जिसने पूर्व भाजपा नेता यशवंत सिन्हा को अपना राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। विपक्षी नेताओं को उम्मीद थी कि यदि वे किसी प्रकार अपना उम्मीदवार राष्ट्रपति भवन पहुंचा सकें तो इससे अंततः भाजपा को सत्ता से हटाने की मुहिम को गति मिलेगी। लेकिन अब यह बहुत कठिन हो गया है। महाराष्ट्र में चले घटनाक्रम से स्पष्ट है कि न केवल भाजपा-विरोधी गठबंधन क्षणभंगुर है, बल्कि विपक्षी नेता भी बहुत क्षमतावान नहीं हैं। दूसरी ओर भाजपा के सर्वोच्च नेता ने अपनी सभी कदम सुनियोजित ढंग से उठाए हैं। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है जब राष्ट्रपति चुनाव में प्रतीकवाद का प्रयोग हो रहा है। उदाहरणार्थ, 2007 में कांग्रेस ने प्रतिभा पाटिल को अपना उम्मीदवार बनाया था जिनका कोई बड़ा राजनीतिक कद नहीं था और न ही ज्यादातर लोग उनको जानते थे। भाजपा वही खेल खेल रही है और उसे काफी लाभ मिला है। पूरी संभावना है कि वह अपनी पसंद का राष्ट्रपति बनाने में सफल होगी।

# राष्ट्रहित में भाजपा के विदेशी संपर्क

## भाजपा के विदेशी संपर्क इस देश के बारे में जिज्ञासु व अपरिचित लोगों को यहां के लोकतांत्रिक आदर्शों का परिचय कराने के लिए हैं।



सुमित भसीन
(पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक)




भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। अपने सामने आ रही अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र जीवन्त व समावेशी बना हुआ है। भारत में लोकतांत्रिक आदर्शों के एक प्रतिनिधि के रूप में भाजपा विदेशी व भारतीय लोगों से कई दशकों से लगातार संपर्क कर रही है। तकनीक ने इस प्रक्रिया को और गतिशील बनाया है। दुनिया लंबे समय से भारत में लोकतांत्रिक विकास पर नजर रख रही थी। विदेशी टिप्पणीकारों ने भारत में लोकतंत्र के स्वरों को विभिन्न तरीकों से व्याख्यायित किया है। लेकिन कुछ हिस्से पूर्वाग्रहों से भी ग्रस्त हुए जिससे भारत पर उनका लेखन प्रभावित हुआ। हालांकि, कुछ वास्तव में अनेक कारणों से भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों से परिचित नहीं थे। इनमें दूरी के साथ संप्रेषण की कमी भी शामिल है। भाजपा विविधतापूर्ण लोगों से संपर्क में इन पूर्वाग्रहों व पूर्व-निर्धारित धारणाओं का मुकाबला कर रही है। 'भाजपा को जानें' सत्तारूढ़ पार्टी की एक पहल है जिससे विदेशी राजनयिकों को पार्टी के कामकाज व दृष्टिकोण के बारे में जानकारी पाने में सहायता मिलती है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने विदेशी राजनयिकों के साथ तीन संवाद सत्र आयोजित किए। इस संवाद में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल थे। तीसरी बैठक में भाजपा अध्यक्ष ने भाजपा की नीतियों व कार्यक्रमों का 6 देशों के राजदूतों के साथ साझा किया जिनमें रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्की व लाओस शामिल थे।

'भाजपा को जानें' का दूसरा हिस्सा रायसीना संवाद के आसपास हुआ जिसमें 14 देशों के विदेश मंत्रियों, राजनयिकों, विदेशी मामलों के टिप्पणीकारों व अन्य पक्षों ने भाग लिया। इनमें अमेरिका, आस्ट्रेलिया व इस्राइल के लोग शामिल थे। ये दोनों आयोजन एक दूसरे से अलग थे, पर राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के मामले में वे एक दूसरे के पूरक भी थे।

प्रत्यक्ष संवाद का नवीनतम चरण मध्य एशियाई देशों के राजनयिक समुदाय के साथ आयोजित हुआ। इन देशों से भारत के बहुत पुराने संबंध रहे हैं जिनकी शुरुआत सम्राट अशोक के समय पहले वैश्विक संपर्क से हुई थी। इन देशों में सम्राट अशोक के लगवाए स्तंभ पाए जाते हैं। रायसीना संवाद में एस. जयशंकर ने भारतीय विश्व दृष्टिकोण पर जोर देते हुए इस तत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कुछ प्रमुख विदेशी टिप्पणीकारों की तात्कालिक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया जो रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में सामने आई हैं। भारत ने लगातार दुनिया को दक्षिण एशियाई उप-महाद्वीप के प्रति की गई गलतियों से परिचित कराया है। विस्तारवादी चीन के बारे में बेहतर समझदारी विकसित होने के साथ ये प्रयास परिणाम देने लगे हैं। इसके कारण दशकों से भारत के पूर्वी मोर्चे पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर समस्यायें बनी हुई हैं, जबकि पाकिस्तान पश्चिमी मोर्चे से राज्य नीति के रूप में आतंकवाद का निर्यात करता रहा है।

वैश्विक समझदारी का विकास भारत के नेताओं द्वारा विदेशी वार्ताकारों के साथ निरंतर जारी परोक्ष संवाद के कारण हुआ है। इसे सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गति दी थी। अनेक वर्षों तक चले जसवंत सिंह-स्ट्रोब टालबोट संवाद ने अमेरिका के लिए भारत को एशिया की धुरी की तरह स्थापित किया। इससे भारत का वैश्विक संपर्क और मजबूत हुआ। उल्लेखनीय है कि पूर्व भाजपा अध्यक्ष तथा उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने 'फारेन सेल' व 'ओवरसीज़ फ्रेंड्स आफ बीजेपी' का गठन कर विदेशों से पार्टी का संपर्क मजबूत किया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय राष्ट्रीय हितों के मुखर पैरोकार सामने आए। भाजपा ने पिछले एक दशक में विदेशों से संपर्क में तकनीक का भरपूर उपयोग किया है। उसने सोशल मीडिया मंचों की पूरी क्षमता प्रयोग की है जिसके बारे में अतीत में सोचा भी नहीं जा सकता था। सच्चे लोकतंत्रवादी के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने विदेशों में रह रहे भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का प्रयोग कर भारतीय राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने का विचार सामने रखा था। कहने की आवश्यकता नहीं कि विदेशी राजधानियों में भारतीयों के साथ बढ़ते संपर्क में अनिवासी भारतीयों के बढ़ते राजनीतिक-आर्थिक प्रभाव की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में अनिवासी भारतीयों को भारतीय राष्ट्रीय हितों का एकदम सटीक स्वर मिला है। स्वाभाविक रूप से उनकी विदेश यात्राओं में अनिवासी भारतीयों से संवाद एक नियमित तत्व बन गया है। इस प्रकार जहां अटल बिहारी वाजपेयी ने दुनिया के साथ संपर्क की नीव डाली थी, मोदी ने उसे उच्चीकृत कर भारत का एक महान प्रतीक तैयार किया है जो दुनिया के सभी कोनों में फैला है। इसका विस्तार विकसित देशों से लेकर द्वीप देशों, अफ्रीका महाद्वीप से लेकर विकासशील देशों तथा निकटतम पड़ोसियों तक है। उन्होंने विश्वसनीय मित्र बनाने के लिए सारे संसाधनों का पूरी तरह प्रयोग किया है। अनेक लोगों के लिए भाजपा तुलनात्मक रूप से एक नई पार्टी है क्योंकि उन्होंने दशकों तक कांग्रेस को सत्ता में देखा है। भाजपा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में लोकसभा में पूर्ण बहुमत मिला। 2019 के आम चुनाव में उनको फिर बहुमत मिला। जहां अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गठबंधन सरकार की मजबूरियों से बाधित थी, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले अभूतपूर्व लोकप्रिय जनादेश से भारतीय संभावनाओं को अपनी पूर्ण क्षमताओं तक पहुंचाने का अवसर दिया है।

केन्द्र में मोदी-नीत सरकार ने एक ऐसा विधायी एजेंडा अपनाया है जिसे पहले असंभव माना जाता था। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 की समाप्ति महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही मुसलमानों में व्याप्त तीन तलाक के प्रतिगामी व्यवहार को खारिज किया गया जिसने सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कठोर सुधारों की ऐसी दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अनेक विश्व नेताओं में नहीं पाई जाती है। इससे विदेशी टिप्पणीकारों में भाजपा तथा उसके नेतृत्व के प्रति जिज्ञासा पैदा हुई है। इस कारण रचनात्मक विदेशी संपर्क को महत्वपूर्ण बनाया है ताकि हम तेजी से बदलते वैश्विक विमर्श के साथ कदम मिला सकें। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने अनेक देशों में राष्ट्रीय नेताओं की परीक्षा ली है। एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश भारत को इस घातक वैश्विक महामारी से अत्यधिक संकटग्रस्त माना जा रहा था। लेकिन भारतीय नेतृत्व ने सिद्ध किया कि वह इस संकट से निपटने में सक्षम है। वास्तव में यह प्रतिक्रिया दो मेड इन इंडिया वैक्सीनों से सिद्ध हुई जिन्होंने न केवल लाखों भारतीयों, बल्कि अनेक अन्य देशों में लाखों लोगों को बचाया। इस मामले में पड़ोसी देश पूरी तरह भारत पर निर्भर रहे।

प्रधानमंत्री ने नीतिगत मोर्चे पर संपर्क बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक समुदाय से विचार-विमर्श किया ताकि कोविड-19 की चुनौतियों से पार पाया जा सके। भारत ने दिखा दिया कि देश दुनिया की औषधि राजधानी है। ब्राजील के राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो ने दवाओं व वैक्सीनों के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसकी तुलना हनुमान जी द्वारा घायल लक्ष्मण जी के लिए 'संजीवनी बूटी' लाने से की। भाजपा ऐसे संकट के समय गरीबों के साथ खड़ी हुई। लाकडाउन व उसके बाद लाखों लोगों को मुफ्त राशन किटें बांट कर पार्टी ने अपनी गहरी सामाजिक प्रतिबद्धता प्रकट की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश भर में सामुदायिक भोजनालय चलाए। इस प्रकार सामाजिक व राजनीतिक कार्य को जोड़ने में और प्रगति हुई। संवाद और संप्रेषण भाजपा तथा उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डीएनए में है।

विदेशी टिप्पणीकारों के आरएसएस व भाजपा के बारे में पूर्वाग्रह हैं जिनका कारण लंबे समय से राजनीतिक विरोधियों तथा गहराई तक जड़ें जमाए 'वाम-उदारवादी परिस्थितिकी तंत्र' द्वारा प्रचारित विमर्श है। आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने विज्ञान भवन में कुछ साल पहले विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया था और उन्होंने सारे सवालों के जवाब दिए थे। उन्होंने संगठन के कामकाज तथा उसके विश्व दृष्टिकोण का विवरण दिया था। भाजपा नेता जमीनी घटनाओं पर नजर रखते हैं और इस प्रकार के संवाद अभियानों से उनको जनता की नब्ज समझने में सहायता मिलती है। वे इतिहास के कैदी नहीं हैं तथा उनकी इच्छा कठिन रास्ते पर चलने की है।

# दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति पर भ्रष्टाचार के आरोप



गुईन डायर
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

राजनीतिक रूप से जुड़े एक पूर्व जासूस ने राष्ट्रपति रामाफोसा की लोकप्रियता पर सवाल उठाते हुए उन पर कुछ बेहद आपत्तिजनक आरोप लगाए हैं। एक समय (लगभग चार साल पहले) सिरिल रामाफोसा को दक्षिण अफ्रीका की आखिरी, सबसे अच्छी उम्मीद के रूप में देखा जाता था। 1994 में रंगभेद की समाप्ति के बाद से, देश की सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) की कमान बुद्धिमान और साहसी नेल्सन मंडेला से बौद्धिक मगर अप्रभावी थाबो मबेकी और उसके बाद भ्रष्ट और अज्ञानी जैकब जुमा के हाथ आई थी। लेकिन 2018 में खंडित और निराश एएनसी ने खुद को एकजुट किया, अपने उद्देश्य को याद किया, और जूमा की जगह सिरिल रामफोसा को अध्यक्ष के रूप में स्थापित किया। आशा बंधी थी कि रंगभेद के खिलाफ संघर्ष में रामाफोसा की सक्रियता का एक लंबा रिकॉर्ड था, वह एक पूर्व ट्रेड यूनियन नेता थे, और वे इतने धनी थे कि उन्हें भ्रष्ट होने की आवश्यकता नहीं थी। वे आदर्श उम्मीदवार थे।

कुछ देर तो यह ठीक चला। अर्थव्यवस्था बहुत अधिक प्रगति नहीं की और बेरोजगारी बहुत अधिक बनी रही, लेकिन जूमा के प्रमुख साथी विदेश भाग गए, अन्य पर विभिन्न अपराधों का आरोप लगाया गया, यहां तक कि जूमा को जेल में बंद कर दिया गया। रामाफोसा कम से कम गंदगी को साफ करने की कोशिश कर रहे थे- लेकिन फिर, दो साल पहले, लिम्पोपो प्रांत में उनके वन्यजीव खेल फार्म में चोरी हो गई। उस समय किसी ने इसके बारे में नहीं सुना था, क्योंकि रामाफोसा ने इसका सार्वजनिक रूप से उल्लेख नहीं किया था। यह समझ में आता है, क्योंकि चोरों ने कथित तौर पर उनके सोफे पर कुशन में 4 मिलियन नगदी छिपा हुआ पाया था। यह उस राष्ट्रपति के लिए अच्छा नहीं है जिसकी यूएसपी भ्रष्टाचार से लड़ रही है, इसलिए पुलिस को कोई रिपोर्ट नहीं की गई। रामफोसा ने नुकसान सह लिया।



यह उतना पागल नहीं है जितना लगता है: रामफोसा दक्षिण अफ्रीका के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक है, और 4 मिलियन डालर उसकी संपत्ति का एक फीसदी अंश भी नहीं है। हो सकता है कि वह इस कोशिश में हो कि ध्यान इस ओर न जाए। लेकिन फिर, इस महीने की शुरुआत में, दक्षिण अफ्रीका की खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख आर्थर फ्रेजर ने इस संबंध में पुलिस में एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई। फ्रेजर ने कहा कि रामाफोसा की 'राष्ट्रपति सुरक्षा इकाई' (अंगरक्षक) ने चोरों का पता लगाया, उन्हें अगवा किया और उनसे पूछताछ की, और फिर नकदी के बारे में चुप रहने के लिए उन्हें रिश्वत दी। हो सकता है कि रामाफोसा जनता के आदमी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन फिर भी वह कानून तोड़ रहा होते। कि तभी फ्रेजर ने खबर को सार्वजनिक कर दिया। समाचार अब पूरे शहर में फैल गया है, और इस सप्ताह तक रामाफोसा पर हर तरफ से हमले हो रहे थे। जैसा कि विपक्षी फ्रीडम फाइटर्स पार्टी के नेता जूलियस मालेमा ने कहा, 'अपराधी अपराधों की रिपोर्ट नहीं करते हैं, जब उनके अपराधों की आय चोरी हो जाती है,'' और संसद और सड़क पर कई अन्य लोगों ने यही विचार व्यक्त किया।

रामाफोसा के लिए, जो दिसंबर में एएनसी में नेतृत्व की चुनौती का सामना कर रहे हैं, यह बिल्कुल गलत समय है। पार्टी के भीतर उनका भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सफल नहीं हुआ और जुमा के समर्थकों ने दंगे करा दिए, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए जब जुमा को जेल में डाला गया। अब जुमा जेल से बाहर है, और रामाफोसा उसी भ्रष्टाचार के ब्रश से खुद को तार-तार कर चुके हैं। इस कहानी में बहुत कुछ गलत है। रामाफोसा के खिलाफ शिकायत लाने वाले पूर्व जासूस प्रमुख आर्थर फ्रेजर, जूमा के करीबी सहयोगी हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति अपने अंकोले मवेशियों और विभिन्न खेल जानवरों की नियमित रूप से नकद नीलामी करते हैं, लेकिन वह तकिए में नकदी क्यों छिपाएंगे?

टैक्स से बचने के लिए? यह एक ऐसा व्यक्ति है जो सचमुच दर्जनों बोर्डों पर बैठा है और कथित तौर पर इसकी कीमत 450 मिलियन डॉलर है। यदि वह करों से बचना चाहता है, तो उसके पास बहुत से वकील हैं, उसे सोफा कुशन की जरूरत नहीं है। समूचा 'घोटाला' ऑपरेशन, और विशेष रूप से स्रोत और 'शिकायत' का समय, एक राजनीतिक स्टिंग की तरह लगता है। फिर भी, रामाफोसा गहरे संकट में हैं। स्टिंग का असली उद्देश्य रामफोसा के महान और संदिग्ध धन को उजागर करना होता। उसने शायद इसे पाने के लिए कानून नहीं तोड़ा, जैसा कि जूमा ने किया था, लेकिन उन्हें यह विरासत में नहीं मिला और उन्होंने इसे कड़ी मेहनत से अर्जित नहीं किया। उन्हें बोर्ड में बैठने के लिए बड़ी रकम का भुगतान किया गया, और उन्होंने आय का बुद्धिमानी से निवेश किया।

रामाफोसा एएनसी द्वारा प्रायोजित 'ब्लैक इकोनॉमिक एम्पावरमेंट' कार्यक्रम के हिस्से के रूप में उन बोर्डों में शामिल हो गए, जिनका उद्देश्य अपने राजनीतिक कार्यों के लिए एक विश्वसनीय, निम्न-प्रोफाइल आय स्रोत प्रदान करना था। इसके अधिकांश समर्थक बहुत गरीब थे, लेकिन चुने गए 'बीईई' नियुक्त लोगों से अपेक्षा की जाती थी कि वे अपनी बड़ी आय का अधिकांश हिस्सा एएनसी को दान कर दें। यह 'राज्य पर कब्जा' की एक परियोजना में भारतीय 'उद्यमियों' के साथ साझेदारी के जरिए जूमा की भारी संपत्ति कमाने के मार्ग से कम अस्पष्ट है, लेकिन दोनों व्यक्तियों की संपत्ति एएनसी के साथ उनके संबंधों से आती है। एलेक्जेंड्रा टाउनशिप में आम मतदाता के लिए, दोनों व्यक्ति बिल्कुल एक जैसे दिखेंगे।

यही कारण है कि एएनसी शायद 2024 के चुनाव में 30 साल सत्ता में रहने के बाद संसद में अपना बहुमत खो देगी। सचमुच, एक बड़ा सुअवसर, भले ही कोई नहीं जानता कि आगे क्या होने वाला है।

## फरमाया



**हमने** अंतरिक्ष व रक्षा क्षेत्र खोला है जो दशकों से सरकारी नियंत्रण में था।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**75** साल में पहली बार सेना प्रमुखों को सरकारी नीतिगत निर्णय के बचाव में सामने लाया गया है।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
राज्यसभा में नेता विरोधी दल



**मुझे** यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय किसान पूरी तरह सुरक्षित हैं।

– **पीयूष गोयल**
वाणिज्य मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## बाढ़ की विभीषिका

**देश** के कई राज्य इन दिनों भीषण बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में हैं। बाढ़ की विभीषिका प्रति वर्ष सैकड़ों लोगों की जान लेने के साथ ही लाखों को बेघर कर देती है। वैज्ञानिक ग्लोबल वार्मिंग को इसकी वजह बता रहे हैं जिस पर गौर करना जरूरी है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मेघालय में बाढ़ की वजह से हर साल हालात सबसे अधिक खराब होते हैं। जान माल के भारी नुकसान के साथ ही राहत शिविरों की व्यवस्था का जिम्मा भी सरकार के मत्थे पड़ता है। बड़ी संख्या में वन्य जीवों की मौत के साथ, वन संपदा को भी नुकसान पहुंचता है। दुख का विषय है कि यह समस्या किसी एक साल में पैदा नहीं हुई है, बल्कि यह तो हर साल होती है, यही नहीं, कई दशकों पुरानी है। हर साल सरकारें बाढ़ नियंत्रण और लोगों के बचाव की योजनाएं बनाती हैं लेकिन स्थाई समाधान के अभाव में 2 दिन की बारिश में सब चौपट हो जाता है। जब तक ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निजात नहीं पाई जाएगी, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं से हम रूबरू होते रहेंगे। राज्य व केन्द्र सरकार को बाढ़ से निपटने के स्थाई प्रयासों पर योजनाबद्ध रूप से जोर देना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, धार

## मोदी की स्पष्टवादिता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को याद दिलाया कि कई बड़े महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक सुधार भी शुरू में अनुचित लगते हैं, लेकिन समय के साथ वे न केवल सबके लिए लाभदायक साबित होते हैं बल्कि कई बार पूरे समाज को नए दौर में भी ले जाते हैं। मोदी जी के तर्क सटीक है। मगर वास्तविकता यह है कि अग्निपथ योजना की घोषणा होते ही 1 घंटे के भीतर ही देश के कई भागों में उग्र आंदोलन और उपद्रव शुरू होना, यह दर्शाता है कि उपद्रव और हुड़दंग मचाने की संपूर्ण तैयारियां पहले से ही थी। बस किसी मुद्दे की तलाश थी और अग्निपथ योजना के रूप में उपद्रवियों को एक मुद्दा मिल गया और देश को उपद्रव की आग में झोंक दिया गया। यह भारत का दुर्भाग्य है कि विश्व के कई देशों में सैन्य शिक्षा अनिवार्य है। और हमारे इतने बड़े देश में इससे रोजगार देने के साथ ही कई अन्य सुविधाएं भी दी जाती है। मगर ये उपद्रव मचाने का एक षड्यंत्र है। लगता है भविष्य के लिए कड़े फैसले लेते हुए अब देश में उपद्रव, बंद, हड़ताल आदि के विरुद्ध सख्त नियम लागू करने पड़ेंगे। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर, देश को जलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

– **सुभाष बुडावनवाला**, रतलाम

## महाअघाड़ी की गाड़ी

**तीन** अलग-अलग दिशाओं में दौड़ने वाले घोड़े एक बग्गी को लेकर दौड़े तो बग्गी आगे ना बढ़ पाई । ढाई साल हो गए लूट खसोट में सभी घोड़े लगे रहे । 2019 में महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा और बहुमत से भी अधिक सीटें दोनों ने हासिल की, पर भाजपा से आधी सीट लेने के बावजूद शिवसेना के उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद के लिए अड़ गए। आखिरकार शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद की खातिर अपने सिद्धांतों को तिलांजलि देकर कांग्रेस और एनसीपी से हाथ मिला कर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली । कांग्रेस और एनसीपी के मंत्री और विधायकों के आचरण से परेशान शिवसैनिक विधायक और मंत्री ढाई साल तक तो सब कुछ सहते रहे और आखिरकार एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उन्होंने शिवसेना छोड़ने का मन बना लिया। अब बाला साहब ठाकरे की असली शिवसेना तो एकनाथ शिंदे वाली हो गई। अभी खेल जारी है। देखना होगा कि महाराष्ट्र में ऊंट किस करवट बैठता है, पर महाअघाड़ी की गाड़ी तो पटरी से उतर ही गई है।

–**अतिवीर जैन**, मेरठ

# महिला स्व-सहायता समूह कौशल प्रशिक्षण का स्मिता बघेल के कर-कमलों से हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, परिवार को आर्थिक समृद्धि प्रदान करने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने हेतु पहुंची स्मिता बघेल का महिला पार्षदों ने पुष्प गुच्छ से हार्दिक स्वागत किया। उनके साथ आए मनीष बंछोर ओ एस डी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन का हार्दिक स्वागत पुष्पगुच्छ से मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने किया।

स्व-सहायता समूह कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री की सुपुत्री स्मिता बघेल के कर-कमलों द्वारा वार्ड क्रमांक 3 भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा ब्यूटी, कम्प्यूटर, कुकिंग, मेंहदी एवं कढ़ाई आदि का उत्तम प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में पार्षद जानकी ध्रुव नीतू रावते रागिनी निषाद ने इस प्रशिक्षण कार्य की तथा इससे होने वाले लाभ की बातों को सभी के समक्ष रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने एवं लाभान्वित होने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने संक्षेप में किंतु सधे हुए शब्दों में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी नगर में विकास से संबंधित कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इस कौशल प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक माताएं बहनें जुड़े और इससे अपनी आर्थिक स्थिति को परिवार को समाज को मजबूती प्रदान करें। मुख्यनगरपालिका अधिकारी ने स्व-सहायता समूह कौशल प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में 1000 महिलाओं को विभिन्न प्रकार के कार्यों के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिए जाएंगे। शासन की इस योजना से संबंधित जानकारी नगरपालिका के अपने वार्ड पार्षदों से प्राप्त की जा सकती है अथवा किसी प्रकार की अधिकृत जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में नगर पालिका में उपस्थित होकर मुझसे भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रथम चरण में 400 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभा को सम्बोधित करते हुए बघेल ने कहा कि मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में किया जा रहा यह कार्य निश्चित रूप से महिलाओं को आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान करेगा जिससे वे अपने घर परिवार को सम्मानित जीवन यापन करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी। नगर की विकास यात्रा का अवलोकन करते हुए मां महामाया उद्यान, आदर्श गोठान, स्टेडियम, बेडमिंटन कोर्ट के पश्चात वार्ड क्रमांक 14 स्थित आश्रय स्थल पहुंच कर प्रशिक्षण कक्ष का उदघाटन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विशाल साहू ने किया। महिलाओं की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका कुम्हारी के समस्त पार्षद नीतू रावते, जानकी ध्रुव शान्ति टंडन कुमारी बाई निषाद सती यादव लता खैरवार ललिता ध्रुव रीना साहू, रागिनी निषाद एवं पूर्व पार्षद उमा शुक्ला कमला मौर्य के. रवि कुमार उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी, पार्षद प्रमोद सिंह राजपूत, ओम नारायण वर्मा, प्रमोद चंद्राकर, महेश सोनकर, मनहरण यादव, थानेश पटेल एवं एल्डरमैन उत्तम पटेला ललित सिंह राजपूत मीडिया प्रभारी लेखराम साहू, निलिश देवांगन तथा नगर पालिका परिषद कुम्हारी के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय व जनपद पंचायत स्तर पर होगा राशनकार्ड शिविर का आयोजन

**बेमेतरा।** आमजनों के राशनकार्ड/ खाद्यान्न संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं विभागीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु नगरीय निकाय/ विकासखण्ड/ तहसील स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। खाद्य अधिकारी बेमेतरा ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक सोमवार को समस्त नगरीय निकाय के मुख्यालयों मे शिविर का आयोजन किया जायेगा, इसके लिए सहायक खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षक एवं राशनकार्ड प्रभारी नगरीय निकाय जिला-बेमेतरा को नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में प्रत्येक मंगलवार को समस्त विकासखण्ड मुख्यालय के जनपद पंचायतों में संबंधित सहायक खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षक एवं राशनकार्ड प्रभारी जनपद पंचायत जिला-बेमेतरा को नियुक्त किया गया है और प्रत्येक बुधवार को समस्त तहसील मुख्यालय में सहायक खाद्य अधिकारी/ खाद्य निरीक्षक एवं राशनकार्ड प्रभारी जनपद पंचायत जिला-बेमेतरा को नियुक्त किया गया है। शिविर स्थल में संबंधी सहायक खाद्य अधिकारी/ खाद्य निरीक्षक द्वारा आवेदकों से राशनकार्ड संबंधी आवेदन, सदस्य जोड़ने/ अंतरित करने व खाद्यान्न प्राप्ति से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण किया जायेगा।

## सकरौद, साजा एवं अर्जुनी के गौठान का निरीक्षण, नियमित रूप से गोबर की खरीदी करने तथा अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गुरुवार को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सकरौद, साजा एवं अर्जुनी में गौठानों का निरीक्षण कर राज्य शासन के महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के कार्यों के क्रियान्वयन का जायजा लिया। महोबे ने ग्राम सकरौद के गौठान का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सभी पंजीकृत पशुपालकों से नियमित रूप से गोबर की खरीदी करने तथा गौठानों में निर्माणाधीन अधोसंरचना के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने गौठानों में तोड़फोड़ कर शासकीय सम्पत्ति को क्षति पहुँचाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। महोबे ने अधिकारियों से कहा कि वे कोटवारों को गौठानों के देखरेख की जिम्मेदारी दें। उन्होंने स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर आजीविकामूलक गतिविधियों को बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

**गौठानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा-** कलेक्टर महोबे ने ग्राम अर्जुनी के गौठान में गोबर खरीदी एवं वर्मी खाद के उत्पादन संबंधी कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने गौठान मे निर्मित वर्मी खाद की गुणवत्ता का प्रशंसा करते हुए सहकारी समितियों के माध्यम से इसका शीघ्र उठाव कराने के निर्देश दिए। महोबे ने गौठान में निर्माणाधीन मशरूम शेड एवं स्वसहायता समूह शेड निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा गॉव में चल रहे आजीविकामूलक गतिविधियों को गौठान में कराने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने गौठान में मनरेगा के तहत् निर्मित कुँआ में सोलर पम्प लगाकर बाड़ी योजना से संबंधित गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत अर्जुनी के सरपंच द्वारा गौठानों के विकास के संबंध में दिए गए आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया। महोबे ने ग्राम साजा के गौठानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गौठान में उपस्थित स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर मुर्गीपालन एवं मछलीपालन आदि आजीविकामूलक गतिविधियों को बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कलेक्टर ने गौठान में पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु पास में स्थित तालाब से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत गुण्डरदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वन कुमार पुसाम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## आई.सी.एफ.ए.आई विश्वविद्यालय में योगाभ्यास और, रायपुर में प्लेसमेंट ड्राइव द्वारा एम.बी.ए. के चार छात्रों का चयन

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



विगत दिनों दि आई. सी. एफ ए.आई. विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए सर्वप्रथम आर्ट आफ लिविंग के मुकेश निहाल एवं उनके सहयोगी ने उपस्थित होकर विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को योग का महत्व, योग का दैनिक जीवन में उपयोग, योग के विविध प्रकार प्राणायाम एवं आसनों के बारे में जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। आपने बताया कि योग सही तरह से जीने का विज्ञान है, इसलिए इसे हमें अपने दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। योग हमारे जीवन से संबंधित भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक एवं आध्यात्मिक सभी पहलुओं पर काम करता है। आध्यात्मिक स्तर पर जुड़ने का मतलब है सार्वभौमिक चेतना सहित व्यक्तिगत चेतना का एकाकार हो जाना। व्यवहारिक स्तर पर योग शरीर मन एवं भावनाओं को संतुलित करने एवं उनमें तालमेल बिठाने का एक साधन है। बाहरी शरीर के बाद योग मानसिक और भावनात्मक स्तरों पर कार्य करता है। रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव और बातचीत के परिणाम स्वरूप बहुत से लोग मानसिक परेशानियों से पीड़ित रहते हैं स्वस्थय शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। मन को नियंत्रित करने एवं उसे परमात्मा से जोड़ने के लिए भी योग वर्तमान समय की महती आवश्यकता है। योग के साथ साथ भ्रामरी प्राणायाम, कपालभारती, वज्रासन, भुजंगासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। वहीं रायपुर में प्लेसमेंट ड्राइव द्वारा एम.बी.ए. के चार छात्रों का प्लेसमेंट सुरजीत एग्रीकल्चर इंडस्ट्रीज रायपुर के तत्वधान कैम्पस ड्राइव के माध्यम से सफलता पूर्वक चयन किया गया। विश्व विद्यालय के मैनेजमेंट विभाग के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सत्य प्रकाश दुबे ने छात्रों को प्रोत्सहित किया एवं सफल छात्रों को सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।

## नाबालिग का अपहरण करने में सहयोग करने वाले आरोपियों को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे

पायनियर संवाददाता ➤ पोंड़ी
www.dailypioneer.com



प्रार्थी द्वारा चौकी हाजीर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लड़की को दिनांक 24,04 ,22 को रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा कर ले गए हैं की रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 25,05,22 को छुईखदान जिला राजनांदगांव से अपृहिता को बरामद कर अपृहिता का महिला अधिकारी द्वारा कथन लिया कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 366, 376 (2)( ठ),366( क),34 भादवी 4,6 पोक्सो एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी प्रदीप उर्फ सुशांत यादव को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया था, नाबालिक को अपहरण करने में सहयोग करने वाले समरतिया बाई पति हरीलाल यादव एवं राजो बाई पति विजय जायसवाल फरार था, पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा प्रकरण के फरार आरोपीयों को तत्काल गिरफ्तार करने आदेश मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उईके के निर्देशन में चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक नवरत्न कश्यप द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रकरण के फरार आरोपी 01. समरतिया बाई पति हरीलाल यादव उम्र 35 साल 02. राजो बाई पति विजय जायसवाल उम्र 35 साल निवासी पोड़ी को आज दिनांक 24,06,22 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड चाहने मानज़ न्यायाल पेश किया गया है जिसे जेल दाखिल किया जाता है, फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक नवरत्न कश्यप प्रधान आरक्षक लवकेश खरें आरक्षक अनिल साहू,जीवन पटेल महिला आरक्षक प्रेमकली यादव, मंजू निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

## खाद को अधिक रेट पर बेचने पर होगी सख्त कारवाही

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खाद बेचने वाले दुकानदार अपने दुकान के सामने खाद के स्टाफ एवं रेट लिखना चाहिए यदि गलत करते हैं तो उनके खिलाफकार्रवाई की जाएगी इसके अलावा किसी भी प्रकार के खाद के मामले में अधिक रेट लिए जाने पर मोबाइल नंबर 98 26615 379 अथवा 9977 37770 शिकायत किया जा सकता है उक्त जानकारी, छ.ग. कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा ने पत्रकारों को चर्चा के दौरान दिया इसके अलावा शर्मा ने बताया कि प्रदेश के मंडियों में अध्यक्ष की नियुक्ति बहुत जल्द होने वाली है यद्यपि समय सीमा के बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा शुक्रवार को बेमेतरा प्रवास के दौरान न्यू सर्किट हाउस में पत्रकारों से रु-ब-रु हुए। इस दौरान उन्हें बताया गया कि बेमेतरा मंडी परिसर में विगत वर्षों से किसानों के सब्जियों के बिक्री हेतु भवन बनकर तैयार है किंतु अभी वहां पर कार्य शुरू नहीं हुआ है जिस पर उन्होंने मंडी के उच्च अधिकारी से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने की बात कहीं गई उन्होने कहा कि वर्तमान समय अभी खेती-किसानी का है। बेमेतरा जिले में खाद एवं बीज का पर्याप्त भण्डारण कर लिया गया है। किसान अपनी सुविधानुसार इसका उठाव कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को खाद एवं बीज के लिए भटकना न पड़े इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के 198 में 186 गौठान सक्रिय हैं जिसमें स्व-सहायता समूह इससे जूड़े हैं। मुर्गी पालन, मछली पालन, दोना-पत्तल, दाल प्रसंस्करण यूनिट आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है। कृषण कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि यूरिया, सुरपफास्पेट, पोटास का भण्डारण किया जा चुका है। उन्होने कहा कि वर्तमान में डीएपी खाद की कमी है। प्रदेश सरकार द्वारा 8 लाख मि.टन उर्वरक की मांग की गई है। इसके बावजूद भी केन्द्र सरकार द्वारा छ.ग. को पर्याप्त आवंटन नहीं भेजा रहा है। श्री शर्मा ने यह भी कहा है कि कृषि प्रधान बेमेतरा जिले में कृषि आधारित उद्योग की काफी संभावनाएं हैं। बेमेतरा जिला चना के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। पहले जिले में सोयाबीन उत्पादन काफी तादात में होता रहा है। जिले में गन्ने का रकबा बढ़ रहा है।

## वृत्त स्तरीय समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रधान मुख्य वन संरक्षक, एवं वन बल प्रमुख, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ राकेश चतुर्वेदी (भा.व.से.) की अध्यक्षता में वृत्त स्तरीय समीक्षा बैठक वनमंडल कार्यालय कवर्धा के सभाकक्ष में संपन्न हुई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, एवं वन बल प्रमुख चतुर्वेदी के द्वारा आवर्ती चराई योजना, संयुक्त वन प्रबंधन समिति के लाभांश एवं चक्रिय निधि के उपयोग, ग्रीन इंडिया मिशन, ई.एस.आई.पी.योजना, लघु वनोपज आदि विषयों पर समीक्षा की गई। उन्होंने नरवा, गरूवा, घुरूवा अऊ बारी के महत्व को बताते हुए कहा कि इस योजना से ग्रामों का विकास हो रहा है, ग्रामीणों कों प्राकृतिक संसाधनों तथा पारंपरिक तरीको से आजीविका का साधन उपलब्ध हो रहा है तथा वे आत्मनिर्भर बन रहें है। उन्होंने आवर्ती चराई योजनांतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में अतिशीघ्र गोठान समितियों का गठन करने के निर्देश दिए। बैठक में अरूण कुमार पाण्डेय (भा.व.से.), सदस्य सचिव, जैव विविधता बोर्ड, रायपुर, भानू प्रताप सिंह (भा.व.से.) मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त दुर्ग, ा आयुष जैन (भा.व.से.) वनमंडलाधिकारी, बालोद वनमंडल,शशि कुमार (भा.व.से.) वनमंडलाधिकारी, दुर्ग वनमंडल, चूड़ामणि सिंह (भा.व.से.) वनमंडलाधिकारी, कवर्धा वनमंडल, शलमा फारूकी (भा.व.से.) वनमंडलाधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल एवं दुर्ग वृत्त के समस्त उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी उपस्थित थे।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई पुण्यतिथि



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रभक्त, प्रखर वक्ता, देश की एकता अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अपने प्राणों का बलिदान देने वाले एक देश एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का मंत्र देने वाले श्रद्धेय डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि कुम्हारी मंडल द्वारा कुम्हारी बस्ती कर्मा भवन में मनाया गया। सर्वप्रथम पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर अमर शहीद होने के नारे लगाए गए। इस बलिदान दिवस कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री कैलाश सोनकर ने किया, इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मांझी प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजू निषाद ने कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेगा का मूल मंत्र देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। इन्ही की विचारधारा से प्रेरित होकर 5 अगस्त 2019 को धारा 370 एवं आर्टिकल 35 को समाप्त किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम लीग की पश्चिम बंगाल विभाजन को अपने कुशल नेतृत्व एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के द्वारा बंगाल का विभाजन नहीं होने दिया। मुखर्जी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित परिवार में जन्म लिया, आप प्रखर राष्ट्रवादी नेता रहे, सबसे कम (32वर्ष) उम्र में उन्हें कोलकाता यूनिवर्सिटी के कुलपति बनने का गौरव प्राप्त है। इंग्लैंड से बैरिस्टर की पढ़ाई करके लौटे एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं वित्त मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दी, 21 अक्टूबर 1951 में आप ने जनसंघ की स्थापना की। भिलाई जिला सह कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय ने मुखर्जी जी के राष्ट्र के प्रति विचारों को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए, देश को नेहरू परिवार एवं शेख अब्दुल्ला परिवार विभाजन की नीति के तहत आज तक राज्य करते आ रहे हैं उनके इन्हीं नीतियों का पुरजोर विरोध डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया और आज ही के दिन 23 जून 1953 को जम्मू कश्मीर में उनकी रहस्यमयी मृत्यु हो गई, कार्यक्रम के समापन की घोषणा पार्षद ओंकार प्रसाद मारकंडे ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष माखनलाल कोसरिया, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, वार्ड नंबर 15 पार्षद रागिनी निषाद, मंडल उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष फिंगेश्वर साहू, मंडल उपाध्यक्ष सुनीता कुर्रे, मंडल मंत्री गीता निर्मलकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जहां हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी अध्यनरत हैं, वहां हिन्दी माध्यम की पढ़ाई अनिवार्य रूप से करने के निर्देश

**बेमेतरा।** प्रदेश में स्वीकृत सभी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जहां हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी अध्यनरत हैं, वहां हिन्दी माध्यम की पढ़ाई अनिवार्य रूप से करने के निर्देश संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी किए गए हैं। संचालक लोक शिक्षण द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि यह शिकायत लगातार प्राप्त हो रही है कि हिन्दी माध्यम के विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पूर्व में ही यह निर्देश दिया गया था कि हिन्दी माध्यम विद्यालयों में नवीन प्रवेश से किसी को रोका न जाए। हिन्दी माध्यम विद्यालयों में कक्षावार दर्ज संख्या में भी कोई प्रतिबंध नहीं है।

संचालक लोक शिक्षण ने पत्र में लिखा है कि जिला शिक्षा अधिकारियों के प्रस्ताव के अनुसार हिन्दी माध्यम की पढ़ाई के लिए संबंधित विद्यालयों में पृथक से पद स्वीकृत किए गए हैं तथा इसकी सूचना भी संबंधितों को भेजी गई है। यदि अतिरिक्त पदों की आवश्यकता है तो उनका प्रस्ताव भेजने को कहा गया है। संचालक लोक शिक्षण ने उपरोक्त निर्देशों के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

## खेत से चोरी गये 40 नग लोहे का एंगल सहित 04 आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** खेती चोरी किए गए 40 नग लोहे का एंगल सहित चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून को प्रार्थी राजेश साहू पिता रतनु साहू उम्र 32 साल साकिन कुसमी थाना बेमेतरा ने थाना हाजिर आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि गांव के कुसुम शर्मा का जोरा तालाब के पास स्थित 15 एकड खेत को रेग में लिया हूं जिसमें लोहे का एंगल गडाकर जाली तार से घेरा लगाया गया था। दिनांक 18.06.2022 को शाम 06 बजे लगभग उसने अपने रेग के खेत में काम कर वापस घर आ गया। दिनांक 19.06.2022 को सुबह 06 बजे जाकर देखा तो खेत में गडे 40 नग लोहे का एंगल नहीं था किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत के मेढ में गडे 40 नग लोहे के एंगल कीमती लगभग 15,000 रूपये को उखाडकर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध. 357/2022 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने माल मुल्जिम पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया एवं थाना स्टाफको अपराध विवेचना हेतु माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया।

मंत्री अकबर के जिला में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल, जिला में कौन करेगा निराकरण

## 1 सप्ताह में शिक्षकों की व्यवस्था नहीं हुई तो जनता कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलनः सुनील केशरवानी

### बोड़ला विकासखण्ड के दो हजार 387 बच्चों का भविष्य की चिंता नही है, सत्ता में मदहोश सरकार को

पायनियर संवाददाता ➤ बोड़ला कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला में शिक्षा का स्तर पहले से घटा है ,कोविड की वजह से 2 वर्षो तक बच्चो की शिक्षा शाला बंद होने से प्रभावित हुई है। इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग को तैयारी करनी थी लेकिन उनकी तैयारी सिर्फ कागजों में रही है। इसी वजह से जिला के अधिकतर स्कूल एकल शिक्षक है जिसके कारण बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

जनता कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह जिला केबिनेट मंत्री अकबर का है और उनके जिला में शिक्षा की स्थिति इतनी खराब है कि जिला शिक्षा अधिकारी पूर्व तैयारी नही कर पाए है।

यदि मंत्री अकबर को कबीरधाम की बच्चो की भविष्य की तनिक भी चिंता हो तो तत्काल इस पर एक्शन लेना चाहिए और शिक्षकों की व्यवस्था करनी चाहिए। अपने आकाओं को राहुल गांधी के सामने रैंक बढ़ाने के लिए उन्हें खुश करने के लिए, वाहवाही लेने के लिए आत्मानन्द स्कूल तो खोल दिया गया है लेकिन वहां भी शिक्षकों की कमी है। वहा गरीब बच्चे का एडमिशन होना पहाड़ खोदने के सामान है। गरीब बच्चों के पालक दर दर भटकते है।

जनता कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि जनता कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हर स्कूल आत्मानंद की तर्ज पर बनेगा ,किसी भी प्रकार की असुविधा नही होगी।

गरीब-अमीर, गांव-शहर सभी के लिए ऐसा स्कूल होगा। जनता कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बोड़ला एस डी एम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बोड़ला के अनेक स्कूल में शिक्षक की कमी है और अनेक जगह एकल शिक्षक है, 38 प्राथमिक स्कूल और 8 मिडिल स्कूल में 2387 बच्चे दर्ज है जहां एकल शिक्षक है बच्चो का भविष्य अधर में है, इस विषय पर संज्ञान लीजिए यदि सप्ताह भर में शिक्षक की व्यवस्था नही होती जो ब्लॉक सहित जिला मुख्यालय में आंदोलन होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस दरमियां शहर अध्यक्ष वसीम सिध्की, अनिल निर्मलकर, बिहारी पटेल, जेडी मानिकपुरी, दलीचंद ओगरे, जय अवस्थी, गोविंद यादव सहित जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अनुभवी और युवा ऊर्जावान व्यापारी सम्हालेंगे कवर्धा चेंम्बर जिला की कमान

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेंम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी, प्रदेश कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं कवर्धा प्रभारी राजेन्द्र जग्गी की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष आकाश आहूजा ने कवर्धा चेंम्बर ऑफ कॉमर्स की जिला इकाई की घोषणा की। जिलाध्यक्ष आकाश आहूजा ने कहा कि चेंम्बर की समिति में वरिष्ठों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा का बेहतर तालमेल रखा गया है सक्रिय युवा व्यापारियों को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है आगे टीम का विस्तार किया जाएगा तहसील स्तर तक इकाई का गठन किया जाएगा। जिले में चेंम्बर की नई इकाई में संरक्षक के रूप में पूर्व अध्यक्ष श्री महावीर जैन एवं निर्मल माहेश्वरी को रखा गया है। चेंम्बर के चेयरमैन के रूप में कुलवंत सिंह सलूजा एवं राजा पात्रो को स्थान दिया गया है वहीं सलाहकार मंडल के रूप में गौतम श्रीमाल, त्रिलोक सिंह मुटरेजा, राधेश्याम शर्मा एवं अनिल दानी को रखा गया। चेंम्बर के महामंत्री पद की जवाबदारी वनीत सिंह सलूजा को दी गई है और कोषाध्यक्ष द्वारिका गुप्ता को बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद के लिए राकेश दोशी एवं प्रभु राजपुरोहित, मंत्री पद के लिए मनोज ठाकुर, अविनाश तिवारी एवं नवदीप सिंह चावला (सोनू) एवं मीडिया प्रभारी संजय तिवारी को बनाया गया है। कवर्धा जिले को अलग अलग जोन में विभाजित कर उनके प्रभारी नियुक्त किये गए है जिसमें कवर्धा जोन के लिए अजय लुनिया, पिपरिया जोन के लिए अनिल दानी, पंडरिया जोन के लिए अमित बरड़िया, पांडातराई जोन के लिए द्वारिका गुप्ता, लोहारा जोन के लिए अविनाश तिवारी को जवाबदारी दी गई है। अनुशासन समिति में भजनजीत खुराना, अजय लुनिया, सूर्यप्रकाश केसरी और अमित बरड़िया को रखा गया है। अतिरिक्त प्रभार (थोक बाजार, चेंम्बर भवन, शासकीय विभाग सम्बंधित) के लिए दिनेश जैन, अतुल देशलहरा, सलीम हिंगोरा, संजय सलूजा, अजय लुनिया, अमित बरड़िया, सोनू चावला, संजय गुप्ता, सूर्यप्रकाश केसरी एवं प्रभु राजपुरोहित को रखा गया है।

# कलेक्टर गौरव कुमार ने ग्राम रौनाकापा मोतिमपुर और बरदुली में लगाई चौपाल

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने पथरिया विकासखंड के ग्राम रौनाकापा, मोतिमपुर और बरदुली में चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर ग्राम रौनाकापा में मुक्तिधाम निर्माण और प्राथमिक शाला भवन की मरम्मत, ग्राम मोतिमपुर के तालाब में पचरी निर्माण और ग्राम बरदुली में शासकीय उचित मूल्य की दुकान हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। वहीं ग्राम बरदुली में अतिरिक्त विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से ग्राम में मूलभुत सुविधाएं राशन, निराश्रित पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान, पेयजल, विद्युत, ग्राम में शिक्षक, पटवारी व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव की उपस्थिति आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों की चैपाल में अनुपस्थिति पर अपनी नाराजगी जताई। और चैपाल के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

जनचैपाल में ग्रामीणजनों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर डॉ सिंह ने प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ग्रामीणजन अपने ग्राम के विकास में स्वयं भागीदार बने और अपने ग्राम को आदर्श ग्राम बनाएं। कलेक्टर डॉ सिंह ने किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी किसान न्याय योजना की जानकारी देते हुए खरीफ सीजन में धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, एसडीएम पथरिया प्रिया गोयल सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय पथरिया में भी सुनी आमजनों की समस्याएं



**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पथरिया में भी आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्राम पंचायत धरदेई के ग्रामीणों द्वारा ग्राम के शासकीय घास भूमि में अतिक्रमण होने की जानकारी दी और अतिक्रमण हटाने संबंधी आवेदन पत्र सौंपे। कलेक्टर ने इस मामले पर गंभीरतापूर्वक विचार करने और नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र सौंपे। इस अवसर पर एसडीएम पथरिया प्रिया गोयल मौजूद थी।

## ग्राम बरदुली के बलदाऊ निषाद के साथ कलेक्टर ने खिंचाई फोटो



**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने पथरिया विकासखंड के ग्राम बरदुली में चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीण बलदाऊ निषाद कलेक्टर डॉ. सिंह के सरल और सहज स्वभाव को देखकर काफी प्रभावित हुए और कलेक्टर के साथ फोटो खिंचाने की इच्छा जताई। कलेक्टर डॉ सिंह बलदाऊ निषाद के भोलेपन और उनकी इच्छा को देखकर मना नहीं कर पाए और उन्होंने उनके साथ फोटो खिंचाई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने ग्रामीण बलदाऊ निषाद से उनके कामकाज के बारे में भी जानकारी ली। बलदाऊ निषाद ने बताया की वह गांव में खेती किसानी करता है और शेष समय ग्राम की सेवा करने में व्यतीत करता है। इस अवसर पर एसडीएम पथरिया प्रिया गोयल मौजूद थी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों का अभाव

**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां पर चिकित्सा अधिकारी डॉ उमाशंकर साहू एवं डॉक्टर शशिप्रभा बंजारे स्त्री रोग विशेषज्ञ जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 4 चिकित्सा अधिकारी की आवश्यकता है उन्हीं पर डॉ उमाशंकर साहू एवं डॉ शशि प्रभा बंजारे के बलबूते पर स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है । जहां पर देखा जाए तो डा बंजारे स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। इस तरह से यहां पर तीन चिकित्सा अधिकारी की आवश्यकता महसूस हो रही है। क्षेत्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के नाते अभी वर्तमान में डॉ उमाशंकर साहू पर पूरा भार पड़ा हुआ है ,और उन्हें 24 घंटे तैनात रहना पढ़ रहा है । मुड़के देखें तो यहां पर डॉ सरोज कच्छप नाक, कान ,गला रोग विशेषज्ञ एवं डा बलराम रोहिदास रहे जो अभी वर्तमान में जिला चिकित्सालय जाजगीर चले गए हैं जिनसे की यहां की स्थिति बिगड़ती हुई नजर आ रही है । क्षेत्र के जो नेता हैं उनका ध्यान भी इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शायद नहीं पड़ा होगा जिनकी वजह से यहां पर डॉक्टरों का अभाव महसूस किया जा रहा है।

## चौकी थानों में जन चौपाल का किया जा रहा आयोजन




**मुंगेली।** ग्रामीण क्षेत्रो में जागरूकता लाने एवं अपराध नियंत्रण के लिए इन दिनो पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा लगातार चौकी थानो में जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रो में हाने वाले अपराधो पर नियंत्रण किया जा सके । इसी तारतम्य में ग्राम चिरहुला ,बुंदेली एंव भरदा मे नायब तहसीलदार मुंगेली श्रीमति शालिनी तिवारी एंव थाना सिटी कोतवाली मुंगेली से स.उ.नि. रामकुमारी यादव एंव राजस्व और पुलिस विभाग स्टाफ के द्वारा पृथकपृथक ग्रामो मे जाकर जन चैपाल चलित पुलिस थाना लगाकर लोगो की समस्याओ को सुना गया एंव मौके पर तत्काल निराकरण किया गया महिला संबधी अपराध एंव कानूनी अधिकार संबंधी जानकारी एवं नशापान के दुष्परिणाम से लोगो को अवगत कराया गया। पुलिस एंव अन्य विभाग से संबधित ऐसी समस्या जो तत्काल निराकृत नही की जा सकी उक्त के संबंध मे ग्राम वासियो की शिकायत को नोट कर आगामी दिवस मे निराकृत किये जाने हेतू समझाईस दी गयी। जन चैपाल एंव चलित थाना मे ग्राम चिरहुला, बुंदेली एंव भरदा के सरपंच, सचिव, कोटवार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शाला और व्यक्तिगत सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम पर कापू थाना प्रभारी दिये अपराधों की जानकारी बताये बचाव के उपाए



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना कापू अन्तर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल कापू एवं हाई स्कूल विजयनगर के शिक्षकों का मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा प्राकृतिक आपदा एवं विपदा के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी जा रही है जिससे सुरक्षा उपाय अपनाए जा सके। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा को भी वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। थाना प्रभारी कापू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण को प्राकृतिक आपदा एवं विपदा के समय प्राथमिक सहायता सामग्रियों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए वर्तमान में होने वाले अपराधों के संदर्भ में साइबर क्राईम जिसमें एटीएम क्लोनिंग, फैक कॉल, सोशल मीडिया पर प्रोफाइल प्रोटेक्ट आदि सावधानियों की जानकारी दिया गया और उनसे बचाव के उपाए बताये गये और जागरूकता को साइबर क्राईम रोकने का सबसे बड़ा हथियार बताये। वहीं क्षेत्र के मानव तस्करी के दुषपरिणाम बताकर ऐसे घटनाओं की जानकारी मिलने पर पुलिस व प्रशासन को सूचना देने कहा गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी द्वारा महिला संबंधी अपराधों, गुड टच-बैड टच, बाल यौन दुराचार, पॉक्सो एक्ट की जानकारी दिये।

## पिकअप की ठोकर से मृत छात्र के माता को 25 हजार का कलेक्टर ने किया सहायता राशि प्रदान

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



पुलिस थाना फास्टरपुर के अंतर्गत ग्राम माराड़बरी निवासी चैतराम कोषले पिता शत्रुहन कोषले उम्र लगभग 12 वर्ष कक्षा 7वीं एवं पालन कुमार टोण्डर पिता चितराम टोण्डर उम्र लगभग 14 वर्ष कक्षा 8 वीं के छात्र का कुण्डा फास्टरपुर मुख्यमार्ग में ग्राम लालपुर के पास 22 जून को प्रातः काल लगभग 7 बजे कुण्डा से फास्टरपुर की ओर कुण्डा से फास्टरपुर की ओर तेज रफतार से आ रही पीकअप क्रमांक सी.जी.50जी.1222 से टक्कर लगने पर एक्सीडेंट हो गया। जिससे उक्त दोनों छात्र गंभीर रूप से मौके पर घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी माराड़बरी निवासियों के द्वारा पालक एवं पुलिस थाना फास्टरपुर को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पालकों ने अपने संसाधन से ईलाज के लिए जिला अस्पताल मुंगेली ले गया। जहां ईलाज के दौरान छात्र चैतराम कोषले का निधन हो गया वही पालन कुमार टोण्डर गंभीर रूप से घायल है। पालकों ने पुलिस थाना फास्टरपुर में उक्त घटना की जानकारी दी है। पुलिस थाना फास्टपुर ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए। प्रशासन के नियमानुसार सड़क दुर्घना में मृत व्यक्ति को दिये जाने वालें अनुग्रह राषि 25 हजार रू. नगद भुगतान मृत छात्र चैतराम की माता को कलेक्टर मुंगेली डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमाकांत जायसवाल ने तत्काल 25 हजार रू. नगद प्रदान किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म, अपचारी बालक धरमजयगढ़ पुलिस की हिरासत में

**रायगढ़।** नाबालिग बालिका के साथ गांव के लड़के द्वारा उसके मामा के घर ले जाकर अनाचार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रैरूमाखुर्द चौकी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक विजय पैंकरा को बताया कि 09 जून की दोपहर लड़की रिश्तेदार के घर सीतापुर जाने के लिए घर से निकली थी जिसे गांव का लड़का मोटर सायकल पर पत्थलगांव जा रहा हूं, पत्थलगांव तक छोड़ दूंगा कहकर अपने साथ मोटर सायकल में बिठाकर ले गया और उसे पत्थलगांव न ले जाकर उसके मामा के घर ले गया, जहां बालिका के साथ दुष्कर्म किया और अगले दिन सुबह घर लाकर छोड़ दिया। बालिका अपनी मां को घटना बताई। तब गांव के पंच को बताये और लड़के को बैठक पर बुलाये पर लड़का नहीं आया।

## कलेक्टर डॉ. सिंह के निर्देश पर ग्राम पड़ियाईन, सिलतरा और छिनभोग में जनचौपाल तथा चलित थाना का हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आमजनों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न ग्रामों में जनचैपाल और चलित थाना का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पथरिया तहसील के तहसीलदार शिवम पाण्डेय और पुलिस विभाग द्वारा विगत दिनों ग्राम पड़ियाईन, सिलतरा और छिनभोग में जनचैपाल तथा चलित थाना का आयोजन किया गया। जहां ग्राम पड़ियाईन के ग्रामीण संतोष बघेल द्वारा प्राकृतिक आपदा से उनके घर गिरने पर मुआवजा राशि की मांग, ग्रामीणों द्वारा ग्राम में स्थित आयुर्वेद चिकित्सालय में चिकित्सक की मांग, नवीन किसान पुस्तिका की मांग, वृद्धावस्था पेंशन, अभिलेख दुरूस्ती, नामांतरण, धान खरीदी केन्द्र, पेंशन, किसान सम्मान निधी और जमीन संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। तहसीलदार पाण्डेय द्वारा कई समस्याओं का मौके पर निराकरण कर लोगों को राहत पहुंचाई गई। इसी तरह उन्होंने मौके पर निराकरण नहीं होने वाले शेष प्रकरणों को जांच उपरांत निराकरण करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से खेती किसानी के संबंध में चर्चा कर खाद बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह पुलिस विभाग द्वारा लोगों को नशामुक्ति के संबंध में समझाईश दी गई। इस दौरान नायब तहसीलदार वेद कुमार सोनकर भी मौजूद थे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के कोषाध्यक्ष अशोक चौधरी चाम्पा ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश व जांजगीर चाम्पा सहित अन्य जिलों का भी कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह छत्तीसगढ़ राजधानी के वृन्दावन हाल में सम्पन्न हुआ,जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारियों प्रदेश पदाधिकारियों व जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही, राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने संगठन को मजबूत बनाने पर पूरा जोर देने को कहा वही छत्तीसगढ़ प्रभारी लेखराज अग्रवाल ने प्रदेश में मैं अहम की भावना को छोड़ समाज के लिए कार्य करने पर जोर दिया वही राष्ट्रीय प्रवक्ता अवधेश अग्रवाल ने सामाजिक एकता पर मजबूती बनाने कहा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल रायपुर ने सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का अभिनंदन व सम्मान किया वही मंच का सफल संचालन डॉ नीरज अग्रवाल रायपुर ने किया, शपथ ग्रहण समारोह में जांजगीर चाम्पा से प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक चौधरी चाम्पा,जिला अध्यक्ष मनोज अग्रवाल नैला, उपाध्यक्ष बजरंग कमानिया अकलतरा, महामंत्री प्रमोद सिंघानिया जांजगीर, मंत्री बसंत अग्रवाल नैला, उमेश गोयल नैला,रायगढ़ जिले से प्रदेश मंत्री आशुतोष अग्रवाल ने भी सामाजिक हित में कार्य हेतु शपथ लिया, प्रदेश भर के सभी जिलों के अग्रवाल समाज के लोग शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - माँ शीतला माता
वार्ड क्र. 16, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 208/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 424/16, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - दौलत राम निषाद S/o राम कुमार निषाद, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- शीतल निषाद W/o रामकुमार निषाद.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - मेटल पार्क
वार्ड क्र. 09, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 198/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 244/09, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - संतोष साहू S/o तोरण साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- रूपा चौबे W/o आनंद चौबे.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - शहीद चंद्रशेखर आजाद
वार्ड क्र. 31, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 197/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 105/31, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - श्री कैलाशनाथ केशरवानी S/o स्व. श्री केदारनाथ केशरवानी, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- सीमा केशरवानी W/o महेन्द्र केशरवानी.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - माधव राव सप्रे
वार्ड क्र. 19, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 199/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 662/19, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - चेतना सुराना W/o संजय सुराना, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- उमरावती देवी कुशवाहा W/o श्री लाल बाबु प्रसाद.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - डॉ. रविन्द्रनाथ टैगोर
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 207/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 599/40, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - खिलावन निर्मलकर S/o भुवन लाल, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- कमला निर्मलकर W/o सुदन लाल.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - माँ बंजारी धाम
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 203/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 532/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - मुकेश कुमार साहू S/o केजू राम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- प्रकाश कुमार साहू S/o मुकेश कुमार साहू.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - डॉ. भीमराव अम्बेडकर
वार्ड क्र. 29, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 202/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 148/29, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - मो. नजीर अंसारी S/o अब्दुल सकुर अंसारी, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- (i) आमना बेगम W/o मो. नजीर, (ii) मो. मोबीन अंसारी S/o मो. नजीर.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - गोवर्धन यादव
वार्ड क्र. 14, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 201/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 210/14, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - शोभाराम यादव S/o नंदू यादव, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- रामकृष्ण यादव S/o शोभाराम यादव.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - ठाकुर देव
वार्ड क्र. 18, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 200/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 453/18, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - मुन्नी बाई वर्मा W/o श्री कुमार वर्मा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- खेमलाल वर्मा S/o स्व. श्री कुमार वर्मा.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - लाल बहादुर शास्त्री
वार्ड क्र. 12, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 204/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 488/12, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - दिलीप कुमार सेन S/o राजेन्द्र राम, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- राकेश कुमार महतो S/o रामप्रीत महतो.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - छत्रपति शिवाजी वार्ड
वार्ड क्र. 15, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 205/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 84/15, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - राम खिलावन डहरिया S/o पुनुराम डहरिया, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- घनश्याम कुर्रे S/o गणेश कुर्रे.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - माँ बंजारी धाम
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 206/24.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 329/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - किशन पांडे S/o श्री मिलन पांडे, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- ज्ञानचंद पांडे S/o किशन पांडे.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

# जशपुर को इको टूरिज्म रूप में देखना मेरा सपना-यूडी मिंज इसे बढ़ावा देने की घोषणा का हम करते है दिल से स्वागत

## जिले को स्कॉटलैंड, कश्मीर, शिमला बनाने में मिंज के प्रयासों से मिलेगी सफलता

### सीएम से संसदीय सचिव यू.डी. मिंज जैव विविधता रिसर्च सेंटर स्थापित करने की करेंगे माँग

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जैसा कि संसदीय सचिव यू डी मिंज जशपुर जिसकी तुलना स्कॉटलैंड, कश्मीर और शिमला से करते हुए लगातार इको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म एग्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहे हैं। वे अनेको बार प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से ग्रीन एवं पर्यटन जिला घोषित करने की माँग करते हुए मिल चुके हैं। मुख्यमंत्री के जशपुर विधानसभा और कुनकुरी विधानसभा में भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में आना हो रहा है लेकिन क्या अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जशपुर जिले को ग्रीन जिला घोषित करते हुए इको टूरिज्म की घोषणा करेंगे ऐसी उम्मीद जशपुरवासियों को है। संबंध में कुनकुरी के विधायक एवं संसदीय सचिव ने कहा कि मै शुरू से पर्यावरण को बचाने के साथ इस जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने का पक्षधर रहा हूँ इसके लिये लगातार प्रयास कर रहा हूँ, हमारे मुख्यमंत्री आदरणीय भूपेश बघेल जी तक तरह तरह से बात पहुँचाने का प्रयास किया हूँ जशपुर जिले की जैव विविधता के बारे में बता कर इस ग्रीन जिला घोषित करने की दिशा में काम किया हूँ।

### ये है जिले की खूबी

संसदीय सचिव मिंज ने कहा कि बार बार यहाँ की विशिष्ट जलवायु के बारे बात करता हूँ बताता हूँ पुरे देश में यहाँ की जो जैव विविधता है वह और कही नहीं मिलती, पुरे मध्यभारत में तो इकलौता जिला है जो जैव विविधता से समृद्ध है.यहाँ तीन प्रकार की जलवायु मिलती है.जशपुर का तापमान 0 से 45 डिग्री तक का है दार्जलिंग और हिमालय के मौसम जैसा है. हम यहां चाय, कॉफ़ी, स्ट्राबेरी, नासपाती, संतरा, अंगुर, कटहल, पुटकेल, मिर्ची, आम, काजू, महुआ, जामुन, चिरौंजी, सरई की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं हम इको टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म, नेचर टूरिज्म को बढ़ावा देना चाहते हैं इको इंडस्ट्रीज का हम दिल खोल कर स्वागत करते हैं।

### मौसम है अनुकूल

उन्होंने कहा कि जशपुर का मौसम हिमालय के तराई की तरह है यहाँ कैलाश गुफ़ा में वनस्पतियाँ हिमालय की वनस्पतियों से कम नही है यहाँ बहने वाली अल्कानंद नदी का पानी गंगा नदी के पानी से किसी भी रूप में कम नही है यह वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया है, जशपुर के जंगल में हाथी समेत कई महत्वपूर्ण जंगली जानवर जैसे कोटरी, जंगली सुकर, भालू, जंगली बिल्ली, खरगोश सहित अन्य वन्य जीवों का बसेरा है जहां पुरातात्विक महत्वपूर्ण धरोहरें हैं जिनका संरक्षण के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम रोजगार के नए आयाम गढ़ने को तैयार हैं इको टूरिज्म रोजगार का एक बड़ा साधन बने इसके लिए हम पर्यटन सहित अन्य विभागों से लगातार वार्तालाप कर रहे हैं मुख्यमंत्री जी भी मेरी मंशा से अवगत है इसकी घोषणा से जशपुर का युवा रोजगार से जुड़ सकेगा।

## संसदीय सचिव मिंज के प्रयासों से बदल रही विधानसभा की तस्वीर, जनता की उम्मीदों पर खरे उतर रहे विधायक



**जशपुरनगर।** संसदीय सचिव यू.डी. मिंज की सौच से कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है उनकी नई सोच से यहाँ की शिक्षा, कृषि पर्यटन, एडवेंचर टूरिज्म, जैवविविधता, पर्यावरण, सिंचाई में अब बदल रही हैं उनके सपने अब आकर ले रहे हैं। जनता के लिए सपने देखने का साहस हर राजनेता में नई होता है, वर्षो बाद कोई एक ऐसा नेता राजनीतिक परिदृश्य में देखने में आया है ,जो सिर्फ जनता के लिए सोंचते है ,उनके विकास के उड़ान के लिए काम करते हैं। उनकी सक्रियता और दूरगामी सोंच के कारण आज कुनकुरी विधानसभा की कुछ नई तस्वीर नजर आती है जिसे कई पीढ़ियों तक याद किया जायेगा और क्षेत्र की जनता को लाभान्वित होंगी। उन्होंने 2019 में क्षेत्र की जनता को कृषि महाविद्यालय की सौगात दी, 2020 में उद्यानिकी महाविद्यालय, की स्वीकृति कराई है इन दोनों महाविद्यालय के अनुसंधान रिसर्च प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य में किसानों के साथ क्षेत्र की तकदीर भी बदलेगी। इससे किसान समृद्ध होगा उससे जशपुर जिला एग्रो इको टूरिज्म की दिशा में ख्याति प्राप्त करेगा इस दिशा में यह शुरुआती प्रयास है। इसके साथ उन्होंने क्षेत्र की सभी मुख्य मार्ग को ठीक करने का बीड़ा उठाया और सभी सड़कों को स्वीकृत करा कर काम भी आरम्भ करा दिया है। जिले में अभी 300 करोड़ के मुख्य सड़क, स्टेट हाईवे, पीएमजीएसवाइ, एमएमजीवाईएस की सड़कें बन रही है जो क्षेत्र को पर्यटन की दिशा तय करने में मददगार होगा।

## अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में हो रहा स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार आजादी के बाद पहली बार लोहा ग्राम में लगा स्वास्थ्य शिविर

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



जिले के पहुंचविहीन गांवों तक पहुंच स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। अंदरूनी क्षेत्रों तक पहुंचकर अंतिम व्यक्ति तक विभागीय योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। ऐसे ही कलेक्टर श्री दीपक सोनी के दिशा-निर्देश में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगभग 12 किलोमीटर पैदल चलकर, पहाड़ियों को पार कर विकासखंड कुआकोंडा अंतर्गत लोहा गांव पहुंची टीम में 25 सदस्य शामिल थे।

**ग्रामीणों में दिखी खुशी जताया आभार**

गांव के लोग अपने गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखकर अत्यंत खुश हुए। उन्होंने कहा कि हम नहीं पहुंच पा रहे तो स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई। स्वास्थ्य अमले को देख गांव के लोग स्वेच्छा से अपना इलाज करवाया। टीम के द्वारा लोगों को इलाज के साथ-साथ निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। लोहा गांव पहुंचविहीन होने के कारण आगामी बारिश के मौसम के मद्देनजर रखते हुए गांव में डिपो होल्डर के माध्यम से दवाइयों का भंडारण किया गया ताकि किसी प्रकार की आपातकालीन समस्या होने पर गांव के लोगों को वहां से दवाई मिल पाए। साथ ही मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत सभी ग्रामीणों से मलेरिया की जांच की गई।

**शिविर के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में हो रहा स्वास्थ्य सुधार:-**125 की जनसंख्या वाले लोहा ग्राम में लगे इस स्वास्थ्य शिविर में 104 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार करवाया। इस दौरान मलेरिया जांच में 11 मरीज पॉजिटिव पाए गए, वहीं 14 लोगों में मोतियाबिंद और 3 बच्चों में कुपोषण की समस्या मिली। रोगी पाए गए ग्रामीणों को उपचार उपरांत आवश्यकतानुसार दवा दी गई। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इन गांवों में ग्रामीणों को विभाग की योजनाओं से अवगत कराया गया। ऐसे ही विभाग के द्वारा पिछले एक वर्षों से लगातार ऐसे दुर्गम क्षेत्रों का चिन्हांकन वहां पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ एवं विभाग की योजनाएं पहुंचाई जा रही है उक्त टीम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमित दलाल डॉ ऋषभ कोचर डॉक्टर दिलेश वर्मा आर एम एस सी एच से सलाहकार डॉ. गीतू हरित मीडिया अधिकारी अंकित सिंह डब्ल्यूएचओ सलाहकार कुमार गौरव अतीक अंसारी पर्यवेक्षक राजेश बेहरा डीके साहू आर एच ओ नैना कश्यप शमीम रजा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल थे।

## सुशील सत्री अग्रवाल महाराष्ट्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल, मुंबई कार्यालय के बैठक में शामिल हुए



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवम अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्त्री अग्रवाल महाराष्ट्र भवन एवम अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल, मुंबई कार्यालय के बैठक में शामिल हुए। अग्रवाल का महाराष्ट्र कर्मकार मंडल के अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक में महाराष्ट्र कर्मकार कल्याण मंडल के श्रमायुक्त सुरेश जाधव द्वारा छत्तीसगढ़ में मजदूरों के कल्यानार्थ माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा मजदूरों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा की इन योजनाओं को महाराष्ट्र सरकार में भी लागू करेंगे। तत्पश्चात बैठक में महाराष्ट्र शासन द्वारा स्वतः उपकर जमा हो जाता है, सॉफ्टवेयर का बारीकी से अध्ययन किए। अध्ययन पश्चात छत्तीसगढ़ भवन एवम अन्य कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्त्री अग्रवाल द्वारा यह यह कहा गया की छत्तीसगढ़ में भी ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार करवाएंगे जिससे उपकर की राशि स्वत ही शासन के खाते में जमा हो जायेगी। इस प्राप्त राशि से शासन को वित्तीय लाभ होगा तथा राजस्व में बढ़ोतरी होगी तथा इस प्राप्त राशि से छत्तीसगढ़ में मजदूरों के हित में अधिक से अधिक कार्य हो सकेगा। इस बैठक में अध्यक्ष के साथ सदस्य मंजू सिंह बैंस, अनिल कुमार सिंह, दुर्गेश जायसवाल एवम बलराम मौर्य तथा अधिकारीगण भी उक्त बैठक में उपस्थित रहे।

## किरंदुल मंडल के भाजपाइयों ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण किया



**किरन्दुल।** मण्डल में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया गया। 23 जून से 6 जुलाई तक मुखर्जी की स्मृति में समस्त बूथों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किये जाने का भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा आवाहन किया है। इसके तहत आज किरन्दुल मण्डल के श्रृंगारपुर कैम्प शक्तिकेन्द्र के बूथ पर अमरूद ,कटहल,आंवला,जामुन जैसे फलदार पौधे और नीम ,पीपल जैसे पौधे लगाकर वातावरण शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धरमपाल मिश्रा जिला मंत्री व शक्ति केन्द्र प्रभारी भावना सक्सेना मण्डल महामंत्री संजु दास विक्रम नाहक, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शेख नजमुल हक, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शालिनी कर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सिंगासन गुप्ता सरस्वती डहरिया, मंत्री अंजलि शर्मा, युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री सुजीत सोनकर, सतेंद्र गुप्ता, कुणाल कुमार, बी माधव, अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शेख हसीना, तलत परवीन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक गुलाब कमरो की मेहनत रंग लाई, आजादी के बाद पहली बार रांपा नदी पर बनेगा 4 करोड़ 85 लाख का पुल

पायनियर संवाददाता कोरिया
www.dailypioneer.com





विधायक गुलाब कमरो ने क्षेत्र को एक बार फिर से बड़ी सौगात दिलाई है। विधायक के प्रयासों से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग रांपा नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। यह पुल 4 करोड़ 85 लाख की लागत से बनाया जाना है। उल्लेखनीय है पिछली सरकार के 15 साल के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता ने इस नदी पर पुल निर्माण की लगातार मांग की, लेकिन पूर्व सरकार व विधायक की उदासीनता के कारण कोई भी सकारात्मक पहल नहीं हो पाई। नई सरकार बनने के बाद एक बार फिर उत्साह से भरे ग्रामीणों ने विधायक गुलाब कमरो से पुल निर्माण की मांग की जिसे विधायक ने अथक प्रयास कर स्वीकृति दिलाई। आजादी के बाद पहली बार रांपा नदी पर पुल बनेगा जिसका लाभ सीधे तौर पर ग्रामीणों को मिलेगा। उक्त पुल क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरों की उपलब्धियों में गिना जाएगा।

**10 गांव के 10 हजार लोग होंगे लाभान्वित-** रांपा नदी पर पुल बनने से भरतपुर विकासखंड के 10 गांव के लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। मिली जानकारी के अनुसार इन 10 ग्रामों की जनसंख्या लगभग 10 हजार के आसपास की है। ग्राम घाघरा, लावाहोरी, ठोरगी, खोहरा, सरगुजिहा पाठ, कुदरा, ढाब, कोरमा, कटरंगी एवं दुलारी ग्राम के ग्रामीणों को सीधे तौर पर उक्त पुल निर्माण का लाभ मिलेगा। वर्तमान में स्थिति यह है कि हर साल बरसात में इन ग्रामों का संपर्क अपने विकासखंड मुख्यालय से कट जाता है जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य समस्या होने पर या किसी भी प्रकार की आपातकालीन परिस्थिति में बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उक्त पुल निर्माण होने के बाद जहां इन 10 ग्रामों में सीधे तौर पर आवागमन सुलभ हो सकेगा वहीं आपातकालीन परिस्थिति में भी किसी भी प्रकार की किसी कठिनाइयों का सामना ग्रामीणों को नहीं करना पड़ेगा।

**क्षेत्र में लगातार हो रहा विकास**

विधायक गुलाब कमरो के प्रयासों से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य संचालित हो रहे हैं एवं नित्य प्रतिदिन नए-नए छोटे-बड़े कार्यों की स्वीकृति भी हो रही है।

## कृति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में 'नया भारत उत्सव2022' का आयोजन







पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कृति ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूट रायपुर में यानी शुक्रवार को नया भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रायपुर सांसद सुनील सोनी तथा इस कार्यक्रम के संयोजक दानसिंह व संजय जोशी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमिक निर्देशक बी.सी. जैन ने मुख्य अतिथियों के स्वागत संबोधन के साथ किया। यह आयोजन केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया था। इस नया भारत कार्यक्रम के आयोजन में कृति ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के छात्रों ने मुख्य अतिथि सुनील सोनी के साथ बातचीत की और युवाओं के बीच डिजिटलीकरण के महत्व के बारे में अच्छी चर्चा की। कुछ युवाओं ने नई शिक्षा नीति को लेकर के भी सांसद सोनी से कुछ सवाल भी पूछे जिनका सांसद सोनी ने बेबाकी से व पूरी नीति को स्पष्ट करते हुए जवाब दिया। सांसद सोनी ने आगे कहा की मोदी सरकार के आने से देश में कई तरह के बदलाव आए हैं.उन्होंने न केवल गरीबों की गरीबी, कुपोषण या बीमारी पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि विभिन्न योजनाएं भी बनाईं जो गरीबों के लिए बहुत मददगार होंगी। सांसद सुनील सोनी ने अग्नीपथ योजना को लेकर भी युवाओं के बीच में खुलकर के चर्चा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों से संवाद के बाद नृत्य व केंद्र सरकार की योजनाओं पर आधारित नुक्क ड़ नाटक का आयोजन किया गया। नृत्य के माध्यम से, बताया गया कि अपने देश के प्रति देशभक्ति दिखाते और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हम ग्रामीण जीवन में डिजिटलीकरण के महत्व को दिखाते हैं और कैसे डिजिटलीकरण लोगों के जीवन को आसान बनाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हुआ। तत्पश्चात आए हुए मुख्य अतिथियों को कृति ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट की ओर से स्मृति चिन्ह का भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ-साथ कृति ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के अकादमिक निर्देशक डॉ. बी.सी. जैन ग्रुप के सीईओ सुमित श्रीवास्तव, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक गण व और भारी संख्या मे विद्यार्थी उपस्थित थे पूरे कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सभागार में आयोजित की गई।

## अरपा नदी के उद्गम के संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अरपा बचाओ अभियान के संयोजक डॉ सोमनाथ यादव द्वारा अरपा नदी के उद्गम के संरक्षण और विकास हेतु एवं अरपा के सहायक नदी, नालों को पुनर्जीवित तथा संरक्षण हेतु विगत 18 वर्षों से अपने साथियों के साथ भीषण गर्मी मई, जून माह में अरपा नदी के उद्गम अमरपुर पेंड्रा से संगम मटियारी,मंगला पासीद तक जनजागरण अभियान के रूप में यात्रा कर जल, पेड़, खेत और नदी, तालाबों के संरक्षण और संवर्धन हेतु आम जनता को जागरूक करते आ रही है,वही समस्याओं को लेकर शासन,प्रशासन को समय समय पर पत्र व्यवहार भी किया जाता रहा है।इसी क्रम में अरपा बचाओ अभियान ने पूरे तथ्यों के साथ अरपा नदी के उद्गम स्थल अमरपुर,पेंड्रा का चिन्हांकन कर उसके संरक्षण और संवर्धन हेतु तथा वहाँ पर एक कुंड का निर्माण एवं सहायक नदियों के संरक्षण हो इस हेतु छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री तथा कलेक्टर गौरेला,पेंड्रा,मरवाही को पिछले दिनों अरपा बचाओ अभियान के तहत ज्ञापन सौंपा गया था, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा कलेक्टर गौरेला, पेंड्रा, मरवाही को पत्र लिखकर अरपा नदी के संरक्षण और संवर्धन करने को कहा गया है। इस संबंध में कलेक्टर गौरेला, पेंड्रा, मरवाही द्वारा की जा रही कार्यवाही की कापी संयोजक अरपा बचाओ अभियान को भेजी गई। विगत 18 वर्ष से लगातार अरपा बचाओ अभियान के सदस्यों द्वारा किए जा रहे जनजागरण अभियान में बिलासा कला मंच के पदाधिकारीगण जिनमे डा सोमनाथ यादव, महेश श्रीवास, राघवेंद्रधर दीवान, राजेंद्र मौर्य, डॉ सुधाकर बिबे, रामेश्वर गुप्ता, अजय शर्मा, देवानंद दुबे, अश्वनी पांडेय, सतीश पाण्डेय, ओम शंकर लिबर्टी, दिनेश्वर जाधव,अनूप श्रीवास, सतीश ठाकुर, नीरज यादव, प्रदीप कुमार, उमेंद्र यादव, रतन जैसवानी, शिव यादव,श्याम कार्तिक सहित बिलासा कला मंच के अन्य सदस्य शामिल होते रहे है।

## योग से होता है हमारा आध्यात्मिक विकास



**मनेन्द्रगढ़।** योग न केवल हमें शारीरक रूप से स्वस्थ रखता है बल्कि योग से हम मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं इससे हमारा आध्यात्मिक विकास भी होता है। शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित 'मिलकर करें सभी योग' कार्यक्रम में अपना उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डा.एस.पी.त्रिपाठी ने कहा कि योग हमें जीवन को बेहतर बनाने का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में हमारा खानपान, वातावरण प्रदूषित हो गया है इसलिए स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत आवश्यक है इससे हम अंग्रेजी दवाओं के विपरीत प्रभाव से तो बचते ही हैं साथ ही अनावश्यक खर्च में भी बचत होती है। कार्यक्रम संयोजक व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अतुल वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक साप्ताहिक रूप से योग करते हैं । आगे ऐसी योजना है कि महाविद्यालय के सभी छात्र सप्ताह में कम से कम एक बार योग करें। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विधायक प्रतिनिधि अंकुर प्रताप सिंह, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, महाविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिलासपुर रेंज में चलाया गया 'नशे से आज़ादी पखवाड़ा' अभियान, जब्त गांजे से बिजली का उत्पादन

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नशे से आजादी अभियान के तहत बिलासपुर रेंज के सभी ज़िलों में नशे के विरुद्ध कार्यवाही की गई ।हाई पावर ड्रग डिस्पोज़ल कमेटी द्वारा रेंज के ज़िलों में जप्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया। सुधा बायो पॉवर प्राइवट लिमिटेड मोहतराई के बॉयलर में नष्टीकरण का कार्य संपन्न कराया गया। इस अभियान के तहत बिलासपुर रेंज के कुल 553 प्रकरणों में जप्त 12.767 टन गाँजा, 13 नग पौधा, 8380 नग टेबलेट , 11220 नग कफसिरप, 897 नग कैप्सूल व 222 नग इंजेक्शन का किया गया नष्टीकरण के दौरान जलाए गए गाँजे से लगभग 5MW बिजली का उत्पादन हुआ, पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार नशीले दवाओं के दुरुपयोग,तस्करी एवं दुष्प्रभाव पर जागरूकता एवं मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु दिनांक 12 से 26 जून 2022 तक 'नशे से आज़ादी पखवाड़ा' अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रतन लाल डांगी द्वारा रेंज के सभी ज़िलों में मादक पदार्थों व नशे के विरुद्ध कार्यवाहियों के निर्देश दिए गए।इस दौरान रेंज के सभी ज़िलों में नशे के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु बिलासपुर रेंज स्तर पर 4 सदस्यीय हाई पावर ड्रग डिस्पोज़ल कमेटी का गठन किया गया है जिनके द्वारा बिलासपुर रेंज के सभी जिलो के नष्टीकरण योग्य कुल 553 प्रकरणों में जप्त 12.767 टन गाँजा, 13 नग पौधा , 8380 नग टेबलेट , 11220 नग कफसिरप, 897 नग कैप्सूल व 222 नग इंजेक्शन के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष रतन लाल डांगी पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, सदस्य पारुल माथुर पुलिस उप महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक बिलासपुर, भोजराम पटेल पुलिस अधीक्षक कोरबा, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी बिलासपुर तोरन सिंह एवं पंचों की उपस्थिति में दिनांक 24.06.2022 को सुधा बायो पॉवर प्राइवट लिमिटेड मोहतराई ज़िला बिलासपुर की बॉयलर में विधिवत जलाकर किया गया। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान अति पुलिस अधीक्षक दीपमाला कश्यप, अति पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली स्नेहिल साहू, उप पुलिस अधीक्षक सुशीला टेकाम, थाना प्रभारी कोनी सुनील तिर्की व पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पहुंचविहीन ग्राम लोहा हाइजीन किट का वितरण

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

**दंतेवाड़ा।** रेडक्रॉस जिला शाखा दंतेवाड़ा के चेयरमैन कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला शाखा रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा जिले के विकासखंड कुआकोंडा अन्तर्गत ग्राम लोहा गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंच कर हाइजीन किट का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बदलते मौसम में विशेषकर सफाई को लेकर स्वास्थ्य के प्रति सजग किया गया। गौरतलब है कि रेड क्रॉस के द्वारा लगातार विभिन्न गांव में लोगों तक पहुंच कर सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर रेडक्रॉस जिला संघटक अंकित सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, डॉक्टर गीतू हरित, डब्लू एच ओ सलाहकार कुमार गौरव मौजदू रहे।

## रविदास समाज जन कल्याण सरगुजा सम्भाग के जिला जशपुर कार्यकारिणी का विस्तार

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला जशपुर कार्यकारिणी विस्तार के प्रभारी आदेश कुमार रवि - सम्भागीय महासचिव, जिला मीडिया प्रभारी सूरजपुर ने अवगत कराया है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला जशपुर की जिला, ब्लॉक कार्यकारिणी विस्तार के लिए 22 जून को समय निर्धारित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मान्यवर अशोक लाल कुर्रे - सम्भागीय अध्यक्ष सरगुजा सम्भाग, विशिष्ट अतिथि लखनलाल कुर्रे जिला अध्यक्ष सूरजपुर, शिवप्रसाद रवि जिला अध्यक्ष बलरामपुर, अमीरसाय कुर्रे कोषाध्यक्ष सूरजपुर, संजय कुर्रे, गुप्तेश्वर रवि जिला सचिव कोरिया, सरगुजा, राजमन रवि, महावीर भास्कर युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कोरिया, सरगुजा, अनिल भारती महामंत्री बलरामपुर, तिलकधारी रवि ब्लॉक अध्यक्ष सूरजपुर, मान्यवर श्याम कुमार कनौजिया जिला कार्यकारिणी सदस्य कोरिया गरिमामयी उपस्थिति रहा, सर्व प्रथम सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज, परम् पूज्य बौधिस्तव, विश्वरतन, सिम्बल ऑफ नॉलेज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की छायाचित्र पर दीपप्रज्वलित, माला पहनाकर, पुष्प अर्पित करते हुए, कार्यक्रम की शुरुआत किया गया, मुख्य अतिथि द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। ततपश्चात सम्भागीय अध्यक्ष की सहमति से जिला, ब्लॉक कार्यकारिणी का प्रस्ताव लाया गया। जिसमे सम्भागीय सचिव महिला प्रकोष्ठ ममता चौधरी, जिला संरक्षक इंद्रजीत बाघव, जिला संयोजक जे0आर0 रोशन, 'जिला अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी', सम्भागीय उपाध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सूर्यवंशी जिला उपाध्यक्ष रामप्रीत दिवाकर, मान्यवर सुजीत रोशन, मान्यवर सुरेश बाघव, जिला सचिव मान्यवर मुरारी रवि, जिला महासचिव अभिनव बाघव, जिला मीडिया प्रभारी सन्तोष रवि, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुनीता रोशन, जिला उपाध्यक्ष रेनू देवी, जिला सचिव जगमईत बाघव, जिला कोषाध्यक्ष गायत्री रवि, जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक रवि, उपाध्यक्ष करमचन्द्र सूर्यवंशी, जिला सचिव विजय कुमार बंजारे, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बंजूआ, जिला महासचिव गोकुल राम, को जिले की कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनाया गया।

**शराब बंदी की हुई घोषणाः-** सरगुजा सम्भाग के सुदूर अंचल जिला जशपुर की पावन धरा से 'सम्भागीय अध्यक्ष महोदय मान्यवर अशोक लाल कुर्रे' ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष रविदास समाज के जन्म से मृत्यु तक के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब पीने के लिए प्रतिबन्ध लगाने की घोषणा किया, एवं शिक्षा, स्वास्थ्य पर जोर देते हुए सभी रविदास समाज के लोगों से आग्रह किया कि इस मुहिम में आप स्वयं शराब की नशा को त्यागकर अच्छे इंसान बने एवं एक रोटी कम खायें लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर देवें।

## नरवा, घुरवा, गरूवा, बाड़ी स्कीम पर द्विवेदी ने प्रस्तुतीकरण दिया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में नरवा, घुरवा, गरूवा और बाड़ी योजना के अंतर्गत ग्रीन ऑटोमेटिव फ्यूल (कम्पैस्ड बायोगैस) के उत्पादन की असीम संभावनाएं - डॉ. दीपक द्विवेदी, डीन, राजीव गांधी, इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, टैक्नोलॉजी, अमेठी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के मुख्यालय भवन में आज डॉ. दीपक द्विवेदी, डीन, राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, टैक्नोलॉजी, अमेठी द्वारा डेवलपमेंट ऑफ न्यू सस्टेनेबल (जंगरोधी) बायोगैस प्लांट इंटिग्रेटेड विथ वर्मीकम्पोस्टिंग यूनिट सुटेबल फॉर छत्तीसगढ़ एवं स्टेब्लिशिंग द फैसेलिटी ऑफ ग्रीन ऑटोमेटिव फ्यूल प्रोडक्शन इन छत्तीसगढ़ इंटिग्रेटिंग नरवा, घुरवा, गरूवा, बाड़ी स्कीम पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि उनके इस प्रोजेक्ट की छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं। प्रस्तुतीकरण के प्रारंभ में मण्डल के सदस्य सचिव, श्री आर.पी. तिवारी ने डॉ. दीपक द्विवेदी का परिचय देते हुए बताया कि यह दोनो विषय छत्तीसगढ़ के लिये बेहद महत्वपूर्ण है तथा इन दोनो प्रोजेक्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ में न केवल पर्यावरण बेहतर होगा बल्कि इससे रोजगार संभावनाएं भी बढ़ेगी।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
संभाग-01 रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9424209041

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्रं.-215 //

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-01, कबीर नगर, रायपुर के अंतर्गत एकलव्य खेलकुद प्राकल्प परिसर, रायपुर में पुरूष एवं महिला हॉस्टल भवन के निर्माण कार्य हेतु प्री-क्वालिफिकेशन के आधार पर द्वितीय बार 01 नग ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की गई है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय संभाग-01, कबीरनगर, रायपुर में संपर्क करें।

संवाद - 32977/4 कार्यपालन अभियंता

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव**

// जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने //

क्र./Q/प्रवा.तह./2022 राजनांदगाँव, दिनांक 24/6/2022

हल्का पटवारी, प.ह.नं.-42
ग्राम-लखोली,
तहसील व जिला राजनांदगांव

आवेदक ईश्वर भाई पटेल आ. स्व. जेठाभाई पटेल व अन्य, निवासी-सनसिटी कालोनी, लखोली, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम लखोली, प.ह.नं.-42, तहसील राजनांदगाँव स्थित भूमि माननीय अपर जिला न्यायाधीश, राजनांदगाँव द्वारा पारित निर्णय दिनांक 31/03/2022 के आधार पर राजस्व अभिलेखो में आवेदकगण एवं अनावेदकगणों का संयुक्त रास्ता राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्ताशय के संबंध में जाँचकर जाँच प्रतिवेदन नियत सुनवाई तिथि 17/07/2022 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुहर
तहसीलदार
राजनांदगांव

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// उद्घोषणा //

प्रकरण क्रं. /अ-6/21-22

**पक्षकार - श्री राजा देवांगन पिता स्व. सुखराम देवांगन**
निवासी विवेकानंद वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)........आवेदक
**विरूद्ध**
**श्री द्वारिका प्रसाद पिता हगरू प्रसाद देवांगन,**
साकिन कोहका भिलाई सुपेला, जिला दुर्ग (छ.ग.).........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला विवेकानंद वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजा देवांगन पिता स्व. सुखराम देवांगन, निवासी विवेकानंद वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 बी, प्लाट नं. 161 क्षेत्रफल 143 व.मी. पर पंजीकृत बैनामा दिनांक 01.12.2021 के आधार पर नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला पडावपारा मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि नामांतरण के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 28/06/2022 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 10/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

# मेसर्स सिंगी कंस्ट्रक्शन के काम पर फट पड़े प्रमुख अभियंता सब इंजीनियर पर गिरी गाज, ईई को मुख्यालय बुलाने की तैयारी

## सर्किट हाऊस की एप्रोच रोड बनने निर्माण में भरार्शाही, मानकों पर खरा नहीं उतरा सड़क, उखाड़ी जाएगी

■ जिले के दौरे पर रहे प्रमुख अभियंता भतहपरी ने विभागीय अफसरों की ली क्लास, सख्त लहजे में चेताया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



**ठेकेदार को लगाई फटकार :** एप्रोच रोड के लिए मिट्टी के पटाव, फिलींग और खराब क्वालिटी के डामर के इस्तेमाल को देखकर प्रमुख अभियंता भतपहरी ने इस कार्य को तत्काल रोकने के आदेश दे दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद ठेकेदार संजय सिंगी पर बरसते हुए खामियां गिनाना शुरु किया। उन्होंने साफ कहा कि, इस कार्य में कुछ भी ठीक नहीं है। यहां बिछाई गई डामर की परत मोटाई भी काफी कम है जो कि मानकों के अनुरुप नहीं है। वहीं इसमें मिली मिट्टी ने भी सड़क की गुणवत्ता खराब कर दी है। इस निरीक्षण के बाद ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि, गुणवत्ताहीन कार्य के लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता है।

जिला मुख्यालय में वीवीआईपी के ठहरनेके लिए सर्किट हाऊस में निमार्णाधीननए भवन की एप्रोच रोड ही मानकों पर खरी नहीं उतरी। शुक्रवार को यहां निरीक्षण के लिए पहुंचे लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने गुणवत्ताहीन निर्माण देखते ही सब इंजीनियर योगेश शुक्लाको सस्पेंड करने के साथ ही ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दे दिए। वे इतना नाराज हुए कि उन्होंने मौके पर ही ईई डीके नेताम को मुख्यालय अटैच करने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखने कहा है। उन्होंने सारे सब इंजीनियरों को बुलाकर चेतावनी देते हुए सख्त लहजे में गुणवत्तायुक्त कार्य करने कहा है।

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता भतपहरी के निरीक्षण ने यहां चल रहे निर्माण कार्यों में खराब गुणवत्ता और मनमानियों की कलई खोल कर रख दी है। सर्किट हाऊस की नई बिल्डिंग के लिए बन रही एप्रोच रोड निर्माण में भरार्शाही पर वे जिम्मेदारों पर फट पड़े। सड़क का निर्माण कर रहे मेसर्स संजय सिंगी कंस्ट्रक्शन के खिलाफ भी उन्होंने कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मौके पर ही उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्ताहीन कार्य के लिए जमकर फटकार भी लगाई। निर्माण को उन्होंने अस्वीकार करते हुए पूरी एप्रोच रोड उखड़वाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### पहले भी हुई शिकायत

रानी सागर किनारे सड़क निर्माण के लिए पीडब्लूडी ने सड़क,पुलियानिर्माण के लिए तीन करोड़ का टेंडर जारी किया था। यह कार्य मेसर्स सिंगी कंस्ट्रक्शन को मिला था। इस निर्माण में शेष राशि से ही सर्किट हाऊस के नए भवन के लिए एप्रोच रोड का निर्माण करवाया जा रहा है। सड़क निर्माण में खराब गुणवत्ता को लेकर कई शिकायतें की गई थीं। इससे पहले भी रानी सागर किनारे सड़क निर्माण की गुणवत्ताको लेकर भी सवाल उठते रहे जिसे लेकर विभाग ने उदासीन रवैया अपनाया। आज प्रमुख अभियंता के निरीक्षण में ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत उजागर हो गई। मेसर्स सिंगी कंस्ट्रक्शन द्वारा किए गए निर्माण कार्यमें अनियमितता को लेकर प्रमुख अभियंता ने कड़ा रुख अपनाया है।

### हुए नाराज, बगैर लंच निरीक्षण पर निकले



प्रमुख अभियंता विजय भतपहरी आज जिले के दौरे पर रहे। जिला मुख्यालय में लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के कार्यों में भरार्शाही की शिकायतों पर प्रमुख अभियंता विजय कुमार भतपहरी शुक्रवार को निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले नए सर्किट हाऊस की बिल्डिंग और एप्रोच रोड का निर्माण देखा। वे यहां से निकलकर डोंगरगढ़, खैरागढ़ और उससे आगे के निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए निकल गए। इससे पहले उन्होंने सर्किट हाऊस में अधिकारियों की जमकर क्लास ली। वे इतना नाराज़ हुए कि बगैर लंच किए ही यहां से निकल गए। उनके रहते लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दी।वे जैसे ही बैठक के लिए अंदर प्रवेश कर रहे थे दरवाजे के ऊपर उखड़ी टाईल्स ने उन्हें दोबारा नाराज़ कर दिया।सर्किट हाऊस के गैर जिम्मेदाराना प्रबंधन को लेकर भी उन्होंने ईई डीके नेताम को जमकर फटकार लगाई। इसी तरह सामने लगाई गई कलाकृतियों के खराब हो जानेको लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई।

सर्किट हाऊस में सड़क निर्माण में तकनीकी खामियां पाई गई हैं। इस मामले में हम सब इंजीनियर पर कार्रवाई कर रहे हैं। ईई से भी जवाब तलब किया जाएगा। काम करने की जिम्मेदारी सब इंजीनियर की होती है, एसडीओ से भी जवाब तलब करेंगे। जिन्होंने गलतियां की हैं उन पर कार्रवाई करेंगे। शिकायतें मिली है निरीक्षण के लिए जा रहे हैं।

**-विजय कुमार भतपहरी,** प्रमुख अभियंता, पीडब्लूडी

प्रमुख अभियंता ने निरीक्षण किया है। उनके आदेशानुसार जवाब तलब किए जाने के बाद कार्रवाई की जाएगी। सर्किट हाऊस में एप्रोच रोड का निर्माण रानी सागर किनारे बनी सड़क की शेष रकम से किया जा रहा है। इसका काम मेसर्स संजय सिंगी कंस्ट्रक्शन को दिया गया है।

**-डीके नेताम,** ईई, पीडब्लूडी राजनांदगांव

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, गाड़ी मोड़ते वक्त हुआ हादसा

■ विधायक निधि से मिले फ्रिजर का नहीं हो रहा उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com



बीते गुरुवार की रात लगभग 8 - 9 बजे के बीच गंडई से मजदूरी कर रात को मोटर सायकिल से अपने घर ग्राम लिमो जाते वक्त मॉलवाहक माजदा (सीजी 08 एबी 5126) से सीधी टक्कर में सुमरन टंडन (35) की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में बाईक सवार दो अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। यह हादसा अंधे मोड़ की वजह से होना बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि मेन रोड पर गाड़ी मोड़ने के कारण बाइक सवार बाइक की स्पीड कंट्रोल नही कर सके। वही रात में अंधेरे के कारण भी ज्यादा समझ नही आने से वे सीधे माजदा गाड़ी के बीचों बीच जा घुसे। पास में सीसी टीवी कैमरा लगे होने के कारण पूरी घटना का वीडियो फुटेज भी सामने आया है। जहाँ मोटर सायकल में तीन लोग सवार थे जिसमें एक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वही दो लोग सुखदेव टंडन लालपुर, रूपेंद्र यादव लालपुर घायल है। गंडई पुलिस ने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति सामान्य है। सामान्य होने के कारण दोनों को गंडई हॉस्पिटल से छुट्टी कर दी गई है। मृतक का पोस्टमार्डम शुक्रवार को सुबह 11 बजे कराकर शव को परिजन को सौप दिया गया है।

वही घटना के समय उपस्थित कुछ लोगों ने गाड़ी में आग लगा दी । माजदा के पीछे हिस्से को देखने से पता चला है कि आग लगाई गई थी। लेकिन घटना के समय मौके पर पुलिस की 112 वाहन पहुँची और आग पर काबू पा लिया गया।

**फ्रीजर का नही हो रहा उपयोग :** गंडई सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में स्व विधायक देवव्रत सिंह के द्वारा अपने निधि से डेड बॉडी रखने के लिए मरचुरी सहित फ्रीजर दिया गया था। लगभग तीन महीने से गंडई स्वास्थ केंद्र में मशीन आ तो गई है मगर अभी तक मशीन को चालू नही किया गया है। जो भी डेड बॉडी यहाँ आपातकालीन समय में आती है उसे कई घण्टो तक ऐसे ही हॉस्पिटल के एक बंद कमरे में बिना फ्रिजर के रखा जा रहा है। इस मामले में बीएमओ छुईखदान डॉक्टर मनीष बघेल का कहना है कि जानकारी लेकर इसे तुरंत इस्तेमाल किया जाएगा।

## निजी स्कूल बस संचालकों की बैठक, कलेक्टर-एसपी ने सख्त लहजे में चेताया

■ बैठक में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करने के दिए गए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले में संचालित निजी विद्यालयों के बस संचालकों की बैठक लेकर बच्चों की सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन की जानकारी से विद्यालय संचालकों को अवगत कराया गया।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बच्चे की सुरक्षा प्राथमिकता से होनी चाहिए। बच्चे की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी प्रकार से कोई चूक अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी विद्यालय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी नियमों और निर्देशों का पालन करने के साथ-साथ इन्हें व्यावहारिक रूप से अमल में लाएं।

कलेक्टर ने कहा कि स्कूली बच्चों को बस में चढ़ाने और उतारने के लिए एक निश्चित स्टॉपेज स्थान का निर्धारण करें। सभी स्कूलों स्कूली बसों के फिटनेस की जांच कराई जाएगी। इसके लिए आने वाले समय में आरटीओ विभाग के द्वारा स्कूल बसों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही स्कूल बस का परिचालन करने वाले वाहन चालक और परिचालक का चरित्र सत्यापन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय-समय पर महिला शिक्षकों के माध्यम से स्कूली छात्राओं से संवाद कर कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। जिससे उनके व्यवहारिक समस्याओं की जानकारी मिल सके। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए पूरे स्कूल परिसर को सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रखना चाहिए।

### ये हैं निर्धारित मापदंड

बैठक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन की जानकारी दी गई। बताया गया कि स्कूल बस के पीछे भाग में दोनों ओर 9 इंच की एक पट्टी पर स्कूल का नाम पता एवं टेलीफोन मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा। इसी तरह बसों के खिड़कियों में समांतर जाली की व्यवस्था की जाएगी। स्कूल बसों का संचालन ऐसे चालक द्वारा किया जाएगा जिसके पास भारी यान चलाने के लिए न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो। ऐसे चालकों को नियोजित नहीं किया जाएगा जिनका सड़क पर लेन व्यवस्था को उल्लंघन करने सिग्नल लाइट का उल्लंघन करने या अनाधिकृत व्यक्ति यों को वाहन में चढ़ाने पर वर्ष में दो बार से अधिक चालान किया गया हो। ऐसे चालक नियोजित नहीं किया जाएगा जिसका एक बार भी अनियंत्रित गति से नशे की हालात में वाहन चलाने तथा खतरनाक ढंग से वाहन संचालन करने के अपराध में चालान किया गया हो। कोई भी स्कूल बस 12 वर्षों से अधिक पुरानी नहीं होगी। स्कूल बस में ओवरलोड नहीं होगी। बस में वाहन का दस्तावेज फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वाहन का पंजीयन कार्ड अपडेट रखना होगा।

## विक्की को कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ में जिला उपाध्यक्ष की कमान

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं प्रदेश कांग्रेस व्यपार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी के निदेर्शानुसार कांग्रेस व्यपार प्रकोष्ट के अध्यक्ष अफजल अली ने कांग्रेस के युवा नेता विक्की विष्णु पटेल को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि विक्की पटेल हमेशा से कांग्रेस के विभिन्न पदों पर सक्रियता से अपने कार्य का निर्वहन करते रहे हैं और कॉंचर्स कई मजबूती के लिए काम किया है। इस नए दायित्व से भी वह पार्टी को एक नई ऊर्जा देंगे ऐसा भरोसा उन्होंने दिलाया है। विक्की ने कहा है कि वो कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों पर चलकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के हर विषय पर काम करेंगे। इस अवसर पर विक्की के समर्थकों व उनके चाहने वालों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## सांसद निधि से विकास कार्यों की मांग



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सांसद संतोष पांडे के राजनांदगांव प्रवास के दौरान चिल्हाटी क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने उनसे मुलाकात की। यादव ने इस भेंट में अपने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए विभिन्न कार्यों के लिए अनुशंसा पत्र भी सौंपा। उन्होंने सांसद निधि से स्वीकृति देने का आग्रह किया।

## नक्सल पर्चे में राज परिवार को धमकी

**राजनांदगांव।** मानपुर इलाके में एक बार फिर क्षेत्रीय राजपरिवार लाल निशाने पर आ गया है। माओवादियों ने पर्चे जारी कर मानपुर-कोराचा राजपरिवार के दो लोगों को जनअदालत में सजा देने का फरमान जारी किया है। आरकेबी डिवीजन के हवाले से जारी पर्चे बड़ी संख्या में सीतागांव बस्ती से लगे कुंजकन्हार मोड़ के पास औंधी मेन रोड में फेंके गए थे। जिन्हें पुलिस ने जप्त कर लिया। बताया जाता है कि इससे कुछ वर्षों पहले राजपरिवार के ही अजम शाह के बड़े भाई कीर्तन शाहको नक्सलियों ने उनके ही घर में मौत के घाट उतार दिया था। वहीं इन पर्चों में आरएसएस की भी खिलाफत की गई है। हालांकि पुलिस ने अब तक इस पर्चों के नक्सलियों द्वारा किए जाने की पुष्टि नहीं की है।

## मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मनाया बलिदान दिवस



पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को मंडल छुरिया के अनेकों बुथों में बलिदान दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर झिथराटोला व रामपुर हाइस्कूल में वृक्षारोपण कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्य म में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि मुखर्जी द्वारा राष्ट्रहित में किए गए त्याग,तपस्या,बलिदान राष्ट्र को एक नई ऊंचाई में ले जाने वाला वरदान साबित हो रही है। हम सब कार्यकर्ता को मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिये। इस अवसर मंडल महामंत्री संजय सिन्हा मंडल, मंत्री पद्दुम साहू, सालिक साहू, कुमदास साहू, दुर्योधन साहू, डेवसिंग पटेल, राजकुमार निषाद, रोहित चंद्रवंशी, बृजलाल यादव, योगेश पटेल, बाला राम साहू, नेतराम पटेल, नागेश निषाद, भीखू यादव, राम प्रसाद यादव, शिव साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सर्व समाज प्रमुखों ने अभियान चलाने दिया समर्थन

# राजनांदगांव का नाम दिग्विजयनगर करने को लेकर संगोष्ठी हुई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनाँदगाँव जिले का नाम राजनांदगांव की बजाय स्व. महंत राजा दिग्विजय दास के नाम पर करने की मांग उठ रही है। गुरुवार को सर्व समाज प्रमुखों ने संगोष्ठी कर राजनांदगांव को दिग्विजय नगर नाम दिए जाने को लेकर अपनी सहमति दी। इसके साथ ही इस अभियान को लेकर पुरजोर समर्थन भी दिया है। सर्व समाज की बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि आने वाले दिनों में राजनांदगांव जिले का नाम दिग्विजय नगर किया जाए। सर्व समाज प्रमुखों ने इसके लिए दिग्विजय नगर समिति को अभियान चलाने के लिए अपना समर्थन भी दे दिया है। दिग्विजय नगर समिति के बैनर तले संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में जिले को दिग्विजय नगर किए जाने की मांग रखी गई है। बैठक में सर्व समाज के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए और अपने विचार रख कर इस मुहिम को तेज करने के लिए अपना समर्थन दिया है। संगोष्ठी के आयोजन में दिग्विजय नगर नाम देने को लेकर अलग अलग तथ्य रखे गए हैं जिनमें रियासत कालीन इतिहास के कई तथ्यों को शामिल किया गया है। इसके बाद सर्व समाज प्रमुखों ने राजनांदगांव जिले का नाम दिग्विजय नगर किए जाने को लेकर अपनी सहमति प्रदान की है।महंत राजा दिग्विजय दास की रियासत राजनांदगांव जिले का नाम उनके ही नाम पर रखने को लेकर पूरा शहर उत्साहित है और इस मुहीम को पुरजोर समर्थन मिल रहा है। शहर के एक निजी होटल में संगोष्ठी के माध्यम से दिग्विजय नगर समिति के बैनर तले संगोष्ठी का आयोजन किया गया आयोजन में राजनांदगांव जिले को दिग्विजय नगर किए जाने की मांग रखी गई है बैठक में सर्व समाज के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए और अपने विचार रख कर इस मुहिम को तेज करने के लिए अपना समर्थन दिया है।

### राजा साहब का नाम होगा अमर

संगोष्ठी के आयोजन में दिग्विजय नगर समिति के अध्यक्ष दुष्यंत दास ने कहा कि राजनांदगांव रियासत में वैष्णव राजाओं ने काफी विकास कार्य किए हैं। अंतिम राजा रहे महंत राजा दिग्विजय दास ने तो अपना महल ही



शिक्षा के लिए दान कर दिया था ऐसे दानवीर राजा को आज तक हम एक अमिट छाप नहीं दे पाए हैं इसलिए सर्व समाज की बैठक आयोजित कर संगोष्ठी के रूप में इस मामले को लेकर के चर्चा की गई और जिस प्रकार निष्कर्ष सामने आया है कि अब राजनांदगांव जिले का नाम बदलकर दिग्विजयनगर किया जाए। इसके लिए सर्व समाज प्रमुखों ने दिग्विजय नगर समिति को दायित्व सौंपा है निश्चित तौर पर इस दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ किया जाएगा और आने वाले समय में अलग अलग तरीके से अभियान चलाकर राजनांदगांव जिले का नाम दिग्विजयनगर किए जाने को लेकर प्रयास किए जाएंगे।

### ये लोग रहे प्रमुखता से मौजूद

आयोजन में मुख्य रूप से महापौर हेमा देशमुख, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, गणेश शंकर मिश्रा, समाजसेवी दामोदरदास मूंदड़ा, प्रेस क्लब सचिव अनिल त्रिपाठी, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजा मखीजा, संजय रिजवानी, राकेश सेठिया, संजय बहादुर सिंह,अजय परिहार, निखिल भदोरिया, शिवकुमार वैष्णव,अनूप वैष्णव, अमर लालवानी,घनश्याम वैष्णव,देवेंद्र मोहन लाला, डीसी जैन, सतीश भट्टड़,दिनेश दास, अशोक फडणवीस, देवकुमार निवाणी, मुख्तार सिंह,शिव अग्रवाल,पातंजलि बाजपेयी,अखिलेश तिवारी,दिवाकर बाजपेई, रमेश शर्मा,सुरेंद्र गुप्ता,शिव नारायण धकेता, श्याम चरण गुप्ता, संतोष पटाक, बजरंग शर्मा, दयावान देवांगन,ओमप्रकाश कांकरिया, रमेश यादव, गरीबा यादव, डॉक्टर अरुण दीक्षित, गजेंद्र बक्शी आमोद श्रीवास्तव ज्योतिषाचार्य सरोज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# अफगानिस्तान में भीषण भूकंप से इमरजेंसी जैसे हालातः यूनाइटेड नेशंस

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

यूनाइटेड नेशंस के सीनियर अधिकारियों ने कहा कि पहले ही सूखे और गरीबी की मार झेल रहे अफगानिस्तान में भीषण भूकंप के कारण देश के सामने एक और आपात स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा लोग अफगानिस्तान में ही अकाल के खतरे का सामना कर रहे हैं और देश के नए तालिबान शासकों द्वारा मानवाधिकारों का उल्लंघन बढ़ रहा है।

### 3.8 करोड़ की आबादी के सामने गंभीर समस्या

यूनाइटेड नेशंस के मानवीय मामलों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स और अफगानिस्तान के लिए यूनाइटेड नेशंस के उप विशेष प्रतिनिधि रमिज़ अलकबरोव ने अफगानिस्तान की 3.8 करोड़ की आबादी के समक्ष खड़ी गंभीर कठिनाइयों और खतरों का जिक्र किया। अफगानिस्तान में 22 जून को आए भीषण भूकंप के बाद सुरक्षा परिषद की एक बैठक में अधिकारियों ने ये बयान दिए।

### सुखाड़ से भी जूझ रहा है अफगानिस्तान

मार्टिन ग्रिफिथ्स ने इस ऑनलाइन बैठक में कहा कि तालिबान के पिछले साल अगस्त में अफगानिस्तान को अपने नियंत्रण में लेने के बाद से अफगानिस्तान के राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में बदलाव आया है और 'देश के लोग अविश्वसनीय मानवीय पीड़ा' का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, '30 साल में सबसे खराब सूखे से जूझने के कारण प्रांतों के तीन-चौथाई हिस्से प्रभावित हुए हैं, जिससे फसल का उत्पादन औसत से कम होने की उम्मीद है।

### 66 लाख लोग 'आपात' स्थिति में

ग्रिफिथ्स ने कहा कि देश की 2.15 करोड़ आबादी गरीब में गुजर-बसर कर रही है, यह आंकड़ा 2011 की तुलना में दोगुना है। इनमें से 66 लाख लोग 'आपात' स्थिति में है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक लोग अफगानिस्तान में ही अकाल से प्रभावित हैं। अलकबरोव ने कहा कि भूकंप ने लोगों के सामने एक और मुसीबत खड़ी कर दी है। उन्होंने कहा कि तालिबान के खिलाफ सशस्त्र विपक्षी समूहों के उदय के कारण वहां सुरक्षा को लेकर अनिश्चितताएं उत्पन्न हो रही हैं।



### भूकंप में एक हजार लोगों की मौत

अफगानिस्तान की सरकारी मीडिया के अनुसार, इस भूकंप में करीब एक हजार लोग मारे गए हैं। हालांकि, यूनाइटेड नेशंस ने पक्तिका और खोस्त प्रांतों में भूकंप के कारण करीब 770 लोगों के मारे जाने का अनुमान लगाया है। सैकड़ों अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिस कारण अधिकारियों ने आगाह किया है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। 23 जून को भी शवों को मलबे से निकालने का काम जारी था।

## उत्तर कोरिया ने तनाव के बीच अग्रिम मोर्चे के सैनिकों के लिए नयी कार्ययोजना को मंजूरी दी



**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने ''विरोधी ताकतों'' से निपटने के लिए अग्रिम मोर्चे के सैनिकों के कामों में एक ''अहम सैन्य कार्य योजना'' शामिल करने और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का फैसला किया है। सरकारी मीडिया की शुक्रवार को जारी खबर के अनुसार, सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण बैठक में अग्रिम मोर्चे के सैनिकों के कामों में एक ''अहम सैन्य कार्य योजना'' शामिल करने और परमाणु क्षमता को मजबूत करने का फैसला किया। उत्तर कोरिया ने हालांकि अग्रिम मोर्चे की सेना इकाइयों के लिए नए अभियानगत कामों को ब्योरा नहीं दिया, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि हो सकता है कि देश प्रतिद्वंद्वी देश दक्षिण कोरिया के साथ लगती सीमा पर परमाणु हथियार तैनात करने की योजना बना रहा हो। उत्तर कोरिया की 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार, सैन्य आयोग की तीन दिवसीय बैठक के दौरान किम ने देश की सैन्य ताकत को मजबूत करने और विरोधी ताकतों से निपटने के लिए '' आत्मरक्षा संबंधी क्षमताओं को मजबूत करने'' की योजना पर काम करने आह्वान किया। यह बैठक बृहस्पतिवार को सम्पन्न हुई।

## बंदूक हिंसा पर रोक लगाने से जुड़ा विधेयक अमेरिकी सीनेट में पास, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने चौंकाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका संसद ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने से उद्देश्य से पेश किए गए विधेयक को मंजूरी दे दी है। यूएस में पिछले कुछ समय में हुई सामूहिक गोलीबारी की कई घटनाओं के मद्देनजर इसे लाया गया है। अब यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। देश में बंदूक हिंसा के खिलाफ उठाया गया सांसदों का पिछले कुछ दशकों में यह सबसे बड़ा कदम है।

रिपब्लिकन पार्टी हथियारों की बिक्री पर रोक लगाने के डेमोक्रेटिक प्रयासों को वर्षों से बाधित कर रही थी, लेकिन न्यूयॉर्क और टेक्सास में हुई गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी के अलावा कुछ रिपब्लकिन सांसदों ने इस बार फैसला किया कि इस संबंध में संसद की निष्क्रियता अब स्वीकार्य नहीं है। दो सप्ताह तक चली बातचीत के बाद दोनों दलों के सांसदों के एक समूह ने यह विधेयक पेश करने संबंधी समझौता किया, ताकि इस प्रकार का रक्तपात देश में दोबारा नहीं हो।



### बंदूक खरीदारों की उम्र को लेकर होगी जांच

13 अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की जांच कड़ी की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य व हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी।

### BJD के बाद द्रौपदी के समर्थन में आए जगन

इस विधेयक को सीनेट में 33 के मुकाबले 65 मतों से पारित किया गया। विधेयक पारित करने के लिए 60 मतों की आवश्यकता थी। इसके समर्थन में डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी 50 सदस्यों व निर्दलयीय समर्थकों के अलावा रिपब्लिकन पार्टी के 15 सदस्यों ने मतदान किया। प्रतिनिधि सभा में इस पर शुक्रवार को मतदान होने की संभावना है और वहां इस विधेयक का पारित होना तय माना जा रहा है।

### SC ने बंदूक रखने के अधिकारों क दायरा बढ़ाया

वहीं, बंदूक रखने के अधिकारों को विस्तारित करते हुए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अमेरिकियों को आत्मरक्षा के लिए सार्वजनिक रूप से हथियार रखने का अधिकार है। यह फैसला हाल में सामूहिक गोलीबारी की घटनाओं के बाद आया है। अदालत का यह फैसला अंततः और अधिक लोगों को न्यूयॉर्क, लॉस एंजिलिस व बोस्टन समेत अमेरिका के बड़े शहरों और अन्य जगहों की सड़कों पर कानूनन हथियार लेकर चलने की अनुमति देगा। अमेरिका की एक चौथाई आबादी उन राज्यों में रहती है जहां यह व्यवस्था प्रभावी होगी। यह एक दशक से भी अधिक समय में किसी उच्च अदालत का पहला हथियार संबंधी निर्णय है जिसमें न्यूयॉर्क के एक प्रतिबंधात्मक बंदूक कानून को रद्द कर दिया गया, जो हथियार संबंधी अधिकारों के लिहाज से बड़ी व्यवस्था है।

## बहुत कठिन है डगर पनघट की, बोले पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि देश में अभी और मुश्किल वक्त आ सकता है कि क्योंकि हम मौजूदा आर्थिक संकट से निकलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इमरान खान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार द्वारा वादों को तोड़े जाने का कारण अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा एक रुके हुए सहायता कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के लिए मुश्किल कदम उठाने पड़े हैं।

### सत्ता में आने के बाद शहबाज ने दिया IMF पर जोर

शहबाज शरीफने बताया है कि 2019 में इमरान खान सरकार द्वारा [illegible] के साथ 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एक समझौता किया गया था लेकिन सरकार गिरने के बाद इसे सस्पेंड कर दिया गया था, लेकिन हम इसे वापस से ट्रैक पर ले आए हैं। शहबाज सत्ता में आने के बाद से ही IMF कार्यक्रम को फिर से शुरू करने को तवज्जो दी क्योंकि उन्हें लगता है कि इसके जरिए कई जगहों से आसानी से कर्ज के रास्ते खुल जाएंगे।

### रातों-रात नहीं सुधरेगी पाकिस्तान की इकॉनमी

कई दौर की बैठकों के बाद 21 जून को पाकिस्तान और IMF ने एक समझौते पर साइन किया है। पाकिस्तान सरकार को इससे उम्मीद है कि इससे पाकिस्तान की इकॉनमी को जरूरी मदद मिलेगी। शहबाज ने कहा है कि एक समझौते हो जाने से रातों-रात पाकिस्तान की इकॉनमी नहीं सुधर जाएगी। लेकिन हमें अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना होगा। हाल ही में पाकिस्तान से 2.13 बिलियन डॉलर का कर्ज चीन से लिया है। शहबाज शरीफने इसके लिए चीन को ध्यानवाद दिया लेकिन इसके साथ ही यह भी कहा कि चीन और सऊदी अरब जैसे देश हमारी मदद के लिए कब तक आएंगे? अगर हम खुद में सुधार लाते हैं तो पाकिस्तान का भाग्य बदल जाएगा।

## इजरायल से बढ़ते टकराव के बीच ईरान ने मोहम्मद काजमी को बनाया IRGC प्रमुख

**ईरान।** ईरान ने अपने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की शक्तिशाली खुफिया सेवा का नेतृत्व करने के लिए नया कमांडर नियुक्त किया है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक मोहम्मद काजमी को हुसैन ताएब की जगह नया प्रमुख बनाया गया है। काजमी इससे पहले [illegible] की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट इंटेलिजेंस प्रोटेक्शन ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख थे। सरकार ने हुसैन ताएब को हटाए जाने की वजह नहीं बताई है लेकिन ऐसी रिपोर्ट्र्स आई हैं की उन्हें उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है हालांकि ईरानी अधिकारियों ने इसे लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है। ताएब को ऐसे वक्त में हटाया गया है जब उनका नाम तुर्की में इजरायली पर्यटकों को मारने या अपहरण के पीछे की कोशिश में आया है।



**इजरायल और ईरान आमने-सामने :** हाल के दिनों में IRGC के कई अधिकारियों की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई है। ईरानी अधिकारियों का मानना है कि इन हत्याओं के पीछे इजरायल का हाथ है। इसके साथ ही पिछले 2 साल में ईरान परमाणु कार्यक्रम के टॉप वैज्ञानिकों की भी हत्या हुई और इसके पीछे इजरायल का हाथ बताया जा रहा है। सीरिया में ईरानी ठिकानों पर इजरायली हमले को लेकर भी दोनों देशों के बीच विवाद गहराता जा रहा है।

### ईरान परमाणु समझौता ठंडे बस्ते में!

2018 में अमेरिका द्वारा 2015 ईरान समझौते को एकतरफा छोड़े जाने के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ता गया है। इसके बाद से ईरान पर कठोर प्रतिबंध लगे हुए हैं। मामला तब और बिगड़ गया था जब अमेरिका ने कुद्स फोर्स के प्रभावशाली कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या कर दी थी।

### इजरायल ने दी थी ईरान को चेतावनी

इजरायल सरकार ने अपने नागरिकों से इस्तांबुल, तुर्की के लिए उड़ान नहीं भरने की अपील की थी। इजरायल के विदेश मंत्री याया लैपिड ने एक बयान में कहा था कि अगर कोई इजरायली नागरिक इस्तांबुल में हैं तो जल्द से जल्द इजरायल लौट जाएं। उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर कोई किसी इजरायली को किसी तरह से नुकसान पहुंचाएगा तो हम उसे नहीं छोड़ेंगे। इजरायल उन्हें दुनिया के किसी भी कोने से पकड़ लेगा।

## सू ची को नए जेल के कक्ष में अकेले रखा गया है : म्यांमा

**बैंकॉक।** म्यांमा की सैन्य सरकार ने बृहस्पतिवार को पुष्टि की कि अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को जेल परिसर में अन्य बंदियों से अलग एक क्वार्टर में ले जाया गया है। सू ची को 1 फरवरी, 2021 को उनकी निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट करने के बाद सेना द्वारा गिरफ्तार किया गया था। शुरुआत में उन्हें राजधानी नेपीता में उनके आवास पर रखा गया था, लेकिन बाद में उन्हें एक अन्य स्थान पर ले जाया गया। पिछले एक साल से, उन्हें नेपीता में एक अज्ञात स्थान पर रखा गया है, जिसे आमतौर पर एक सैन्य अड्डा माना जाता है। सत्तारूढ़ सैन्य परिषद के प्रवक्ता मेजर जनरल ज़ॉ मिन तुन ने पत्रकारों को एक संदेश में पुष्टि की कि सू ची को बुधवार को नेपीता की मुख्य जेल में ले जाया गया, जहां उन्हें अच्छी परिस्थितियों में अन्य कैदियों से अलग रखा जा रहा है। उनके स्थानांतरण की खबर बुधवार को आई थी लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई थी।



उन्होंने कहा कि सू ची को पहले ही कई मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है और उन्हें कानून के अनुसार जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। सू ची की अदालती कार्यवाही से परिचित एक कानूनी अधिकारी ने कहा कि उन्हें तीन महिला पुलिसकर्मियों के साथ एक नवनिर्मित इमारत में रखा जा रहा है। इन महिला पुलिसकर्मियों का दायित्व उनकी सहायता करना है। उनके मामलों के बारे में जानकारी देने के लिये अधिकृत नहीं होने के कारण अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि उनके चल रहे मामलों में सुनवाई भी जेल में ही निर्मित एक अन्य नई सुविधा में होगी।

## कर्ज जाल में फंसा पाकिस्तान, ड्रैगन को बेचेगा गिलगित-बाल्टिस्तान

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आर्थिक तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान दिन पर दिन कर्ज में डूबता जा रहा है। हालात इतने बुरे हो गए हैं कि अब पाकिस्तान को अपनी कीमती चीजों को बेचना पड़ा है। दूसरी ओर पाकिस्तान लगातार चीन से कर्ज ले रहा है। 22 जून को भी पाकिस्तान ने चीन से 22.2 मिलियन डॉलर का कर्ज लिया है। रिपोर्ट्र्स की माने तो अब चीन से बढ़ते कर्ज का भुगतान करने के लिए पाकिस्तान पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के गिलगित और बाल्टिस्तान क्षेत्र को चीन को सौंप सकता है। पाकिस्तान ने जहां चीन से 23 लाख डॉलर का अतिरिक्त कर्ज लिया, वहीं चर्चा है कि कर्ज का भुगतान करने के लिए वह अपने कब्जे वाले कुछ इलाकों को पट्टे पर चीन को दे सकता है। अल अरबिया पोस्ट से बात करते हुए काराकोरम नेशनल अध्यक्ष मुमताज नगरी नेता को डर ने आशंका जताई है कि पाकिस्तान गिलगित-बाल्तिस्तान इलाका चीन को सौंप सकता है। बता दें कि गिलगित-बाल्तिस्तान क्षेत्र पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। जानकारों का मानना है कि अगर पाकिस्तान गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र को चीन को सौंपता है तो तो ये ड्रैगन के लिए वरदान साबित होगा। क्षेत्र चीन के लिए अहम इसलिए भी है क्योंकि यह उसके महत्वकांक्षी पाकिस्तान चाइना इकोनॉमिक कॉरिडोर के साथ लगता है। बीते दिनों भारत की तरफसे कहा गया कि चीन और पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आए और अवैध कब्जे वाले इलाके में अपनी गतिविधियां रोके। इसके साथ ही सीपैक परियोजना को लेकर भी भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफसे कहा गया था कि ये भारतीय क्षेत्र में हो रही हैं, इसे रोका जाना चाहिए। वहीं खबरों की माने तो इस कदम से इस्लामाबाद को एक मोटी रकम मिल सकती है।




## बीआईएस ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी के लिए मानक जारी किए




**नयी दिल्ली.** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी के 'प्रदर्शन' के लिए जरुरी मानक जारी किए हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीआइएस ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी के प्रदर्शन के लिए जरुरी मानकों को जारी किया है। अधिकारी ने कहा कि लिथियम-आयन ट्रैक्शन बैटरी पैक और और बिजली से चलने वाले वाहनों की प्रणाली के लिए के लिए 'आईएस 17855: 2022' तैयार किया गया है और इसे आईएसओ 12405-4: 2018 के अनुरूप स्थापित किया गया है। अधिकारी के अनुसार, नए मानकों में बैटरी पैक और प्रणाली के लिए प्रदर्शन, विश्वसनीयता और विद्युत कार्यक्षमता की बुनियादी विशेषता की परीक्षण प्रक्रिया शामिल है।

## रूस से तेल आयात 50 गुना बढ़ा, कुल आयात में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हुईः अधिकारी

**नयी दिल्ली।** भारत के रूस से कच्चे तेल का आयात अप्रैल से अब तक 50 गुना से अधिक बढ़ गया है और कुल आयातित तेल में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन-रूस युद्ध से पहले भारत द्वारा आयात किए जाने वाले तेल में रूस की हिस्सेदारी सिर्फ 0.2 प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''अप्रैल में भारत के तेल आयात में रूस की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह अब शीर्ष 10 आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।'' रूसी तेल का 40 प्रतिशत निजी कंपनियों - रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी ने खरीदा है। पिछले महीने भारत के दूसरे सबसे बड़े तेल आपूर्तिकर्ता के रूप में रूस ने सऊदी अरब को पीछे छोड़ दिया। रूस ने भारत को भारी छूट के साथ कच्चे तेल की पेशकश की है। भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने मई में करीब 2.5 करोड़ बैरल रूसी तेल खरीदा।



## उड़ान के लिए टीम तैयार करने में जुटी Jet Airways एयरलाइन, शेयर की बढ़ी खरीदारी

**नई दिल्ली।** तीन साल बाद एक बार फिर विमानन कंपनी जेट एयरवेज, उड़ान को तैयार है। इसके लिए जेट एयरवेज ने नियुक्तियां शुरू कर दी है। इसके साथ ही अपने केबिन क्रू के पूर्व सदस्यों को एयरलाइन में लौटने को कहा। फिलहाल एयरलाइन ने केवल महिला क्रू सदस्यों को ही वापस बुलाया है। आपको बता दें कि कर्ज की वजह से जेट एयरवेज ने साल 2019 में उड़ान सेवाएं रोक दी थी। इसके बाद कंपनी दिवालिया प्रक्रिया से गुजरी और अब जालान-कलरॉक कंसोर्टियम जेट एयरवेज का प्रमोटर है। क्या कहा सीईओ नेः एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव कपूर ने ट्वीट किया, ''हमारी परिचालन नियुक्तियां शुरू हो गई हैं जिसमें हमने जेट के पूर्व कर्मियों को वापस बुलाया है। आने वाले दिनों में पायलट और इंजीनियरों की नियुक्तियां शुरू करेंगे। आपको बता दें कि विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 मई को एयरलाइन को कॉमर्शियल उड़ान बहाल करने की इजाजत दी थी। एयरलाइन की कॉमर्शियल उड़ान जुलाई-सितंबर तिमाही में शुरू हो सकती है। शेयर का भावः जेट एयरवेज के शेयर का भाव 98 रुपये के स्तर पर है। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर की कीमत 1.14 फीसदी बढ़ गई है। कंपनी का मार्केट कैपिटल 1,107 करोड़ रुपये के स्तर पर है। 26 मई को शेयर की कीमत 137.60 रुपये के स्तर पर थी, जो 52 सप्ताह का हाई लेवल है।



## बैंक संगठनों ने 27 जून को प्रस्तावित हड़ताल टाली

**नयी दिल्ली।** बैंक कर्मचारी संगठनों ने 27 जून को होने वाली अपनी हड़ताल टाल दी है। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के मांगों को लेकर बातचीत शुरू करने पर सहमति जताने के बाद संगठनों ने यह निर्णय किया है। '

ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कॉन्फेडरेशन (एआईबीओसी), ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉयज एसोसएिशन (आईबीईए) और नेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स (एनओबीडब्ल्यू) समेत नौ बैंक यूनियनों के संयुक्त मंच यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) ने पेंशन संबंधित मुद्दों और एक सप्ताह में पांच कार्य दिवस की मांग को लेकर हड़ताल पर जाने की धमकी दी थी। मुख्य श्रम आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटचलम ने बताया कि आईबीए के साथ समझौते के अनुसार, इन लंबित मुद्दों पर बातचीत एक जुलाई से शुरू होगी। इसके अलावा बैंक यूनियनों ने सभी पेंशनभोगियों के लिए नयी और संशोधित पेंशन योजना लागू करने के साथ राष्ट्रीय पेंशन योजना को हटाने तथा सभी बैंक कर्मचरियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की भी मांग की है।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने वन विकास निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का लोकार्पण किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




नवा रायपुर के सेक्टर 26 में 5 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया गया है 5 मंजिला भवनमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का लोकार्पण किया। नवा रायपुर के सेक्टर 26 में 5 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया गया है 5 मंजिला भवन नवा रायपुर के सेक्टर 26 में 5 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया गया है 5 मंजिला भवन मुख्यमंत्री निवास में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने लोकार्पण किया। इस भवन में ट्रांजिट हॉस्टल और कम्युनिटी हॉल भी बनाया गया है मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर के लोकार्पण के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दिए बधाई और शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को वनमंत्री मोहम्मद अकबर और छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह ने राज्य वन विकास निगम के लाभांश एवं लीज रेंट की दो करोड 10 लाख रुपए की राशि का चेक भेंट किया। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी, राज्य वन विकास निगम के प्रबंध संचालक पी.सी. पाण्डेय भी इस अवसर पर उपस्थित हैं।

# गौतम अदाणी के जन्म दिवस पर रक्तदान जागरकता के लिए शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com




अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के साठ वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 24 जून को भारत के साथ साथ विदेशों में भी स्थित समूह के सभी संस्थानों में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में अदाणी समूह के रायपुर, सरगुजा, रायगढ़ जिले में स्थित सभी परियोजनाओं में विशेष रक्त दान शिविर लगाये और साथ ही रक्त दान से सम्बंधित भ्रंतियां को दूर करने का भी प्रयास किया गया। अदाणी समूह द्वारा यह एक प्रयास है समाज में एक दूसरे की मदद करने की तत्परता को उजागर करने का। जिनमें रायगढ़ जिले के दो विकासखंड तमनार और पुसौर में स्थित क्रमशः गारे पाल्मा-3 कोलियरी लिमिटेड (जीपी-3सीएल) के एमडीओ अदाणी समूह और रायगढ़ एनर्जी जनरेशन लिमिटेड (आरईजीएल) द्वारा एक दिवसीय विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन खदान परिसर तथा सयंत्र परिसर में किया गया। आज गुरूवार 24 जून को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलाये जा रहे एक दिवसीय शिविर में जीपी-3सीएल कोल माइंस, मिलूपारा और आरईजीएल, छोटेभंडार में कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ कार्यरत बड़ी संख्या में कांट्रैक्टर्स, वेंडर्स, माइन वर्कर्स एवं ग्रामीणों के द्वारा रक्त दान किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्त दान के बारे में मिथकों को तोड़ना तथा रक्त दान के संबंध में जागरूकता फैलाते हुए लोगों को नियमित रूप से रक्त दान करने के लिए प्रेरित करना है। दोनों विकासखंडों में अलग-अलग आयोजित रक्त दान शिविरों का शुभारंभ क्रमशः जीपी-3सीएल में के के दुबे क्लस्टर हेड-आईआर, विपिन सिंह माइंस हेड, द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

## मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। बघेल ने कहा है कि वीरांगना दुर्गावती का साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने किसी के आगे घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता की एक नई इबारत लिखी।

## ब्रह्माकुमारी ओम राधे की पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी ओम राधे (मातेश्वरी) की 57 वीं पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विधानसभा रोड पर स्थित शान्ति सरोवर में एक सादे समारोह में मातेश्वरी जी के चित्र पर फूल चढ़ाकर क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने मातेश्वरी जी के जीवन से सम्बन्धित संस्मरण सुनाकर सभी को उनके द्वारा बतलाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। सभा में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, किरण दीदी, ब्रह्माकुमारी उमा दीदी, भूमिका एवं वनिषा सहित सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403